राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 गति वही है, केवल हमारी भूमिकाएं बदल गई हैं : मुख्यमंत्री फडणवीस....

तेलंगाना सरकार का लक्ष्य महिला स्वयं सहायता समूहों की एक करोड़ सदस्यों को करोड़पति बनाना : रेड्डी.... 12

वर्ष : 12 | अंक : 233 | पटना, शनिवार, 07 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 25.0°C
न्यूनतम तापमान 18.0°C

**बाजार**

सोना 77,670
चांदी 92,000
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

# सीएम नीतीश ने पटना पुस्तक मेला का किया उद्घाटन, कई स्टॉल का लिया जायजा

## गांधी मैदान में आयोजित पुस्तक मेला 17 दिसम्बर तक चलेगा

प्रात : किरण

पटना। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शुक्रवार से पटना पुस्तक मेला का आगाज हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक मेला का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेला में विभिन्न प्रकाशनों द्वारा लगाये गये स्टॉल का जायजा लिया। सेंटर फॉर रीडरशिप डेवलपमेंट के तत्वावधान में लगाया गया पटना पुस्तक मेला 6 से 17 दिसम्बर तक चलेगा। पटना पुस्तक मेला में इस बार की थीम पेड़, पानी, जिंदगी, पर्यावरण बदलो अभी रखा गया है। पुस्तक मेला में लगायी गयी पेंटिंग प्रदर्शनी तथा विकसित भारत @ 2047 फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का फीता काटकर मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। पुस्तक मेला के आयोजक मंडल ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं पुस्तक भेंटकर स्वागत किया। पटना पुस्तक मेला प्रांगण में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक



कुमार सिंह ने स्टॉल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा लोगों को विशेष भू-सर्वे के संबंध में दी जा रही सेवाओं एवं सहूलियत के संबंध में दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। पुस्तक मेला परिभ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल और हरियाली सुरक्षित रहेगा, तभी जीवन सुरक्षित होगा क्योंकि जल और हरियाली के बीच ही जीवन संभव है। इसको लेकर हमलोगों ने वर्ष 2019 में जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की थी।

### ये रहें मौजूद

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर पद्मश्री आरके सिन्हा, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित पटना पुस्तक मेला के आयोजक मंडल एवं बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी उपस्थित थे।

# संसद में सोरोस मुद्दे और नोटों की गड्डी मिलने पर हंगामा

## दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद में शुक्रवार को सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से संबंध होने और उन पर देश की सरकार और संसद को अस्थिर करने के आरोपों और राज्यसभा में विपक्षी सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के समीप 500 रुपए के नोट की गड्डी मिलने को लेकर विपक्षी पार्टी पर हमला बोलते हुए हंगामा किया, जिसके कारण दोनों सदनों में कामकाज बाधित रहा। हंगामे के कारण जहां लोकसभा को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बजकर दस मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा में भोजनावकाश से पहले का कामकाज लगभग सामान्य ढंग से



चलने के बाद गैर सरकारी कामकाज नहीं हो पाया। भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बृहस्पतिवार को उच्च सदन में नोटों की गड्डी मिलने के मामले में कांग्रेस से जवाब मांगते हुए हंगामा कर रहे थे और इसके कारण बैठक को दोपहर दो बजकर चार मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने शून्यकाल में सदन को सूचित किया कि बृहस्पतिवार को उच्च सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद एंटी सेबोटाज टीम को नियमित जांच के दौरान कांग्रेस के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिली। सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिंघवी ने राज्यसभा में उनकी सीट से 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिलने की बात पर हैरानी जताई और कहा कि इस तरह के मामलों पर राजनीति होना हास्यास्पद है। उन्होंने यह भी कहा कि वह सदन में जाते हैं तो उनके पास 500 रुपये का एक नोट होता है और अगर सुरक्षा से जुड़ा कोई विषय है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल ने भाजपा के निशिकांत दुबे द्वारा कल कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी पर लगाये गये आरोपों से जुड़े विषय को उठाने का प्रयास किया, हालांकि आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। इसके बाद कांग्रेस सदस्यों ने भारी विरोध शुरू कर दिया। बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से सदन की मयार्दा और गरिमा बनाए रखने की अपील की। हंगामा थमते न देख उन्होंने सदन की कार्यवाही शुरू होने के एक मिनट के भीतर दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। राज्यसभा में शून्यकाल शुरू होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को सूचित किया कि बृहस्पतिवार को उच्च सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद एंटी सेबोटाज टीम को नियमित जांच के दौरान कांग्रेस के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिली। इसे लेकर कुछ देर सदन में हंगामा हुआ और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्यों में तीखी नोकझोंक भी हुई। धनखड़ ने सदन को अवगत कराया कि सीट संख्या 222 के पास मिली नोटों की गड्डी पर आज सुबह तक जब किसी ने दावा नहीं किया तो उन्होंने सदन की परिपाटी का पालन करते हुए इसकी जांच सुनिश्चित की।

# मखाना की खेती से 50 हजार किसानों को जोड़ेगी सरकार : डिप्टी सीएम

## पहली बार बिहार से बाहर बेंगलूरू में मखाना महोत्सव का आयोजन

प्रात : किरण

बंगलुरु/पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मखाना को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। शुक्रवार को बंगलुरू के किंग्स कोर्ट पैलेस ग्राउण्ड में कृषि विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय मखाना महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मखाना को जी आई टैग मिल गया है और बिहार सरकार मखाने की खेती और प्रोसेसिंग से जुड़े लोगों को अधिक-से-अधिक आर्थिक लाभ दिलाने के लिए तत्पर है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने महोत्सव में आये व्यापारियों, निर्यातकों से बिहार आकर मखाना प्रसंस्करण इकाइयाँ लगाने की अपील की, ताकि इस सुपर फूड के बढ़ते घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य में मखाना प्रसंस्करण उद्योग लगाने वालों को बिहार सरकार अनुदान देती है। प्रोत्साहन नीति के तहत व्यक्तिगत निवेशकों के लिए पंद्रह प्रतिशत, तो किसान उत्पादक संगठन के लिए 25 प्रतिशत तक की आर्थिक मदद की जा रही है।

### मखाना को वैश्विक पहचान दिलाने में सहयोग दे रहा केंद्र : मंगल

इस अवसर पर कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि बिहार की मिट्टी की जैव विविधता एवं विशिष्ट जलवायु मानव हितार्थ अनेक फसलों को फलने-फूलने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती है। प्राचीन काल से मखाना का उपयोग स्वास्थ्यप्रद भोजन एवं धार्मिक अनुष्ठान में शुभ-सामग्री के रूप में किया जाता रहा है। बिहार, भारत में मखाना का शीर्ष उत्पादक राज्य है। मखाना फसल आजीविका सृजन, मूल्यवर्द्धन, विपणन और निर्यात प्रोत्साहन के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। श्री पाण्डेय ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत 06 जिलों यथा दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सहरसा, कटिहार एवं अररिया में मखाना उत्पाद नामित है। मखाना के आर्थिक महत्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के द्वारा मखाना विकास योजना का संचालन 2019-20 से किया जा रहा है,



राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 07 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की दी गई श्रद्धांजलि

दानापुर खगौल शुक्रवार को रेल मंडल कार्यालय के प्रांगण में भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया, इस अवसर पर जयंत कुमार चौधरी, मंडल रेल प्रबंधक तथा उपस्थित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंली अर्पित कर श्रद्धान्जलि दी गयी।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक बाबा साहब के राष्ट्र निर्माण एवं संविधान के निर्माण के योगदान को याद किये और बताया कि बाबा साहब का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा है कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य सभी शाखा अधिकारी व रेलकर्मी तथा एस.सी. एस.टी. एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।वहीं कार्यक्रम का संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार को लेकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत व्यवहार न्यायालय मे 14 दिसंबर को तालुका विधिक सेवा समिति के द्वारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार को लेकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव सुमित कुमार प्रचार वाहन को झंडा दिखा रवाना किया। ये प्रचार वाहन गांव गांव में जाकर राष्टीय लोक अदालत के बार में प्रचार प्रसार कर लोगो को जानकारी देगी। जिससे लोग 14 दिसंबर को व्यवहार न्यायालय में होने राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर अपनी समस्या का निदान पा सकेगे। इसके साथ ही समिति के सचिव प्रकोष्ठ में अधिवक संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव विशेष लोक अभियोजक सह अनुशासन समिति के सदस्य शिव कुमार यादव बैठक कर अधिवक्ताओ और पक्षकारों से लोक अदालत को सफल बनाने एवं इसका लाभ उठाने एवं सुलहनिय व शमनीय ट्रायल मुकदमो को अधिक से अधिक निष्पादन कराने की अपील की गयी।

### राधा कृष्ण ठाकुरवारी मे राम व सीता का विवाह का आयोजन किया

दानापुर। नगर के अंतर्गत राधाकृष्ण ठाकुरवारी में विवाह पंचमी पर श्री राम व सीता का विवाह का आयोजन किया गया। ठाकुरवारी में श्रीराम विवाह को लेकर विशेष रूप से साज सज्जा के साथ तैयारी की गयी थी। पुजारी अखिलेश झा उर्फ गोलू, आसुतोष व अर्णव झा ने विवाह सम्पन्न कराया। वैदिक मंत्रोच्चार व मंगलगीत के साथ पुरे विधिविधान से श्री राम सीता का विवाह सम्पन्न कराया गया। इससे पूर्व श्री राम व सीता जी का विशेष श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम में महिला श्रद्धालुओ ने वैवहिक मंगलगीत से एक अलग छटा बिखेड दी थी। कार्यक्रम के अंत में विशेष आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

### श्रीराम-जानकी विवाह को लेकर निकली भव्य बारात और शोभा यात्रा

फतुहा। शुक्रवार को शहर के दरियापुर स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में श्रीराम-जानकी विवाह को लेकर शहर में भव्य बारात और शोभा यात्रा निकाली गयी। पूरा शहर जय श्रीराम के नारो से गूंज उठा। बारात और शोभा यात्रा में हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं ने डीजे पर नृत्य किया। मौके पर राम -जानकी मंदिर के मंहथ राम सुंदर शरण, टुनटुन यादव, अरविंद यादव, मुन्ना सिंह, विजय वत्स, अभय सिंह, मिथलेश सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, दयानंद कपूर, अरविंद पटवा, शारदा देवी, रंजना पटवा, सुनीता पासवान, पिंकी साहु, बेबी देवी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। वही रामजानकी मंदिर सम्मसपुर महंथ जयराम दास एवं साधु संतो ने बारात का स्वागत किया। जहां सच्चितानंद यादव, पारसनाथ यादव, गोपाल शर्मा, शिवशंकर यादव, टीपू सिंह, भूषण प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### छड़ व्यवसायी की गोली मारकर कर दी हत्या

फतुहा। बीते रात्रि अपराधियों ने गुरुवार की देर रात सीमेंट एवं छड़ व्यवसायी को घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी। घटना नदी थाना क्षेत्र के मौजीपुर की है। मृतक की पहचान उदय यादव (45) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। फतुहा पुलिस अनुमंडल में महज 18 घंटे में दूसरी हत्या से लोगों में खौफ का माहौल है।

# 12 दिवसीय पटना पुस्तक मेला में "फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान" का मुख्यमंत्री ने किया उदघाटन

## विकसित भारत 2047 और वेव्स पर केन्द्रित है फोटो प्रदर्शनी

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से ह्वविकसित भारत @ 2047 - विकसित भारत के पथ पर अग्रसरह्व और वेव्स विषय पर शुक्रवार (06 दिसंबर) से गांधी मैदान पटना में आयोजित पटना पुस्तक मेला में 12दिवसीय ह्वफोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियानह्व का उदघाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सराहा।

मौके पर सीबीसी-पीआईबी पटना के कार्यक्रम प्रमुख सह उपनिदेशक संजय कुमार ने प्रदर्शनी के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की महत्वकांक्षि योजनाओं जैसे विश्वकर्मा योजना योजना, आयुष्मान कार्ड आदि के बारे में फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से विस्तार से बताया। साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। प्रसार भारती ने वेव्स को लॉन्च किया है जिसमें 12 भाषाओं में 65 से ज्यादा लाइव चैनल फिल्में गेम और लाइव इवेंट शामिल हैं। श्री कुमार ने कहा कि इस फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी तबकों को केंद्र की योजनाओं से जोड़ना है ताकि लोग सरकारी योजना का लाभ उठा सकें।

बाद में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमरेन्द्र मोहन और नवल झा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जानकारी दी जायेगी साथ ही मनोरंजन भी किया जायेगा। मौके पर प्रतिदिन प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा और विजेता को पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## फोटो-घोंसला-दाना घर की लगी प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन

### संजय कुमार ने मौके पर जल जीवन हरियाली पुस्तक की भेंट



पटना। गाँधी मैदान पटना में 6-17 दिसंबर तक आयोजित पटना पुस्तक मेला 2024 में हमारी गौरैया एवं एनवायरनमेंट वारियर्स, पटना, बिहार की ओर से गौरैया संरक्षण सह जागरूकता अभियान को लेकर फोटो-घोंसला-दाना घर की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।पुस्तक मेला के उदघाटन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गौरैया प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। मौके पर गौरैयाविद संजय कुमार ने मुख्यमंत्री को अपनी पुस्तक जल-जीवन-हरियाली भेंट की । पुस्तक का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जल है, हरियाली है तो जीवन सुरक्षित है।उन्होंने कहा कि मैंने ही इस अभियान को दिया है। बाद में संजय कुमार ने बताया कि बिहार की घर आंगन में चहकने-फुदकने वाली राजकीय पक्षी गौरैया विलुप्त हो रही है इसकी घर गौरैया को लेकर संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी उद्देश्य से फोटो-घोंसला-दाना घर की प्रदर्शनी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि बढ़ते शहरीकारण, व्यवहार परिवर्तन, कीटनाशक का बढ़ता प्रयोग,आहार की कमी सहित कई कारणों से गौरैया की संख्या में कमी आ रही है ऐसे में प्रदर्शनी के दौरान लोगों से दाना पानी कृत्रिम घोंसला एवं पेड़ लगाने की अपील की जाएगी। एनवायरनमेंट वारियर्स के अध्यक्ष निशांत रंजन ने बताया कि गौरैया के महत्व, संरक्षण की आवश्यकता, महत्वपूर्ण पहल, प्रोजेक्ट चहचहाहट आदि के विषय में विस्तार से प्रदर्शनी के दौरान लोगों को बताया जायेगा ताकि लोग संरक्षण पहल से जुड़े। मौके पर एनवायरनमेंट वारियर्स की अदिति रॉय, दिग्विजय कुमार, ऋषि आदि मौजूद रहे।

# इंडियन सोसाइटी ऑफ कावासाकी डिजीज का 7 वां राष्ट्रीय सम्मेलन एम्स में होगा आयोजित




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना का बाल रोग विभाग 7 से 8 दिसंबर को एम्स पटना द्वारा इंडियन सोसाइटी ऑफ कावासाकी डिजीज का 7 वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। यह पहली बार है कि कावासाकी रोग का राष्ट्रीय सम्मेलन बिहार में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में जापान से डॉ मामोरू अयुसावा और सुश्री त्सुबुरा कावासाकी की उपस्थिति होगी।

साथ ही सम्मेलन में देश भर के प्रमुख राष्ट्रीय बाल रोग विशेषज्ञ और प्रशिक्षु भाग लेंगे। यह सम्मेलन डॉ प्रियंकर पाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है जो इंडियन सोसाइटी ऑफ कावासाकी डिजीज के अध्यक्ष हैं। इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन एम्स पटना के वर्तमान कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरव वार्ष्णेय के नेतृत्व में किया जा रहा है. एम्स पटना के बाल रोग विभाग की आयोजन टीम में डॉ चंद्र मोहन कुमार (विभागाध्यक्ष और प्रोफेसर), डॉ अरुण प्रसाद (प्रोफेसर), डॉ प्रताप पात्रा (अतिरिक्त प्रोफेसर), डॉ सिद्धनाथ सुधांशु डॉ प्रदीप कुमार, डॉ स्वर्णिम, डॉ. मनोज कुमार, और डॉ. पुनीत चौधरी शामिल हैं। कावासाकी रोग बच्चों में बुखार, शरीर पे दाने, लाल आँखें, लिम्फ नोड्स का सूजन और रक्त वाहिकाओं की सूजन का कारण बनने वाली बीमारी है। ह्रदय का प्रभावित होना आम बात है जो जटिलताओं का कारण बन सकता है और घातक भी हो सकता है। इस लिए शीघ्र और उचित उपचार महत्वपूर्ण है।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की आरओबी के प्रगति की समीक्षा



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। मुख्यालय, हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज एक उच्चस्तरीय बैठक में पथ निर्माण विभाग (बिहार) के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह तथा बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारी के साथ बिहार राज्य में निमार्णाधीन/प्रस्तावित सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) की कार्य प्रगति/अद्यतन स्थिति की समीक्षा की । बैठक में बिहार राज्य के पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में निमार्णाधीन/प्रस्तावित आर.ओ.बी. पर विस्तृत चर्चा हुई । पूर्व मध्य रेल के अपर महापबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे । बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड और बिहार राज्य रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिहार राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में 28 ओर. ओ.बी. के लिए एमओयू पर सहमति हुई है ।

इनमें से 17 समपार पर निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ होगी । इसके अलावा 14 समपार फाटकों पर एप्रोच रोड बनाया जाना है, जिसका वर्क एवार्ड भी कर दिया गया है । इनमें से 05 आरओबी पर एप्रोच का कार्य पूरा किया जा चुका है जबकि शेष 09 पर कार्य जारी है । आर. ओ.बी. का निर्माण से संरक्षित रेल परिचालन एवं सुगम सड़क यातायात को सुनिश्चित होगा ।

# डंका इमली गोलंबर में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा की मांग को ले धरना

## गायघाट मरिन ड्राइव से सिटी व्यवहार न्यायालय होते बनवारी चौक से मुसल्लहपुर तक रोड निर्माण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




डंका इमली अंबेडकर गोलंबर पर जन संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना गोलंबर के पास ही दिया गया। इसमें डंका इमली अंबेडकर गोलंबर का जीर्णोद्धार कर गोलंबर में डॉ अंबेडकर साहेब की आदमकद प्रतिमा लगा कर सौंदर्यीकरण कराने और गायघाट मरिन ड्राइव से सिटी व्यवहार न्यायालय होते हुए नहर के किनारे का रोड शनिचरा पुल से बनवारी चौक, मुसल्लहपुर होते हुए भिखना पहाड़ी तक सड़क का जीर्णोद्धार करने की मांग की गई है। धरना एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह राजद के प्रदेश महासचिव प्रदीप मेहता और संचालन मोर्चा के महासचिव राजद नेता उमेश पंडित ने किया। श्री मेहता ने कहा कि डंका इमली गांधी सेतु के नीचे शेरशाह पथ पर लगभग 25 वर्षों से अधिक से गोलंबर में बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित थी, लेकिन पिछले दो वर्ष पूर्व गांधी सेतु से सटे पश्चिम वाला पुल का निर्माण होने लगा। तब पुल निर्माण कंपनी ने अंबेडकर गोलंबर को तोड़कर अपना निर्माण कार्य कर लिया है, तब से गोलंबर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। अंबेडकर की मूर्ति कुव्यवस्था का शिकार हो गया है। इसके 200 फीट दूरी पर बिहार जूडिशल एकेडमी और पटना सिटी व्यवहार न्यायालय अवस्थित है। मोर्चा धरना के माध्यम से सरकार से मांग करता है कि जिस प्रकार पटना हाईकोर्ट के पास डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा बना है, उसी तरह का बिहार ज्यूडिशल एकेडमी एवं पटना सिटी बिहार न्यायालय के पास डंका इमली अंबेडकर गोलंबर में उनकी आदमकद प्रतिमा लगाई जाए। साथ ही गायघाट मरिन ड्राइव से पटना सिटी व्यवहार न्यायालय होते हुए नहर के किनारे शनिचरा पुल बनवारी चौक, मुसल्लहपुर हाट होते हुए भिखना पहाड़ी तक सड़क का अविलंब जीर्णोद्धार करने की मांग की गई है। धरना पर बैठने वालों में मोर्चा के संरक्षक गिरिजा प्रसाद, डॉ एकबाल अहमद, राजद के प्रदेश महासचिव विनोद यादव, मोहम्मद जावेद, सुजीत कसेरा, देवरत्न प्रसाद, मुन्ना जायसवाल, रविंद्र प्रसाद सिन्हा, शैलेश यादव, मिथिलेश कुमार वर्मा, दशरथ प्रसाद केसरी, बबलू राम, अरुण सोनकर, अभय जायसवाल, रतन यादव, गुलाम सरवर आजाद, छोटू राज, भाई दिनेश पासवान, कांग्रेस नेत्री श्रीमती नीतू सिंह निषाद, अशोक निषाद, अरविंद प्रसाद, शमीम अख्तर, युवा राजद के महासचिव अजीत सिंह कुशवाहा, बबलू कुमार, पंकज रजक, कुमार बल्लभ यादव, राजेश रजक, पंकज कुमार, अरशद अली, रंजीत मेहता, मुन्ना मेहता, उदयन राय, राजेश कुमार दास, शंभू शरण सिंह, श्रवण मेहता, अधिवक्ता मनोहर लाल मेहता, गुंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

# बंद कमरे में चाचा-भतीजा की मौत बना रहस्य, एफएसएल टीम पहुंची





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के पूर्वी नंदगोला में रिश्ते में चाचा-भतीजा की मौत की खबर से इलाके में हड़कंप मच गई। दोनों मजदूरी का काम करते थे। इन दोनों की मौत की सूचना जैसे ही पुलिस को लगी, वैसे ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में लग गई। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि मृत दोनों चाचा और भतीजा बाढ़ के रहने वाले हैं। यहां पूर्वी नंदगोला में ये दोनों बबलू सिंह के मकान में बतौर किराएदार रहते थे। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष ने कहा कि बीती रात दोनों भोजन करने के बाद सोए थे। शुक्रवार को अपराह्न दोनों की मौत की खबर मिली। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि कोई जहरीला पदार्थ या जीव जंतु के काटने से उनकी मौत हुई हो।मृतक की पहचान बाढ़ के रहने वाले 40 साल का रवि कुमार दास और भतीजा करीब 20 साल का सोनम कुमार के रूप में की गई है। कारण कि शरीर पर कोई बाहरी जख्म नहीं था। वैसे जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने बताया कि कमरा इतना संकरा और बिना रोशनदान का था कि वहां जाना भी मुश्किल था। दोनो डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि दोनों की मौत किस कारण से हुई है। वहीं मृतक के भाई नवीन ने कहा कि उसे मृतक भाई के बेटे से यह खबर पता चली, जिसके बाद वह सब पहुंचे हैं। नवीन ने कहा कि अचानक हुई मौत आश्चर्य का विषय है। फिलहाल पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

# परछावन के बाद श्री राम की निकली बारात, बैंड की धुन पर झूमे

## धनुष टूटने के बाद वरमाला, मंगल गीत के साथ हुआ विवाह का रस्म



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विवाह पंचमी के अवसर पर श्री राम जानकी विवाह महोत्सव समिति द्वारा भगवान श्री राम की भव्य बारात मछरहट्टा गली स्थित श्री काले हनुमान मंदिर से बैंड बाजा के साथ निकली। रथ पर भगवान श्री राम विराजित थे और उनके साथ श्रद्धालुगण बाराती के रूप में महिलाएं एवं पुरुष की भीड़ देखते बन रही थी। सभी बाराती राम जी की लीला है न्यारी गीत के साथ झूमते हुए सिटी चौक, नाला पर, मारूफगंज, हाजीगंज, चौक, खाजेकलां होते हुए गुरहट्टा, बेलवरगंज के रास्ते मितन घाट के बक्शी मोहल्ला स्थित सीता मंदिर पहुंची। महोत्सव संयोजक डॉ अजय प्रकाश द्वारा भगवान श्रीराम सहित सभी देवी-देवताओं का पूजन किया गया। बारात निकलने से पूर्व श्री काले हनुमान मंदिर में पुजारी राजेश मिश्रा ने संस्थापक महासचिव विकास मौडीवाल, समिति अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा की उपस्थिति में परछावन भी कराया। श्री राम जी के बारात में रावण-हनुमान जी का युद्ध, भगवान श्री राम एवं लक्ष्मण जी द्वारा ताड़का वध के साथ ही अनेक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न स्थानों पर बारात का स्वागत एवं सम्मान समाजसेवियों द्वारा किया गया। बारात के सीता मंदिर पहुंचते ही समधी मिलन का रस्म किया गया। इसके बाद स्वयंवर का आयोजन किया गया। श्रीराम के द्वारा धनुष टूटने के प्रदर्शन के समय जय श्री राम, जय-जय सियाराम के नारे से मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके बाद भगवान श्री राम और सीता मैया एक-दूसरे को जयमाला पहनाए। फिर प्रसाद का वितरण किया गया। रात्रि में भव्यता के साथ पंडित चन्द्रशेखर चौबे ने श्री राम जानकी का शुभ विवाह का रस्म संपन्न कराया। कार्यक्रम में शिव प्रसाद मोदी, अंजनी पटेल, अजय यादव, भगवती मोदी, जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, सर्व प्रकाश, जितेंद्र कुमार, रतनदीप राय, प्रो विनय कृष्ण, प्रभात बहादुर माथुर, शत्रुघ्न यादव, इंद्रबिहारी प्रसाद, नितेश सिन्हा, नितेश तिवारी, पंकज गुप्ता, वंशवर्द्धन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मंदिर में डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार और खाजेकलां थानाध्यक्ष भी दर्शन व पूजन को पहुंचे। इससे पहले मंदिर में भगवान श्री राम व भगवती जानकी का श्रृंगार, आरती व पूजन किया के उपरांत पुजारी की देखरेख में सुंदर कांड का पाठ हुआ। विवाह उत्सव के बाद आरती व प्रसाद वितरण किया गया। पौराणिक संकट मोचन हनुमान मंदिर करनालगंज में भी विवाह पंचमी पर बारात निकाली गयी। यह नया गांव लड्डू अखाड़ा में श्री राम दरबार परिवार की ओर से सीताराम विवाह उत्सव पर धार्मिक आयोजन किया गया।

बारातियों का स्वागत मोर्चा रोड में कांग्रेसी नेता प्रवीण कुशवाहा के सौजन्य से किया गया। इसका नेतृत्व डॉ विनोद अवस्थी, प्रखंड अध्यक्ष अभय जायसवाल, सरदार जगजीत सिंह, दशरथ केसरी, पप्पू गुप्ता, शुभम दीक्षित, आदित्य अवस्थी, अरविंद सिंह, रामेश्वर पासवान, अशोक मेहता, जगन्नाथ सिंह, पंकज यादव आदि ने बारातियों को मिठाई, फल, पानी, फ्रूटी, आदि से किया।

# आज होगा माइग्रेन विषयक एक्युप्रेशर संगोष्ठी

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, पटना द्वारा एक्युप्रेशर गुरुमाता दिवस पर माइग्रेन (सिर दर्द) विषयक संगोष्ठी का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया है। कॉलेज के सचिव डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि संगोष्ठी में तीन राज्यों के चिकित्सक भाग ले रहे हैं। साथ ही ऑनलाइन देश के चिकित्सक जुड़ेंगे। विगत समय में कॉलेज द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविरों में सेवा देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त के नेतृत्व में एक्युप्रेशर प्रशिक्षक प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है। तीन राज्यों के चिकित्सकों को प्रशिक्षण देकर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत चिकित्सकगण अपने राज्यों में बेसिक एक्युप्रेशर का ज्ञान जनमानस को देंगे। पूर्व सिविल सर्जन सह शरीर रचना विभागाध्यक्ष डॉ एलपी सिंह आधुनिक विज्ञान में माइग्रेन मैनेजमेंट पर चर्चा करेंगे।

# बच्चे प्रकृति और समाज को जानने पहुंचे पार्क

- बच्चों ने जाना प्रकृति का रंग
- शैक्षणिक परिभ्रमण में जाना प्रकृति को

प्रात :किरण संवाददाता



पटना प्रकृति के समझने के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण लाभकारी होता है। यह पढ़ाई लिखाई से ज्यादा बच्चों को समझने में मदद करता है। किताबी ज्ञान भले ज्ञान का भंडार बना दे पर प्रायोगिक अनुभव उस ज्ञान के भंडार को और विकसित कर देता है । आज शिवम प्रोगेसिव कन्वेंट के बच्चे शैक्षणिक और मनोरंजक परिभ्रमण के दौरान शास्त्री नगर को ऊर्जा पार्क में पहुंचे थे। यहां उन्होंने प्रकृति के विभिन्न रंग, बिजली उत्पादन को लेकर विभिन्न संयंत्र के क्रिया कलाप को समझा । स्कूल की निदेशका सीमा कर्मशील ने कहा कि यह परिभ्रमण बच्चे को अपने वातावरण को समझने का मौका देता है । बच्चों ने यहां लगे विभिन्न झूले का आनंद उठाया और विभिन्न प्रकार के खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लिया । परिभ्रमण में स्कूल के सैकड़ों छात्रों के साथ शिक्षक भी शामिल हुए।

# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर को माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर । रेल मंडल कार्यालय के प्रांगण में भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया, इस अवसर पर श्री जयंत कुमार चौधरी, मंडल रेल प्रबंधक तथा उपस्थित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंली अर्पित कर श्रद्धान्जलि दी गयी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक बाबा साहब के राष्ट्र निर्माण एवं संविधान के निर्माण के योगदान को याद किये और बताया कि बाबा साहब का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा है । कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) एवं अन्य सभी शाखा अधिकारी व रेलकर्मी तथा एस.सी./एस. टी. एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया।

# नवम पातशाह के शहीदी पर्व पर सजा दीवान, कीर्तन व कथा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज का 349वां शहीदी पर्व पर धार्मिक कार्यक्रम किया गया। शुक्रवार को दरबार साहिब में विशेष दीवान सजा, जिसमें कथा व कीर्तन किया गया। इससे पूर्व बीते दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान सजा। कथावाचक ज्ञानी गगनदीप सिंह व बीबी सिमरन कौर ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन व शहादत पर कथा कही। इसके बाद अखंड कीर्तनी जत्थों की ओर से कीर्तन बिलावल चौकी किया गया। इससे पहले रागी भाई जोगिंदर सिंह, भाई नविंदर सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई ज्ञान सिंह व भाई बिक्रम सिह ने कीर्तन पेश किया। विशेष दीवान में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने अरदास और अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने हुकुमनामा व शस्त्रों का दर्शन कराया। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारकों के साथ श्रद्धालु भी पहुंचे।

# पुस्तक मेला : मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के स्टॉल पर देखी कैथी लिपि की पुस्तिका

## अपर मुख्य सचिव ने म्यूटेशन समस्या का किया ऑन द स्पॉट निराकरण



● स्टॉल पर आकर विभाग की सेवाओं का लाभ ले सकेंगे आगंतुक : दीपक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को गाँधी मैदान में लगे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्टॉल पर आकर विभाग द्वारा रिलीज की गई कैथी लिपि की पुस्तिका का अवलोकन किया। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को इस पुस्तिका की विशेषता के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि बिहार में जितनी तरह की कैथी लिपि प्रचलित हैं, उनसभी का समावेश इसमें किया गया है। इसके अलावा एसीएस ने मुख्यमंत्री को बताया कि भूमि सर्वेक्षण से संबंधित सर्वे प्रश्नोत्तरी भी यहाँ उपलब्ध है। ज्ञात हो कि बिहार में तिरहुत, मगध एवं मैथिल क्षेत्रों में पुराने खतियान कैथी लिपि में हैं, जिससे आमलोगों को इनको समझने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आमलोगों की सुविधा के लिये विभाग के वेबसाइट्स पर भी इसे अपलोड कर दिया गया है जहाँ से लोग इसे निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए अपर मुख्य सचिव ने बताया कि हमारी कोशिश है कि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो और मेला घूमने आने वाले लोग राजस्व विभाग के स्टॉल पर आकर विभाग की सेवाओं का लाभ भी ले सकें। साथ हीं लोग अपने गाँव का नक्शा निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम कोई नई भाषा सीखते हैं, उसी तरह से कैथी लिपि की यह पुस्तिका लोगों को अपने पुराने खतियान समझने में मदद करेगी।

### नियत शुल्क पर उपलब्ध करवाया जायेगा पुस्तक

भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे प्रियदर्शिनी ने इस पुस्तिका की विशेष जानकारी देते हुए बताया कि कुछ जिलों के पुराने खतियान कैथी लिपि में हैं। सर्वे कर्मियों सहित आमलोगों को भी इसे समझने में परेशानी होती थी। वेबसाइट पर यह निःशुल्क डाउनलोड के लिये उपलब्ध है। निदेशालय द्वारा जल्द हीं इसे प्रिंट करवाकर एक पुस्तक के रूप में आमलोगों को एक नियत शुल्क पर उपलब्ध करवाया जायेगा। इससे सर्वे संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आयेगी।

### ऑन-द-स्पॉट किया निराकरण

पटना पुस्तक मेला में पालीगंज ब्लॉक से आए संजय कुमार द्वारा अपनी समस्या विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के समक्ष रखी गई। संजय कुमार की समस्या ऑनलाइन म्यूटेशन हेतु आवेदन से संबंधित थी। अपर मुख्य सचिव द्वारा विभाग के स्टॉल पर कार्यरत कर्मी को त्वरित समाधान हेतु निर्देश दिया गया। कुछ हीं देर में उनकी समस्या का समाधान हो गया। पालीगंज निवासी संजय कुमार ने बताया कि ऑनलाइन म्यूटेशन हेतु आवेदन लंबे समय से नहीं ही पा रहा था। जाँच करने से पता चला कि सॉफ्टवेयर में तकनीकी समस्या के कारण उनके पूरे ब्लॉक में यह दिक्कत थी। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले में आने से यह लाभ हुआ कि यह काम बहुत जल्दी और आसानी से सम्पन्न हो गया। साथ ही उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पुस्तक मेले में लगाये गये स्टॉल के माध्यम से जो सेवाएं दी जा रही है, वह आम नागरिकों के लिए अच्छी पहल है।

## तेजस्वी ने की बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज घटना की कड़ी निंदा



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुई लाठीचार्ज की घटना की कड़ी निंदा की है। कहा है कि अभ्यर्थियों पर बिल्कुल ही निंदनीय, आपत्तिजनक एवं बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज हुआ है जो भाजपा-नीतीश सरकार के अहंकार और अफसरशाही के तानाशाही का प्रतीक है। नेता प्रतिपक्ष ने अभ्यर्थियों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से पांच सवालों के जवाब भी मांगे हैं। उन्होंने पूछा है कि क्या सरकार के लोगों को अभ्यर्थियों से संवाद करने में कठिनाई हो रही है। साथ ही बिहार में कदाचार मुक्त और बिना पेपर लीक के परीक्षा कब होंगे। क्या आयोग द्वारा स्पष्टीकरण देना उनकी शान के खिलाफ है? क्या सर्वर की खामी को स्वीकारते हुए फॉर्म भरने के अवसर को पुनः उपलब्ध करवाना असंभव है?

क्या पेपरलीक एवं कदाचार मुक्त परीक्षा की माँग करना अनुचित है? आयोग व सरकार के रवैये को देख क्या अभ्यर्थी यह मान लें कि यह परीक्षा औपचारिकता मात्र है?

# बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सीएम नीतीश ने अर्पित की श्रद्धांजलि



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के निकट बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, सांसद संजय कुमार झा, विधायक संजीव चौरसिया, विधान पार्षद संजय सिंह, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, आयुक्त पटना प्रमंडल मयंक वरवड़े, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने भी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेदकर को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन-कीर्तन, बिहार गीत के साथ बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डॉ अंबेडकर के सपनों को पूरा करने के लिए समर्पित है नीतीश सरकार : उमेश

## जदयू प्रदेश कार्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को दी गई श्रद्धांजलि



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो का जो नारा दिया था उसको आत्मसात कर हमें एक बेहतर समाज के निर्माण का संकल्प लेना है। हमारी पार्टी और हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डॉ अंबेडकर के सपनों को पूरा करने के लिए दिनरात तत्पर और समर्पित है। गत 19 वर्षों में हमारे नेता के सुधारात्मक प्रयासों से समाज के शोषितों एवं वंचितों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित मंत्री अशोक चौधरी, माननीय विधान पार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद सह पार्टी के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव अरविन्द कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा, हूलेश मांझी, छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम, पंकज कुमार सिंह, राजकिशोर उर्फ कक्कू, शिवशंकर निषाद, चंदन पटेल, मुन्ना चैधरी, कंचन माला, दीनानाथ क्रांति सहित पार्टी के कई पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# डॉ. अंबेडकर की शिक्षाएं हमें समानता और न्याय का मार्ग दिखाती हैं : दिलीप

## बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि



पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डॉ. दिलीप जायसवाल ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निमार्ता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक भी थे। प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय और समरसता के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे सामाजिक समानता और समरसता को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद, मंत्री रेणु देवी, रउ मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक लखेंद्र पासवान, विधायक भागीरथी देवी, पवन जैसवाल, प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, अमित प्रकाश बबलू, अरविंद शर्मा, प्रवीन पटेल, ज्ञान प्रकाश ओझा, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रण लिया।

# राजद कार्यालय में मनी डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि

## बाबरी मस्जिद शहादत दिवस भी मनाया गया



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में भारतीय संविधान निमार्ता एवं भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि एवं बाबरी मस्जिद शहादत दिवस प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई और बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ अम्बेदकर सिर्फ भारतीय संविधान निमार्ता ही नहीं थे अपितु राष्ट्र निमार्ता भी थे। वे उच्च कोटि के विद्वान तो थे ही साथ ही उन्होंने जीवन पर्यन्त दलितों के उत्थान के लिए कार्य किया। छूआ-छूत और सामाजिक विषमता के खिलाफ आवाज बुलन्द की। शोषण विहीन और समता मूलक समाज की स्थापना के लिए जीवन पर्यन्त संघर्षरत करते रहे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद विजय कृष्ण, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचंद्र राम, सुरेश पासवान, मुजफ्फर हुसैन राही, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, पूर्व विधायक भाई दिनेश, डॉ अनवर आलम, प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमाल, श्री प्रमोद कुमार राम, मदन शर्मा, भाई अरुण कुमार, निराला यादव, डॉ कुमार राहुल सिंह, निर्भय अंबेडकर, ई अशोक यादव, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, विनोद यादव, विजयलक्ष्मी, जेम्स कुमार यादव, राजेश यादव, कुमर राय, चंदेश्वर प्रसाद सिंह, रीता चैधरी, विनोद यादव, संत राय सहित सैंकड़ों कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# कांग्रेस ने मनाया बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस, संविधान की रक्षा की बात दोहराई



पटना। बिहार कांग्रेस के मुख्यालय सदाकत आश्रम में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में कांग्रेसजनों ने उनके मूर्ति पर पुष्पांजलि करके मनाया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रजेश पांडेय ने कहा कि बाबा साहब के बनाएं संविधान पर वर्तमान भाजपा सरकार ने कुठाराघात किया है और हम कांग्रेसजन लगातार बाबा साहब के बनाएं संविधान और संवैधानिक परंपरा का पालन करते रहेंगे। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और सफलता का मिश्रित ज्ञान देने वाला रहा है। समाज उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताएं रास्ते पर चलें तभी देश का कल्याण हो सकेगा और सभी मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, ज्ञान रंजन, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, निधि पांडे, मृणाल अनामय, रवि गोल्डन, अमित कुमार, आदित्य पासवान, नदीम अंसारी, सुधीर कुमार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को प्रसिद्ध राजनीतिक नेता, प्रख्यात न्यायविद, बौद्ध कार्यकर्ता, दार्शनिक, मानवविज्ञानी, इतिहासकार, वक्ता, लेखक, अर्थशास्त्री, विद्वान और संपादक बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर कि पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता ई हेमन्त कुमार ने देते हुए बतलाया कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को पूरा विश्व जानता हैं वे भारतीय संविधान के निमाताओं में से एक थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं, उनके जीवनी से हम सभी पार्टी कार्यकताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने वालों में पार्टी के नेताओं में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन यादव, प्रदेश महासचिव डॉ बीरेंद्र प्रसाद, नागेंद्र यादव, खुर्शीद अहमद, अशोक कुशवाहा, प्रदेश सचिव रवि प्रताप कश्यप, भोला शर्मा, बैद्यनाथ शर्मा, मोहनलाल गुप्ता, बिनोद पप्पू, आशिक आलम, राजू सिंहा, सुरेश पासवान, नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# आधी आबादी को सशक्तिकरण प्रदान करना नीतीश सरकार की प्राथमिकता : अशोक

## बोलें- सीएम नीतीश के नेतृत्व में बिहार तरक्की के नए आयाम स्थापित कर रहा है



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि आधी आबादी को सशक्तिकरण प्रदान करना नीतीश सरकार की प्राथमिकता है। शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मीडिया से मुखातिब मंत्री ने कहा कि प्रदेश की आधी आबादी को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक रूप से और अधिक सशक्त कैसे बनाया जाए इस पर समग्र चर्चा हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला संवाद यात्रा के जरिए महिलाओं के बीच जाएंगे। साथ ही राजद पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिला संवाद यात्रा को फिजूलखर्ची बताने वाले चरवाहा विद्यालय के नाम पर सरकारी खजाने खर्च करते थें, तब उन्हें फिजूलखर्ची का ख्याल कभी नहीं आया। हमारे नेता महिलाओं को पंचायती राज और स्थानीय निकायों में 50 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। साथी ही सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि हमारे नेता की नीतियों से बिहार तरक्की के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। इससे पहले मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधानपार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष रवीन्द्र प्रसाद सिंह मौजूद रहे।

# सत्ता और संपदा का प्रदर्शन कांग्रेस की संस्कृति : विजय

## राज्यसभा में कांग्रेस का धनतंत्र उजागर हुआ

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्यसभा में कांग्रेस के सांसद की सीट से नोट की गड्डी का बरामद होना एक गंभीर मामला है। इस मामले की सघनता से जांच होनी चाहिए। इस घटना से आज एक बार फिर यह संकेत मिल रहा है कि कांग्रेस और उससे जुड़े नेता लोकतंत्र में नहीं धनतंत्र में विश्वास रखते हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस को इस बात का जवाब देना चाहिए कि आखिर उनके नेताओं, नेताओं के सहयोगियों और उन सहयोगियों के सहियोगियों के घर से ही अकूत धन क्यों बरामद होते हैं। बीते दिनों झारखंड और बंगाल में भी कांग्रेस और इंडी नेताओं के घर से पैसे मिले थे। आज ये लोग देश के लोकतंत्र के सर्वोच्च सदन में भी नोट बिखेरते पाए गए हैं। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि कांग्रेस, राजद सहित इंडी जमघट से जुड़े लोग देश के संविधान की दुहाई देते हैं। लोकतंत्र और सनातन संस्कृति पर बार-बार सवाल उठाकर भारत को अलग-अलग इकाई में बांटने की कोशिश में जुटे हैं। जनकल्याण की जगह ये लोग अपने बाल-बच्चों को अपनी सत्ता और संपदा की जागीर सौंपने के सपने देख रहे हैं। लेकिन ये शायद भूल गए कि जनता धन की धमक दिखाने वाले इन परिवारवादियों को देश का वसीयतनामा अपनी औलादों के नाम नहीं करने देगी। इसीलिए हर दिन ये लोग राजनीति के मैदान से विलुप्त होते जा रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी को जनता ने लोकसेवक के रूप में लंबे समय तक काम करने का मौका दिया है। लेकिन उनपर आजतक कोई भ्रष्टाचार और धन प्रदर्शन का रत्तीभर आरोप नहीं लगा सकता है। देश के लोग जानते हैं कि इंडी गठबंधन के लिए राजनीति प्रोफेशन है जबकि एनडीए के लिए राजनीति राष्ट्रनीति का मिशन है।

# राजधानी में प्रदूषण से नियंत्रण के लिए 15 जगहों पर लगा फाउंटेन




● चौक चौराहों पर रंगबिरंगी रौशनी के साथ पानी की फुहारे दे रही वायु प्रदूषण से राहत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना नगर निगम द्वारा वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एक तरफ जहां दिन एवं रात्रि में सड़कों पर पानी का छिड़काव एवं सीएनडी वेस्ट का उठाव किया जा रहा है। वहीं पटना नगर निगम द्वारा शहर की सुंदरता को बढ़ाते हुए शहर के चौक चौराहों पर फाउंटेन का लगाया गया है। रंग बिरंगी रौशनी के साथ ही पानी के फव्वारे आम जनों को आकर्षित कर रहे है।

इन स्थानों पर लगाया गया है फाउंटेन : विकास भवन, आशियाना दीघा मोड़, शेखपुरा मोड़, बोरिंग रोड चौहारा, एयरपोर्ट गोलंबर, सहदेव महतो मार्ग, बापू टावर, इको पार्क, अनिसाबाद गोलंबर, विवेकानंद मार्ग, मैकडोवल गोलंबर, बुद्ध मुर्ति, चिरैयाटांड पुल, कंकड़बाग टेम्पो स्टैंड, जीपीओ गोलंबर

कंट्रोल रूम से प्रतिदिन लिया जाता है रिपोर्ट

पटना नगर निगम द्वारा न सिर्फ फाउंटेन को बेहतर ढंग से चलाया जा रहा है बल्कि प्रतिदिन कंट्रोल रूम से इसकी मॉनिटरिंग भी की जाती है। गौरतलब है कि सार्वजनिक स्थल पर प्रतिदिन फाउंटेन का संचालन एवं रखरखाव के लिए एजेंसी को कार्य दिया जा चुका है।

# बिहार में फ्लड प्लेन जोनिंग लागू करने की संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा

● मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक

● जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव ने दी फ्लड प्लेन जोनिंग की विस्तृत जानकारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए फ्लड प्लेन जोनिंग अपनाने की संभावनाओं और चुनौतियों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में हुई। जल संसाधन विभाग के स्तर पर आयोजित उक्त बैठक में जल संसाधन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग और विधि विभाग के सचिव स्तर के एवं अन्य वरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से फ्लड प्लेन जोनिंग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फ्लड प्लेन जोनिंग को प्रचारित किया गया है। इसमें बाढ़ की प्रकृति और आवृत्ति के अनुसार विभिन्न नदियों की बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का वर्गीकरण और उनके उपयोग की सीमा तय की गई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने फ्लड प्लेन जोनिंग को बाढ़ प्रबंधन के लिए एक प्रभावी गैर-संरचनात्मक उपाय माना है। बैठक में प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने भारत सरकार द्वारा फ्लड प्लेन जोनिंग के संबंध में उपलब्ध कराये गये तकनीकी दिशा-निर्देशों के प्रारूप के अनुरूप बिहार में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में होने वाले स्वीकृत और प्रतिबंधित विकास कार्यों तथा बिहार की परिस्थितियों के अनुरूप उसके प्रभाव की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बिहार में इसे लागू करने में पेश आने वाली संभावित चुनौतियों की विस्तृत चर्चा की, जिस पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया। विचार-विमर्श के दौरान मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने इस संबंध में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी से विस्तृत अध्ययन कराने और भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये तकनीकी दिशा-निदेर्शों के प्रारूप पर राज्य सरकार का मंतव्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि फ्लड प्लेन जोनिंग बाढ़ संभावित क्षेत्रों के प्रबंधन की एक प्रक्रिया है, जिसके तहत बाढ़ के जोखिम को कम करने और इन क्षेत्रों के सतत विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अलग-अलग क्षेत्रों का निर्धारण किया जाता है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य उन क्षेत्रों का वर्गीकरण करना है, जो अलग-अलग स्तर की बाढ़ की आशंका या संभावना से प्रभावित हो सकते हैं। उन क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रकृति निर्धारित की जाती हैं, ताकि बाढ़ आने पर नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

# राज्य में अब तक 67 प्रतिशत सरकारी भवनों में लगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर

## राज्य के कुल 65,262 सरकारी भवनों में मीटर लगाने का लक्ष्य



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में ऊर्जा दक्षता और बिजली की बचत को बढ़ावा देने के लिए सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। बिहार के मुख्य सचिव के निदेशार्नुसार राज्य के कुल 65,262 सरकारी भवनों में मीटर लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 43,606 भवनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने अपने लक्ष्य 35,956 मीटरों में से 24,494 मीटर और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने 29,306 मीटरों में से 19,112 मीटर सफलतापूर्वक इंस्टॉल कर लिए हैं। ऊर्जा विभाग के सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने बताया कि रीडिंग की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और लोगों की शंकाओं का समाधान करने के लिए सरकारी भवनों में पुराने मीटर भी कुछ समय तक लगे रहेंगे। इस संदर्भ में वहां उपस्थित विभागीय कर्मचारी एवं मीटरिंग एजेंसी के प्रतिनिधि से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से उपभोक्ताओं को रियल-टाइम बिजली खपत की जानकारी मिलेगी बल्कि बिजली बचत से उन्हें आर्थिक लाभ भी होगा। सरकारी भवनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से न केवल बिजली खपत में पारदर्शिता आएगी, अपितु बिजली बिल प्रबंधन प्रक्रिया भी सरल हो जाएगी।

## शोध विवि का दर्जा दिए जाने पर केन्द्र को बधाई

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने बिहार के दो विश्वविद्यालयों पटना विश्वविद्यालय और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को शोध विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने पर केंद्र की एनडीए सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का ये फैसला बिहार में शोध के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार की राज्य में उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देने का ही परिणाम है कि उनकी लगातार कोशिशों के बाद केंद्र सरकार ने राज्य के दो विश्वविद्यालयों को शोध विश्वविद्यालय के तौर पर मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि शोध विश्वविद्यालय का दर्जा मिल जाने से ना केवल छात्र छात्राओं को संबंधित विषय में बेहतर अनुसंधान करने में आसानी होगी बल्कि केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक मदद से कॉलेजों के आधारभूत संरचना के विकास में भी सहायता मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ईवीएम वेयर हाउस का किया गया मासिक निरीक्षण

मधुबनी जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया।गौरतलब हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस में रखे हुए ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का समय-समय पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाना है इसी क्रम में आज ईवीएम से संबंधित सभी सुरक्षा मानको की जांच हेतु जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया साथ ही वीवीपैट गोदाम के सुरक्षा मानको की भी जायजा लिया एवं उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देर्श भी दिए ।उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार भी उपस्थित रहे।

### जयनगर से नई दिल्ली जाने वाली गरीब रथ चलती ट्रेन का इंजन बोगी से हुआ अलग

मधुबनी जयनगर से नई दिल्ली जाने वाली गरीब रथ चलती ट्रेन का इंजन खजौली स्टेशन के नजदीक गुमटी के पास खुला डब्बा से अलग होकर इंजन करीब एक किलो मीटर दूर चला गया अलग होने के बाद भी गति से बॉगी भी दौर रही थी पटरी पर सूचना मिलने पर ड्राइवर ने इंजन को रोक कर किया बैक और एक घंटा लेट दिल्ली केलिए हुई रवाना उसी को लेकर कई ट्रेन लेट खुला।

### नागरिक स्वतंत्रता और विकास को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन

मधुबनी भारतीय संविधान नागरिक स्वतंत्रता और विकास विचार गोष्ठी को लेकर मधुबनी के नगर भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे प्रोफेसर योगेंद्र यादव के द्वारा भारतीय संविधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और उन्होने कहा योगेंद्र यादव में कार्यशाला में संबोधन करते हुए बताएं कि आज बाबा साहेब अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान को साजिश के तहत पीछे दरवाजे से बदलने की कोशिश की जा रही है उसे हमें रोकना है और अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान विचार एवं संविधान के हमें चलना है।

### मारपीट की घटना में दो लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के जितवारिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर गुरुवार की रात दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दो लोग जख्मी हो गए।जख्मी लोगों में जितवारिया गांव के प्रमोद गिरी एवं विभा देवी शामिल है। जख्मी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसके सेहत में सुधार होने की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने दी। वहीं पुलिस ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

कल्याणपुर, समस्तीपुर। क्षेत्र अंतर्गत लदौरा पंचायत भवन के परिसर में शुक्रवार को किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने किया। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ के द्वारा किसानों को जैविक खेती एवं वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया। मौके पर किसान सलाहकार सुमित कुमार, कृषि समन्वयक संजय कुमार एवं रूपम कुमारी सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### किसान चौपाल में दी गई कृषि संबंधी जानकारी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत विभूतिपुर उत्तर पंचायत स्थित पैक्स गोदाम माधोपुर के प्रांगण में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला परिषद रीना राय ने की। वहीं उपस्थित कृषि संबंधित पदाधिकारी ने किसानों को रबी फसल से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। मौके पर बीटीएम शशि रंजन, राजीव रंजन, किसान सलाहकार प्रेमचंद सिंह, कैलाश प्रसाद सिंह, वार्ड सदस्य दीपक कुमार, रमेश कुमार महतो सहित दर्जनों की संख्या में किसान मौजूद थे।

### मुखिया संघ की बैठक में पीएचइडी के क्रियाकलाप पर जताया असंतोष

विभूतिपुर, समस्तीपुर। प्रखंड मुखिया संघ की बैठक पंचायत सरकार भवन विभूतिपुर के सभागार में आयोजित की गई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत में लगाए गए घटिया किस्म के सोलर स्ट्रीट लाइट को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत करने का निर्णय लिया गया। वहीं पीएचइडी विभाग के क्रियाकलाप पर असंतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में आन्दोलन करने की सहमति भी बना। बैठक में मुखिया राजकुमार, भगवान साह, दिलीप कुमार, चन्द्रमणि प्रसाद सिंह, भोला शंकर दास, राम प्रवेश राय, मनोज यादव, गुंजन कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, अशोक साह, जगदीश कुमार आदि मौजूद थे।

# जनता के दरबार में जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों पर अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में जिले के सुदूर क्षेत्रो से आए हुए परिवादियो से मुलाकात कर उनकी शिकायतो को सुनते हुए संबंधित अधिकारियो को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया ।गौरतलब हो कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं. इस परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार, 06 दिसंबर को कुल 84 परिवादी अपनी शिकायतों के साथ जिलाधिकारी से मिले.प्रखंड लौकही निवासी अजय कुमार यादव द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की शिकायत आवेदन दिया गया।प्रखंड बाबू बाबूबरही निवासी चमक दास ने अपने ग्रामीण के विरुद्ध उन्हेनुकसान पहुचाने संबंधी शिकायत की गई ।पंडौल प्रखंड निवासी रानी कुमारी द्वारा भगवतीपुर पंचायत में आंगनवाड़ी सहायिका का चयन से संबंधित आवेदन दिया गया ।ग्राम पोस्ट लोफा निवासी शोभा चंद्र ठाकुर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या भारतमाला परियोजना पैकेज 3 में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देने से संबंधित शिकायत किया ।प्रखंड कार्यालय लदनिया निवासी जय नारायण पंजियार द्वारा न्यायालय द्वारा विवादित जमीन से बेदखल और अवैध निर्माण से संबंधित शिकायत किया। प्रखंड कार्यालय मधेपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद द्वारा अनुकंपा हेतु गृह रक्षक का चयन एवं नियुक्ति नहीं होने से संबंधित आवेदन दिया गया ।जिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी परिवादियों से बारी-बारी से शिकायते सुनी गई और उनके परिवाद के निवारण हेतु संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए. जिलाधिकारी ने कई प्राप्त शिकायतो के आलोक में संबंधित पदाधिकारियो को फोन कर जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।-उक्त अवसर पर उपविकास आयुक्त दीपेश कुमार अपर समाहर्ता आपदा संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## लोन उत्सव केनरा बैंक की एक प्रेरक पहल है : भावेंद्र कुमार

### केनरा बैंक ने दरभंगा में लोन उत्सव प्रोग्राम 2024 का समारोह पूर्वक आयोजन किया



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। केनरा बैंक ने दरभंगा में स्थित लक्षेश्वर सर्वजनिक पुस्तकालय में अपने प्रमुख कार्यक्रम लोन उत्सव और एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्राहकों, स्थानीय बिल्डरों, ऑटोमोबाइल डीलरों, शैक्षिक संस्थाओं और स्थानीय कारीगरों से भारी संख्या में भागीदारी देखी गई, जिससे यह कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक भावेंद्र कुमार और रविप्रकाश जायसवाल, महाप्रबंधक, केनरा बैंक, मुख्यालय, बेंगलुरु की उपस्थिति में, लोन उत्सव ने संभावित उधारकताओं के लिए घर एवं कार लोन के आकर्षक विकल्पों का पता लगाने का एक प्रमुख मंच प्रदान किया। ग्राहक तुरंत लोन स्वीकृति प्राप्त करने के साथ-साथ वित्तीय योजना पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन से भी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर भावेन्द्र कुमार, कार्यकारी निदेशक, केनरा बैंक ने अपने आभार व्यक्त करते हुए कहा, दरभंगा लोन उत्सव केनरा बैंक की एक प्रेरक पहल है, जो समाज के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के माध्यम से, हम न केवल घर और कार लोन प्रदान कर रहे हैं, बल्कि लोगों को उनके सपनों को साकार करने की दिशा में आत्मविश्वास भी दे रहे हैं। हम अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं और स्थानीय समुदाय से गहरे और आत्मीय रूप से जुड़ने के लिए मूल्यआधारित सेवा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।यह लोन उत्सव न केवल प्रतिभागियों को उनके सपनों के लिए वित्तीय समर्थन प्राप्त करने में मदद की, बल्कि मिथिला क्षेत्र में केनरा बैंक की भूमिका को भी मजबूत किया है। पटना सर्कल के महाप्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी हितधारकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत संजीत कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, मुजफ्फरपुर द्वारा स्वागत भाषण से हुई।

## सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी जयनगर द्वारा चलाया गया मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी गोविन्द सिंह भण्डारी कमांडेन्ट 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कुशल नेतृत्व में बाह्य सीमा चौकी महादेवपट्टी में गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस प्रशिक्षण शिविर में संजीव कुमार हाथी मधुमक्खी प्रशिक्षक द्वारा 70 एसएसबी कार्मिकों एवं 42 स्थानीय नागरिकों को प्रशिक्षण दिया ।इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती लोगों की आय में वृद्धि हेतु रोजगार के श्रोत उत्पन्न करना था। जिसमे महिलाओको प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षित किया जा रहा है इस कार्यक्रम में 18 सीमावर्ती महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया । सीमावर्ती गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवतियो एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वयं रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सके ।कार्यक्रम के दौरान गोविन्द सिंह भण्डारी, कमाडेंट 48वी वाहिनी एसएसबी, जयनगर द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी सीमावर्ती प्रशिक्षुओ को भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के माध्यम से अपना रोजगार उत्पन्न करने हेतु जागरूक किया गया।

## नोएडा में काम कर रहे मधुबनी के मजदूर की मौत, परिवार मे मचा कोहराम



- शव गांव पहुंचते ही पसरा मातम पत्नी दिव्यांग बेटा मानसिक रूप से कमजोर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी के बासोपट्टी थाना क्षेत्र के अरघावा हनुमान नगर में कोहराम मच गया जब गांव के सरोज यादव उम्र करीब 30 का शव उनके घर पहुंचा। सरोज यादव उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक प्लाई फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बुधवार को लंच के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से उनकी मौत हो गई। सरोज बुधवार को फैक्ट्री से खाना खाने के लिए अपने कमरे पर गया था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर साथी मजदूरो ने डॉक्टर से दिखाया।

लेकिन कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। परिजनो को सूचना मिलते ही वे नोएडा पहुंचा पोस्टमॉर्टम के बाद शव गांव लाया गया। शव पहुंचते ही मृतक की पत्नी और परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। तीन मासूम बच्चो की चीख-पुकार से पूरा गांव गमगीन हो गया।

मृतक परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। घर की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। मृतक की पत्नी दिव्यांग है। एक बेटा मानसिक रूप से कमजोर है। परिवार की स्थिति बेहद दयनीय है। मौके पर नेताओ और जनप्रतिनिधियो लोग पहुंचे ।

## मुफ्फसिल पुलिस पर लगाया केस दर्ज नहीं करने का आरोप, एसपी से की शिकायत

### पूर्व का केस नहीं उठाने पर दबंगों पर लगाया मारपीट का आरोप, घायलों में वृद्ध, महिला व बच्चे शामिल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के काजीचक धरमपुर में केस नहीं उठाने पर दबंगों के द्वारा पूरे परिवार के साथ मारपीट कर कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिए जाने और पुलिस पर एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए पीड़ितों ने शुक्रवार को एसपी अशोक मिश्रा से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में पीड़ित परिवार के मुखिया रामचंद्र दास ने बताना था कि बीते पांच दिसंबर की सुबह जब वह और उनका पुत्र विजय कुमार दास किसी काम को लेकर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ब्रह्मस्थान सामुदायिक भवन काजीचक धरमपुर के पास पूर्व से योजनाबद्ध तरीके से एक रायकर होकर रौशन कुमार, पंकज चौधरी, जगरनाथ चौधरी, अजय चौधरी दिनेश कुमार राय सहित एक दर्जन से अधिक महिला-पुरुष हर्वे-हथियार के साथ लैस होकर सभी ने चारों ओर से उन्हें घेर लिया और जातिसूचक गंदी-गंदी गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। उन लोगों ने पूर्व के एक केस को उठाने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्हें बचाने आयी उनकी घर की महिलाओं, छोटे बच्चे और परिजनों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना में विजय कुमार, रामचंद्र दास, रंजय कुमार, सिंधु देवी और जानकी देवी और एक बच्चा सहित कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने मुफ्फसिल पुलिस से की, जिसने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत मुफ्फसिल पुलिस से करते हुए बताया कि आरोपियों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और उनका मुफ्फसिल, पूसा व वारिसनगर थाना में मामला दर्ज है। बावजूद इसके मुफ्फसिल पुलिस के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद थकहार कर वह लोग एसपी से न्याय की गुहार लगाने आए हैं। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## भगवान राम और सीता का विवाह उत्सव में लाखों लोगों ने बरबीघा मैदान में स्वयंवर के साक्षी बने

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर सात दिवसीय विवाह पंचमी महोत्सव का ऐतिहासिक पल भगवान राम और सीता का विवाह उत्सव में लाखो लोगो ने बरबीघा मैदान में स्वयंवर के साक्षी बने। वैसे तो पूरा मिथिलांचल शुक्रवार को सीताराम के नारो से मंगलमय हो गया। सुबह से ही जानकी मंदिर सहित अन्य मंदिरो में विवाह के मंगल गीत शुरू हो गए थे। विवाह पंचमी महोत्सव मिथिला व अयोध्या को आपस में जोड़ने वाले महापर्व विवाह पंचमी काफी धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को मटकोर कार्यक्रम के बाद शुक्रवार के सुबह से विवाह पंचमी को लेकर राम मंदिर जानकी मंदिर संकट मोचन सहित अन्य मंदिरों से भगवान का डोला निकाल कर नगर परिक्रमा करते हुए नेपाली सेना का शाही बैंड बाजा सहित गीत संगीत के साथ भगवान राम मंदिर से राम का डोला एवं जानकी मंदिर से भगवान सीता का डोला बरबीघा मैदान पहुंच जहां दोनो डोला का मिलन बाराती एवं सराती पक्ष के द्वारा करवाते हुए वैवाहिक रस्म निभाई गई। भगवान राम एवं सीता की झांकी बनाकर स्वयंवर के समय बाराती और सराती पक्ष की ओर से हंसी-मजाक व रंग-अबीर का दौर भी चला। बारहबीघा रंगभूमि मैदान में राम मंदिर से भगवान श्रीराम व जानकी मंदिर से मां सीता की डोली पहुंचते ही भगवान के जयकारे शुरू हो गए। भगवान श्रीराम व मां सीता की डोला को साधु-संतो कमेटियो व बारातियो ने सात फेरे दिलाए। इस मौके पर एक लाख से अधिक लोग स्वयंवर के गवाह बने। बरबीघा मैदान में स्वयंवर कार्यक्रम एवं भगवान राम एवं सीता की आरती,वरमाला सहित सभी वैवाहिक कार्यक्रम पूरे मिथिला रीति रिवाज से साधु संतों के द्वारा संपन्न कराया गया। इसके बाद भगवान राम सीता की झांकी एव डोला को जानकी मंदिर परिसर में मरवा पर लाया गया। जहां विवाह के मारवा के विधि विधान से कार्यक्रम किए गए।वही विवाहपंचमी को लेकर पूरे जनकपुर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। हर तरफ विवाह गीत सुनाई दे रही है। इसे देखने के लिए भारत सहित अन्य देशों से काफी संख्या में श्रद्धालु आए हैं। विवाह मिथिला परंपरा व पूरे विधि विधान के साथ अदा की गई। गांव-गांव से राम-सीता की दर्जनों झांकियां भी बारहबीघा मैदान पहुंची थीं। घरों की छत से महिलाओं ने फूल-अक्षत से बारातियों का स्वागत किया। इस अवसर पर नगरवासियो ने शाम को घर आंगन पर दीया जलाकर दीपावली मनाई। जानकी मंदिर के प्रांगण में बने विवाह मंडप को फूलो से सजाया गया था। मंदिर के प्रांगण में सुसज्जित विवाह मंडप में मैथिली विधि-विधान से राम-सीता का विवाह संपन्न हुआ। इससे पहले शोभायात्रा के दौरान रथ पर सीता-राम के अलावा महंत राम तपेश्वर दास वैष्णव, उत्तराधिकारी कनिष्ठ महंत राम रोशन दास वैष्णव, पुरोहित ऋषिकेश दास एवं गणमान्य लोगों के साथ के पीछे हजारों श्रद्धालु चल रहे थे। बरबीघा मैदान पहुंचने से पहले वर पक्ष एवं वधू पक्ष के बीच समधी मिलन, भार आदान-प्रदान करना सहित वैवाहिक रस्म अदा कर मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम व माता सीता का विवाह मिथिला परंपरा के अनुसार संपन्न हुआ।

## भाजपा भारतीय संस्कृति व राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है : डॉ मुरारी मोहन



प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)। भाजपा के संगठनात्मक संरचना को मजबूत कर केन्द्र व राज्य सरकार की विकासात्मक कार्य को जन जन तक पहुंचाने में कार्यकताओं व समर्थकों की अहम भूमिका है।यह बातें विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण योजना के तहत टेकटार ठाकुरबारी से रेलवे गुमटी पार महादेव मंदिर तक प्राक्लित राशि 78 लाख से डेढ कि,मी तक व सढवाडा में एक करोड 53 लाख से पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया।विधायक ने निर्माण एजेंसी व संवेदक से कहा है कि आधुनिक तकनीक से गुणवत्ता का ध्यान रखकर कर समय पर दोनों पथ का कार्य पूर्ण करें।उन्होंने कहा है केवटी व सिंहवाडा में विकास के साथ न्याय की नींव को मजबूत करने का कार्य निरंतर चल रहा है। भाजपा राष्ट्र वाद के साथ भारतीय सांस्कृति के प्रति समर्पित भावना कार्य कर रही है। पंचायत व बूथ अध्यक्ष सेवा भाव से संगठन को ग्रास रूट पर मजबूत करने को प्रतिबद्ध है।एनडीए गठबंधन की सरकार पूर्ण बहुमत में बनेगी।भाजपा मंडल अध्यक्ष विशुनदेव दास व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष जटाशंकर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया। मुखिया प्रतिनिधि पवन कर्ण व सरपंच प्रतिनिधि गौडी शंकर साह,भाजयुमो महामंत्री किशन कुमार गुप्ता, पंचायत समिति बटोही झा,उमेश पासवान, सजन झा,प्रभात झा,मुकेश झा ने विधायक सहित आगत अतिथि को पाग चादर पुष्प से सम्मानित किया।इधर सढवाड़ा में सरपंच संघ अध्यक्ष रमेश सहनी,मुखिया प्रतिनिधि अरूण दास, नंदकिशोर चौधरी,संजय चौधरी, मोहन झा,विश्वनाथ सहनी,राम पुकार सहनी,चुल्हाई साफी ने विचार व्यक्त किया।

## केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मिले दरभंगा सांसद, एम्स के लिए जताया आभार

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।मिथिला को स्वास्थ्य सेवा में आत्म निर्भर बनाने की दिशा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा का अहम योगदान है।स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एम्स और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उनकी देन और योगदान को साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासी सदैव याद रखेंगे। दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने दिल्ली में उनसे भेंटकर इन योगदानों के आभार जताते हुए उपरोक्त विचार व्यक्त किए।सांसद डा ठाकुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है की अपनी व्यस्ततम समय में भी। उनके विशेष आग्रह पर दरभंगा आकर उन्होने एम्स स्थल निरीक्षण एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण किया तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से एम्स निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम में भी उनकी महती भूमिका रही है । सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा और मिथिला के लिए श्री नड्डा के योगदानों की सराहना करते हुए कहा की स्वास्थ्य मंत्री के रूप में इनके कार्यकाल में ही दरभंगा एम्स की स्वीकृति मिली थी और फिर से स्वास्थ्य मंत्री के रूप में इन्होंने ही स्थल का निरीक्षण कर एम्स निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त किया जिसके लिए मिथिलावासी उनका सदैव आभारी रहेंगे। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा एम्स की स्वीकृति, स्थल का निरीक्षण तथा एम्स का धरातल पर साकार होना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लोकार्पण कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति दरभंगा और मिथिला के विकास के प्रति उनके प्रेम को स्पष्ट करता है।

## बाबा साहब की 68 वीं पुण्यतिथि पर कुलपति ने अर्पित की पुष्पांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के 68वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में मनाई गई। मौके पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित की। भारतीय बहुज्ञ, संविधान शिल्पी, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री भीमराव आंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री रहे। मध्यप्रदेश में जन्में डॉ आंबेडकर का निधन 6 दिसंबर,1956 को हुआ, यही दिन बाबा साहेब की पुण्यतिथि के रूप में देश भर में मनाई जाती है। पुष्पांजलि सभा में कुलसचिव प्रो विजय कुमार यादव, तीनों संकायों के अध्यक्ष प्रो चंद्र भानु प्रसाद सिंह, प्रो प्रेम मोहन मिश्र, प्रो प्रभाष चंद्र मिश्र, परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार ओझा, सीसीडीसी डॉ गजेंद्र प्रसाद, डॉ मनोज कुमार, प्रो शाहिद हसन उपस्थित थे। वही चित्रगुप्त सभा के तत्वाधान मे आज जे.पी.चौक, भगवानदास महल्ला दरभंगा मे बाबा साहेब पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष आर के दत्ता ने किया।इस अवसर पर बाबा साहेव की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए इनके मंत्र शिक्षित बनो,संगठित हो,संघर्ष करो को आत्मसात कर मानव सेवा का संकल्प लिया गया।माल्यार्पण कार्यक्रम मे वार्ड पार्षद नवीन सिन्हा,संतोष कु.श्रीवास्तव,संतोष सिन्हा,प्रकाशचन्द्र प्रभाकर ,मनीष कुमार,अखिलेश कुमार,मनोज श्रीवास्तव,मुकेश कु.सिन्हा,अविनाश कुमार,अंजनी कुमार,पवन कुमार सहित अन्य लोग शामिल है।

## विवाह पंचमी महोत्सव को लेकर रोटी बैंक की टीम श्रद्धालुओं के बीच खाना पड़ोसने का काम कर रहे है

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर विवाह पंचमी महोत्सव को लेकर रोटी बैंक की टीम के द्वारा जनकपुर जा रहे साधु संतो, एवं श्रद्धालु को भोजन करा कर की जा रही है बारातियो का स्वागत। संस्था के द्वारा प्रतिदिन गरीब लाचार पीर फकीर को रात्रि भोजन रोटी बैंक के टीम के द्वारा बैठ कर कराया जाता है इसी क्रम में अयोध्या वृंदावन पटना समस्तीपुर दरभंगा सहित अन्य जगह से आने वाले श्रद्धालुओं को जो विवाह पंचमी महोत्सव में भाग लेने के लिए जनकपुर जानना चाहते है और किसी कारण बस उन्हे रात में रुकना पड़ता है उन सभी श्रद्धालुओ को रोटी बैंक के सदस्य के द्वारा महाप्रसाद रूपी भजन खिलाया जा रहा है। संस्था के वरीय सदस्य डॉ त्रिपुरारी प्रसाद, सुभाष शर्मा ने बताया की टीम के द्वारा हर साल बारातियों का स्वागत धूमधाम से किया जाता है इस बार श्रद्धालुओ की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है और संस्था के द्वारा मानव सेवा के कारवां को बढ़ाते हुए समाज सेवा के लिए भौतिक संसाधनों से कही अधिक दिल में समाज सेवा की भावना का होना आवश्यक होता है। कुछ लोग संसाधनों की कमी के बावजूद समाज सेवा में अग्रणी रहते हुए अपनी छाप छोड़ जाते है तो दूसरी तरफ कुछ लोग संसाधनों की भरमार होते हुए भी स्वयं और परिवार की सेवा तक ही सीमित रहते है। ऐसे लोगों को कभी भी समाज सेवा के लिए प्रेरित नही किया जा सकता क्योंकि उनके निजी स्वार्थ और अभिमान के आगे समाज सेवा के सभी तर्क औंधे मुंह गिरते हुए नजर आते हैं। भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, बीमार को दवाई, अनाथों को आश्रय के अलावा अन्य किसी भी प्रकार से किसी जरूरतमंद की आवश्यकता को जानकर निस्वार्थ उसकी मदद करना ही रोटी बैंक का मकसद है। इस मौके पर अशोक अग्रवाल, महादेव जी, शशि बाबा,पीयूष कुमार, अमित गुप्ता, सुरेंद्र महतो, दीपक, गुड्डु गुप्ता, पंकज कुमार,लक्की जी , मनीष सिंह यादव,रवि ,विक्की,मनोज, भारती सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## नेपाली ट्रेन मे सीट छापने के क्रम में एक व्यक्ति गिरा , गिरने पर कट हाथ

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर नेपाली रेलवे स्टेशन पर नेपाली ट्रेन मे सीट छापने के क्रम में एक व्यक्ति का गिर जाने से वाया हाथ कट गया। घायल व्यक्ति को एसएसबी के जवानो ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए मरीज की हालत को देखते हुए दरभंगा रेफर कर दिया। परिजनो ने बताया कि विवाह पंचमी मेला को देखने के लिए जनकपुर जाने को लेकर नेपाली ट्रेन पकड़ने आए पद्मा निवासी नथनी सदय उम्र 40 ट्रेन में सीट छापने के क्रम में बैलेंस गड़बड़ हो जाने के कारण नीचे गिर गए। जिससे उनका बाया हाथ कट गया। वहीं दूसरी ओर विवाह पंचमी उत्सव को लेकर श्रद्धालुओ की भीड़ नेपाली रेलवे स्टेशन पर देखी जा रही है। शुक्रवार को समाचार प्रेषण तक नेपाली ट्रेन का परिचालन 4 बार जनकपुर जाने एवं जनकपुर से 5 बार जयनगर आने का सिलसिला जारी है। नेपाली रेल मास्टर एस एल मीणा ने बताया की रेल यात्री के सुविधा के लिए टिकट काउंटर 24 घंटा चालू रखा गया है । विवाह पंचमी के बाद श्रद्धालुओ की भीड़ जनकपुर से वापस लौटेगी इसको लेकर नेपाली रेल प्रशासन पूर्णता तैयार है।

## सड़क दुघर्टना में महिला की हुई मौत

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के डॉ शालिग्राम मिश्र कॉलेज के समीप ऑटो ने मोटरसाइकिल वाले को चकमा मोटरसाइकिल सवार ने एक महिला को ठोकर मार दी, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका महिला अपने मायके से अपने ससुराल घोषरामा जा रही थी। इसी दौरान यह बड़ी घटना हो गई। मृतका की पहचान घोषरामा निवासी प्रभु महतो के 47 वर्षीय पत्नी फूल कुमारी देवी के रूप में हुई है। गुस्साए ग्रामीणों ने दरभंगा समस्तीपुर मुख्य सड़क को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। वही मौके पर पहुंचे कल्याणपुर थाने के पुलिस व स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अरुण प्रसाद बाबा व अन्य बुद्धिजीवी लोगों के काफी समझाने बुझाने के बाद जाम को हटाया गया। पुलिस शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। आपदा से मिलने वाली तत्काल 20 हजार रुपए की राशि स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अरुण प्रसाद बाबा के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर परिजन को सौंप दिया गया। मृतक महिला का मायके कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव में था।वहीं से वह अपने ससुराल मुजफ्फरपुर जिले के घोषरमा की ओर जा रही थी। रास्ते में समस्तीपुर दरभंगा मुख्य सड़क पर घटना घट गई। वहीं पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, शनिवार, 07 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी मुंगेर को जल जमाव से मुक्त करने की मांग

बरियारपुर (मुंगेर)। 35 ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपने के साथ ही दियारा क्षेत्र के दो सौ एकड़ जमीन मे जल जमाव होने के कारण बाग नही हो रही है ।थाना 386 तोजी नवम्बर 1351 जल जमाव होने के कारण बाग नही हो रही। ज्ञात रहे कि पुर्व से ऐकाशी, अंन्तीराम मोजा के जमीन से जल निकास होते आ रही थी गंगा नदी के रुप परिवर्तन होने के कारण कुछ जगह पर मिट्टी भर आई है। जिसे हम कृषकों द्वारा दिवंगत प्रबृती के लोगो द्वारा हमें जल निकालने पर रोका जा रहा है। स्वर्गीय ब्रह्मदेव यादव के पत्नी ईन्द्रादेवी ओर अरबिन्द्र मंडल वैगेरह रुकावट डालते है अतः प्रशासनिक सहायता चाहते हुए।

### कुएं में गिरने से एक युवक की मौत

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। श्यामपुर थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडारे गांव में मोबाइल पर बात करने के दौरान एक युवक के कुएं में डूबने से मौत हो गई पुलिस ने बताया कि युवक की महज 8 दिन पर पूर्व ही शादी हुई थी युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरी लोगाय गांव निवासी संजय शर्मा के 25 वर्षी पुत्र शशि शर्मा अपने रिश्तेदार के साथ मंडारे गांव में संथाली टोला गया था वहीं संथाली टोला स्थित एक कुएं के ऊपरी हिस्से पर चढ़कर मोबाइल से बात कर रहा था इसी दौरान वह और नियंत्रित होकर कुएं में गिर गया साथ गए रिश्तेदार ने उसकी जानकारी शशि के घर वालों को दी जानकारी पाकर परिजन तथा ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद शशि को कुएं से निकला।

# डॉ.आंबेडकर समाज सुधारक के साथ एक महान अर्थशास्त्री भी थे :प्रो.गौरी शंकर

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 68 वा महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ आंबेडकर का कृतित्व और व्यक्तित्व विषय पर एक लघु गोष्टी की गई, जिसकी अध्यक्षता राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र कुमार गोयल ने की। मौके पर मुख्य वक्ता के बतौर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर भारत के एक महान समाज सुधारक थे। अंबेडकर का पंचशील सिद्धांत का अक्षरशः पालन मानव को चरित्रवान और मूल्यवान बना सकता है। उनका पंचशील सिद्धांत है- हिंसा से विरक्ति, चोरी से विरक्ति, झूठ से विरक्ति, परस्त्री गमन से विरक्ति,शराब या नशा से विरक्ति की शिक्षा। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री भी थे। उनके अर्थशास्त्र से जुड़े योगदान और विचार ने ही उन्हें अर्थशास्त्री के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं.डॉ अंबेडकर ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। उनकी थीसिस- ह्प्रॉब्लम ऑफ द रुपी इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशनह्न भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना का मुख्य आधार बना। उनकी आर्थिक सोच और सुझाव ने भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी। उनके सुझावों को हिल्टन यंग कमिशन ने सहस्त्र मान ली, जो आरबीआई के गठन का मुख्य कारक बना था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने कृषि और भूमि सुधार पर विशेष बल दिया था। जमींदारी उन्मूलन और किसानों के अधिकारों की वकालत की थी. उनका मानना था कि सामाजिक समानता के बिना आर्थिक विकास संभव नहीं है. एससी/ एसटी और कमजोर वर्ग को आर्थिक मुख्य धारा में लाने हेतु उन्होंने रूपरेखा बनाई थी. डॉ. अंबेडकर का दृष्टिकोण सामाजिक-आर्थिक और व्यावहारिक था। उनके योगदानो ने भारत की आर्थिक और सामाजिक संरचना को गहराई से प्रभावित किया। इसीलिए उन्हें अर्थशास्त्री कहा जाता है भले ही यह क्षेत्र उनका मुख्य क्षेत्र नहीं रहा हो. अंबेडकर के अनुसार भूमि सुधार, कृषि सुधार और ग्रामीण उद्योगों द्वारा ही भारत में समाजवाद लाया जा सकता है.आर्थिक शोषण के नाम पर जमींदारी प्रथा समाप्ति पर विशेष बल दिया था. उनके आर्थिक विचार आज भी प्रासंगिक और उपयोगी हैं. भारत सरकार के 20 सूत्रीय कार्यक्रम डॉ. अंबेडकर साहब के आर्थिक विचारों में मिलते हैं। अर्थविद प्रो. सरदार राय ने कहा कि डॉ.अंबेडकर स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ अर्थशास्त्र के महान पंडित थे. स्वतंत्र भारत के संविधान के निर्माता के रूप में डॉ.अंबेडकर का नाम सदा अमर रहेगा. डॉ.आंबेडकर इस बात के उदाहरण हैं कि व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में क्या नहीं कर सकता है ? प्रतिकूल परिस्थितियों को अनुकूल बना लेना ही डॉ अंबेडकर के जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा है. ऐसे महान पुरुष को आजादी के बाद मरणोपरांत भारत रत्न की सर्वोच्च उपाधि प्रदान कर अंबेडकर के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता को प्रकट किया. डॉ.अंबेडकर के सदृश्य नवरत्न पर विश्व के किस देश को गर्व नहीं होगा। राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र कुमार गोयलह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर भारत के महान राजनीतिज्ञ थे. वे प्रजातांत्रिक संसदीय प्रणाली के प्रबल समर्थक थे. उन्हें विश्वास था कि भारत में इसी शासन व्यवस्था से विविध समस्याओं का समाधान किया जा सकता है.3 अगस्त 1947 को अंबेडकर साहब स्वतंत्र भारत के विधि मंत्री बनाए गए थे. 21 अगस्त 1947 को संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बनाया गया. उनकी अध्यक्षता में भारत की लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान की संरचना की गई ,जिसमें नागरिकों के मौलिक अधिकार और कर्तव्यों की व्यवस्था की गई है। डॉ.अजीत कुमार भारती ने कहा कि डॉ.अंबेडकर भारत की महान आत्मा थे. वे विश्व रतन थे. उन्होंने देश के लिए जो कार्य किया है, वह ऐतिहासिक है.भारतीय संविधान उनकी अमर कृति है.अंबेडकर साहब को दलितों का मसीहा कहना उनके विशाल हृदय और व्यक्तित्व को छोटा करने जैसा है. क्योंकि वे दलितों के मसीहा नहीं बल्कि भारत के मसीहा और महापुरुष थे। हिंदी के उद्भट विद्वान प्रो.कैलाश पंडित और डॉ सत्यार्थ प्रकाश ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रेरणादीप थे. वे दलितों को आरक्षण देने की मांग के सूत्रधार थे.उन्होंने दलित उद्धार के प्रसंग में अपनी पीड़ा कभी नहीं छुपाया। शिक्षा को ही माना जीवन का आधार। बाबा साहब ने कहा था हम सबको यह उपहार. 27 सितंबर 1951 को डॉ अंबेडकर ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया था जिसके अनेकों कारण थे.14 अक्टूबर 1956 को अंबेडकर साहब ने लाखों हिंदुओं के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार की थी, जिसके भी कई कारण थे। वे पर्याप्त सम्मान और राजनीतिक पद हासिल होने के बाद भी भारतीय सामाजिक व्यवस्था से संतुष्ट नहीं थे। मौके पर कई गणमान्य लोग एवं छात्र उपस्थित थे।

# 22 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन किया गया



प्रात : किरण, संवाददाता

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग, बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय मुंगेर में दिनांक 6 दिसंबर 2024 को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में निजी कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि अमित कुमार पासवान सर्किल इंचार्ज अमर कुमार साव शर्मा वेयर हाउस इंचार्ज के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य संबंधित वेतन एवं भत्ते कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गई। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 50 रिक्तियों मीटर इंस्टालर और सर्वेयर के विरुद्ध कुल 22 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उपरांत स्थल पर शार्ट लिस्ट किया गया। जब कैंप में कुल 50 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए इस अवसर पर यंग प्रोफेशनल उज्जवल सिंह भंडारी द्वारा बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

बताया कि नियोजन कार्यालय जिले के बेरोजगार इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है साथ ही बताया गया कि जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वह योजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा निःशुल्क लाभ ले सकते हैं।

# स्वास्थ्य समिति की बैठक में आवंटित राशि खर्च करने की रिपोर्ट पेश की गई

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवंटित राशि खर्च करने में टाटिया डंपर और सदर अस्पताल काफी पीछे नजर आया इस पर सिविल सर्जन ने 10 दिनों के अंदर लंबित राशि का भुगतान कर व्यय प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया सिविल सर्जन विनोद डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने 10 दिनों के अंदर जननी बाल सुरक्षा योजना परिवार नियोजन के लंबित लाभार्थियों का भुगतान करने का इसके साथ ही हेल्थ एंड बल में बैलेंस सेंटर के रखरखाव और मरम्मत पर प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण टीकाकरण शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लंबित राशि का भुगतान करते हुए वह प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराने का दिशा निर्देश दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार हवेली खड़कपुर में आवंटित राशि आवंटित राशि 48 लाख 29600 खर्च है 24 लाख 46842 केटीएम नंबर आवंटित राशि 25 लाख 39130 खर्च 00 तारापुर आवंटित राशि 36 लाख 81910 खर्चा 18 लाख 64383 अनुमंडल अस्पताल तारापुर आवंटित राशि 11 लाख 29300 खर्चा 204150 संग्रामपुर आवंटित राशि 31 लाख 86870 खर्चा 15 लाख 507 सदर प्रखंड मुंगेर आवंटित राशि 45 लाख 91960 खर्चा 21 लाख 18807 सदर अस्पताल आवंटित राशि 98 लाख 73700 खर्चा 14 लाख 19108 जमालपुर अस्पताल आवंटित राशि 54 लाख 29 हजार 50 खर्चा 19 लाख 99 हजार 773 धरहरा आवंटित राशि 45 लाख 95000 खर्चा 13 लाख 95 हजार 288 बरियारपुर आवंटित राशि 37 लाख 7110 खर्चा 14 लाख 1300 असरगंज आवंटित राशि 20024411 खर्चा 745380 बैठक में चालू भित्ति वर्ष में अप्रैल से नवंबर तक स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर आवंटन के अनुरूप खर्च की गई राशि की समीक्षा की गई एन एम एम के तहत संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए राशि आवंटित रहने के बावजूद खर्च नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन ने सख्त हिदायत दी इस बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति के बीसीएम फैय्यद आलम अशरफी लेखपाल के अलावा सदर अस्पताल सहित जिला के सभी प्रखंड के अस्पताल प्रबंधक लेखपाल शामिल हुए।

# रेलयात्री ट्रेन की चपेट में आने से हुआ घायल आरपीएफ एम एस खानं के द्वारा करवाया गया इलाज



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा के डाउन प्लेटफार्म पर ट्रेन की चपेट में आने से एक रेलयात्री ट्रेन चढ़ने के दौरान हुआ घायल । मामला गुरुवार की रात्रि झाझा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2 की है। जिसे इलाज के लिए झाझा आरपीएफ की मदद से रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां डॉक्टर सदाब अहमद के द्वारा इलाज किया गया। घायल रेलयात्री को अस्पताल लाने में झाझा आरपीएफ के एसआई एमएस खान ने बताया कि घायल रेलयात्री पटना से सतपति जा रहा है। जब ट्रेन खुली तो ट्रेन में चढ़ने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे चला गया जिसके बाद प्लेटफार्म पर खड़े अन्य रेलयात्री के द्वारा हो हल्ला मचाया गया तो फिर उसे किसी तरह ट्रेन से नीचे घायल अवस्था में निकाला गया जिसे सबसे पहले रेलवे पॉली क्लिनिक ले जाया गया जहां रेलवे डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और फिर उसे बेहतर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेज दिया गया। घायल रेलयात्री ने बताया कि पटना से आने वाली गाड़ी एनार्कुलम एक्सप्रेस से झाझा स्टेशन पर पेशाब करने के लिए उतरा और जब ट्रेन खुलने लगी तो वह चढ़ने की कोशिश किया जिसमें पैर फिसल गया और ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया। घायल रेलयात्री की पहचान सीतामढ़ी जिला के रहने वाले रौशन साह के रूप में हुई है ।

# सुविधा : जीआईएस मैपिंग को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जारी किया दिशा-निर्देश

● नक्शे पर मिलेगी सरकारी स्कूलों की पूरी जानकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। शिक्षा विभाग विद्यालयों के संचालन में लगातार परिवर्तन कर रहा है ।विद्यालय का संचालन सही तरीके से हो,इसको लेकर भी तैयारी चल रही है ।स्कूलों की पूरी जानकारी अब नक्शें पर उपलब्ध होगी। कौन सा स्कूल ग्रामीण इलाके में है और किन स्कूलों की मौजूदगी शहरी इलाकों में,यह भी नक्शा बताएगा ।इतना ही नही स्कूलों में छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी अब इस नक्शे के माध्यम से एक क्लिक पर ही मिल जाएगी ।जमुई सहित पूरे प्रदेश के स्कूलों की अब ज्योग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएम) मैपिंग होगी ।इसके तहत स्कूलों का नक्शा तैयार किया जाएगा ।इसके लिए केंद्र सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने जिले के अधिकारियों को जीआईएस मैपिंग की तैयारी का निर्देश दिया है। जीआईएस मैपिंग में स्कूल का नक्शा,गांव और प्रखंड के साथ उपलब्ध कराया जाएगा ।इसका निर्णय केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड में लिया गया है ।इसमें कक्षों की संख्या,स्कूल का क्षेत्रफल,पेयजल की सुविधा,शौचालय,प्ले ग्राउंड समेत तमाम जानकारियां इस नक्शे में देनी होगी ।केंद्रीय शिक्षा विभाग समय-समय पर इन नक्शों की जांच करेगा ।इससे आवश्यकता के अनुसार केंद्र सरकार सीधे उन स्कूलों का सर्वे कर सकेगी। योजनाएं तैयार करने में भी मदद मिलेगी स्कूल की मैपिंग से सरकार को विभिन्न योजनाओं को तैयार करने में मदद मिलेगी ।साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक,उच्च प्राथमिक,माध्यामिक,उच्च माध्यामिक स्कूल के बारे में जानकारी मिलेगी ।केंद्र सरकार द्वारा छात्रवृति,साइकिल योजना,लड़कियों को आर्थिक सहायता में दी जाने वाली हिस्सेदारी के बारे में पता चलेगा ।इसके साथ ही जिन ग्रामीण क्षेत्र में स्कूलों की कमी है,वहां पर नए स्कूल खोलने में सहायता मिलेगी ।जीआईएस मैपिंग से स्कूलों की भौगोलिक स्थिति का पता चलेगा ।इससे स्कूलों की सड़क कनेक्टिविटी,निकटतम बिजली ग्रिड,और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मिलेगी ।जीआईएस मैपिंग से स्कूलों के प्रदर्शन की निगरानी की जा सकेगी ।इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक स्तर की जानकारी मिली है ।जीआईएस मैपिंग से आधारभूत संरचनाओं के विकास की मॉनिटरिंग में आसानी होगी ।जीआईएस मैपिंग से स्कूलों में उपलब्ध अधार संरचना को गूगल मैप पर देखा जा सकता है। साक्षरता स्तर की वास्तविक जानकारी लेना है उद्देश्य स्कूल का क्षेत्रफल,क्षेत्र,ग्रामीण स्थल का विवरण तैयार करने के लिए काम किया जा रहा है ।गौरतलब है कि सरकारी विद्यालयों की जीआईएस मैपिंग शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2019 के तहत की जाएगी ।मैपिंग का मुख्य कारण देश के सभी राज्यों में साक्षरता स्तर की वास्तविकता की जानकारी लेना है ।इससे केंद्र सरकार को विभिन्न योजनाओं को तैयार करने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने वार्षिक कार्ययोजना को लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 से सभी राज्यों के सरकारी स्कूलों की जीआईएस मैंपिंग अनिवार्य ही है।

# बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन,संग्रामपुर- शुक्रवार को संग्रामपुर मोड़ स्थित अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी,और गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस महत्वपूर्ण आयोजन की अध्यक्षता भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष सुकेश दास ने की। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन और उनके महान योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन को समाज के सबसे वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनकी शिक्षाओं और विचारों को आत्मसात कर ही हम एक समान और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना कर सकते हैं। कार्यक्रम में झिकुली पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पवन पासवान, झिकुली पंचायत की पूर्व सरपंच नरेश दास,शंकर दास,दिनेश दास,मिथुन कुमार,रूपेश कुमार समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे ।सभी ने अपने विचार साझा करते हुए बाबा साहेब के योगदान को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सभा के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षमय जीवन,उनकी शिक्षाओं और उनके द्वारा बनाए गए भारतीय संविधान पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बाबा साहेब ने जातिवाद, छुआछूत और असमानता के खिलाफ जिस साहस और दृढ़ता के साथ आवाज उठाई,वह आज भी सभी के लिए प्रेरणादायक है ।यह आयोजन न केवल डॉ. अंबेडकर के प्रति सम्मान का प्रतीक था,बल्कि उनके विचारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा भी देता है।

# संविधान के निमार्ता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई [ झाझा ] भारत रत्न भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में अम्बेडकर विचार मंच स्थल पर अम्बेडकर विचार मंच की ओर से मनाई गई। मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अपना जीवन सदैव वंचितों की मदद मे कार्य किया। बाबा साहेब का योगदान समाज के कमजोर वर्गों के लिए अनमोल है, और उनके द्वारा दिखाए गए मार्गदर्शन से हम सामाजिक न्याय और समानता के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। वक्ताओं ने कहा हमलोग जीवन तभी सफल होगा जब बाबा साहेब के बताए गए मार्ग पर चले। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता मदन यादव, तथा मंच संचालक भारत भूषण के द्वारा किया गया। शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा दे, समाज में रहने वाले लोगों को एकजुट कर एकसूत्र में बांधकर समाज को नई दिशा की ओर लेकर चले, समाज मे रहने वाले वंचित, गरीब, असहाय लोगों के उत्थान को लेकर संघर्ष करे तभी समाज में आपसी भाईचारा बनेगा और सौहार्दपूर्ण समाज का निर्माण होगा ।मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य धर्मदेव यादव, आरपीएफ एसी हरिनारायण राम नवयुवक संघ के संयोजक गौरव सिंह राठौड़, मंच के अध्यक्ष रंधीर पासवान, पंकज पासवान, अरविंद कुमार, कृष्णा पासवान, सूर्यावत्स, मदन यादव सहित अन्य लोगों ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। आगे लोगों ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर सिर्फ संविधान के निमार्ता नहीं थे, बल्कि वह सामाजिक उत्थान अर्थशास्त्री, गरीबों के मसीहा व नारी उत्थान के अग्रदूत भी रहे।

# मां बेटी के साथ कि गई सीढ़ी चढ़ने को लेकर मारपीट

जमुई [ झाझा ] सीढ़ी पर चढ़ने के विवाद को लेकर ससुराल में रह रही एक विवाहिता के साथ उसके देवर, सास ने मारपीट कर घायल कर दिया और जब विवाहिता को बचाने की कोशिश ससुराल में रह रही उसकी मां ने किया तो उक्त दोनों ने उसके साथ भी मारपीट किया। मामला थानाक्षेत्र के रामदास पुर में एक घर की है। घायल अंजनी कुमारी ने बताया कि मेरी बेटी दस दिन पहले छत से नीचे गिरकर घायल हो गई थी इसलिए जसीडीह से मेरी मां मेरे ससुराल में आकर रह रही थी। जब मैं अपने घर की छत पर जाने के लिए सीढ़ी चढ़ी तो देवर राजेश पासवान, सास ललिता देवी ने मुझे रोकते हुए मेरे साथ मारपीट किया और मां ने बचाने की कोशिश किया तो उसके साथ भी मारपीट कर हमदोनो को घायल कर दिया। घायल की पहचान अंजनी कुमारी और उसकी मां मीणा देवी के रूप में हुई है। मारपीट में घायल मां बेटी इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर नोशाद के द्वारा इलाज किया गया।

# नेता, लोजपा रामविलास पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय गुड्डू ने दिया इस्तिफा, सभी को चौंकाया

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर ।शुक्रवार को मुंगेर में लोजपा रामविलास पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय कुमार उर्फ गुड्डू साह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है वर्तमान समय में वे पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के पद पर थे पूर्व में भी वह इस पार्टी के मुंगेर जिला अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्य प्रवक्ता , व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता पद को भी सुशोभित कर चुके थे उन्होंने अपना इस्तीफा लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को भेज दिया है प्रेस को संबोधित करते हुए गुड्डू ने कहा कि लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अवसरवादी नेता हो गए हैं और दुर्भाग्य है कि जमुई लोकसभा सांसद अरुण भारती खड़गपुर प्रखंड नगर के एनडीए कार्यकर्ता के साथ वातार्लाप करने से कतराते हैं जो चिराग पासवान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सुबह शाम बुरा भला कहते थे लेकिन जब उनको मंत्री बनने का सपना सवार हुआ तो नीतीश कुमार का पैर पकड़ने लगे लोजपा जब अकेले सुनो लड़ी थी तो कई कार्यकर्ता विधानसभा का प्रत्याशी रह चुका है आज उनकी राजनीति भविष्य अंधकारमय हो चुकी है जिसमें लोजपा आर पार्टी में कार्यकर्ता का भविष्य नहीं है सिर्फ पूंजीपतियों का बोलबाला है समस्तीपुर और खगड़िया लोकसभा से प्रमाणित होता है कि अपने दल की कार्यकताओं की चिंता नहीं कर दूसरे दल के कार्यकताओं की चिंता में लगे रहते हैं जहरीली शराब पीने से कई घर उजड़ गए परंतु चिराग पासवान चुपचाप बैठकर देख रहे हैं जबकि मैं लोजपा रामविलास पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत करने का कार्यकर्ता रहा था कार्यकर्ता का सम्मान नहीं होने के कारण में इस पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।

# 6 यूनियन के बीच बुधवार से शुरू हुए चुनाव के अंतिम दिन कई रेलकर्मियों ने किया अपना अपना मत का प्रयोग



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] यूनियन के चुनाव को लेकर हुए मतदान के अंतिम दिन छूटे मतदाता रेलकर्मियों ने किया मतदान । 6 यूनियन के बीच बुधवार से शुरू हुए चुनाव के अंतिम दिन यानी शुक्रवार को भी कई मतदाता रेलकर्मियों ने अपना अपना मत का प्रयोग किया। मेमुकार शेड में रेलवे में मान्यता प्राप्ति को लेकर मतदानकेन्द्र पर बुधवार और शुक्रवार को हुए मतदान में कई रंनिग स्टाफ एवं अन्य रेलकर्मी जो अपना मतदान नही कर सके थे वैसे मतदाता रेलकर्मी अंतिम दिन पहुंचकर अपना मतदान किया। वही नए रेलकर्मी ने बताया कि पहली बार मतदान किया ताकि भविष्य में हमलोगों के हित मे यूनियन कार्य कर सके। झाझा सहित अन्य जगहों से मतदान करने वाले रेलकर्मी ने बताता की हमलोगों की मांग को यूनियन के माध्यम से ही रेलवे बोर्ड से लेकर केंद्र सरकार तक उठाया जाता है ऐसे में लंबे समय के बाद यूनियन के हो रहे चुनाव में भाग लेना हमलोगों का दायित्व बनता है और इसलिए मत का प्रयोग किया गया। मतदान के अंतिम दिन 4 बजे तक 61रेलकर्मियों ने अपना अपना मत का प्रयोग किया। मतदान के अंतिम दिन जमुई और उससे सटे आसपास के छोटे छोटे हॉल्ट पर कार्यरत रेलकर्मी लंबे समय के बाद हो रहे चुनाव में अपनी भागीदारी निभाने के लिए मतदान केंद्र पर आकर मत का प्रयोग किया। बुधवार को 558 गुरुवार को 358 रेलकर्मियों ने अपना अपना मतदान किया था । मतदान केंद्र पर अंतिम दिन भी चुनाव मैदान में उतरे अलग अलग यूनियन के झाझा शाखा के पदाधिकारी, सदस्य दो दिन के मतदान में छूटे रेलकर्मियों को मतदान केंद्र पर लाकर मतदान करवाने का कार्य किया।

# बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस बच्चों के साथ विद्यालय में मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] डॉ.भीम राव अम्बेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार और सामाजिक न्याय के प्रतीक, के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर झाझा पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों को बाबा साहब के जीवन और उनके आदर्शों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने और दो मिनट के मौन के साथ हुई। इसके बाद, विद्यालय के निदेशक डॉ सुरेंद्र निराला ने अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों, और भारतीय समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। बच्चों ने इस अवसर पर अनेक गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, और पोस्टर निर्माण शामिल थे। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को डॉ. अम्बेडकर के विचारों, जैसे समानता, शिक्षा, और अधिकारों की महत्ता को समझाना था। झाझा पब्लिक स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। बच्चों ने अपने विचारों को साझा करते हुए बताया कि वे डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करेंगे ।कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुति न केवल शिक्षाप्रद थी, बल्कि भावनात्मक रूप से प्रेरणादायक भी रही। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी भाग लिया और बच्चों के उत्साह की सराहना की। झाझा पब्लिक स्कूल की यह पहल न केवल डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं को जीवित रखने की दिशा में एक कदम है, बल्कि बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर भी प्रदान करती है।

# जिलाधिकारी के सफल निर्देशन में अपर समाहर्ता ने जनता दरबार में आये हुए फरियादियों की फरियाद सुनी और पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेश के आलोक में शुक्रवार 06 दिसम्बर को अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर सुदूर क्षेत्र व दूर-दराज क्षेत्र से आए फरियादियों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने आम लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और मौके पर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया तथा कुछ मामलों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता श्री मंडल ने जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि बंटबारे, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, रैयति भूमि का निबंधन, अनुग्रह भुगतान, खतियान, दखल-कब्जा, जमीन की नापी, इंदिरा आवास योजना, रोजगार सृजन, अल्पवास गृह, विवादित भूमि पर जबरन कार्य, चयन प्रक्रिया, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, नक्शा रद्द,अनुकम्पा नियुक्ति, रास्ता अवरुद्ध, मारपीट, निलंबन, बासगीत पर्चा, आंगनवाड़ी, गैर मजरूआ एवं अन्य से सम्बंधित मामले आए। इन तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और इस पर यथोचित कार्रवाई की। इस सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि सरकार की राज्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा के साथ काम करने का निर्देश दिया ।जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें।

सम्पादकीय

## उपराष्ट्रपति के किसानी सवाल

कृषि मंत्री जी, एक-एक पल आपका भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपा कर मुझे बताएं कि क्या किसानों से वायदा किया गया था? वायदा क्यों नहीं निभाया गया? वायदा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? गत वर्ष भी आंदोलन था, इस वर्ष भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है और हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं! उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से ये सवाल किए हैं। यह पहली बार है कि एक ही सरकार में उपराष्ट्रपति ने कृषि मंत्री से सवाल किए हैं। उपराष्ट्रपति खुद किसान, ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य दे दोगे, तो कोई पहाड़ नहीं गिरेगा। उपराष्ट्रपति के ये सवाल इसलिए मौजू हैं, क्योंकि 6 दिसंबर से किसान आंदोलन फिर शुरू हो सकता है। इस बार यह पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उप्र तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक आदि राज्यों से भी किसान मोर्चे आंदोलित होंगे। उपराष्ट्रपति का सवाल है कि देश का किसान लगातार परेशान, पीड़ित और आंदोलित क्यों है? जो किसान घर बैठे हैं, वे भी आंदोलित और चिंतित हैं, लिहाजा आंदोलन की संख्या वही न गिनी जाए, तो किसान सडक पर उतरेंगे। हालांकि उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी पर कुछ नहीं कहा और इस संबंध में गठित समिति पर भी सवाल नहीं किया, लेकिन उपराष्ट्रपति के रूप में किसानों को एक ताकतवर, सशक्त पैरोकार मिला है। शिवराज भी जून, 2024 में ही कृषि मंत्री बने हैं। जो भी वायदे किए गए होंगे, वे नरेंद्र तोमर और अर्जुन मुंडा के कृषि मंत्री काल के होंगे! बहरहाल भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का 17 फीसदी से अधिक का योगदान है और देश के कार्यबल में करीब 47 फीसदी कृषि और किसान का योगदान है। देश की करीब दो-तिहाई आबादी कृषि के भरोसे है, लेकिन आज भी किसान की औसत आय 16, 928 रुपए माहवार है। किसान की आय से अधिक खर्च बढ़े हैं और प्रति किसान 91, 000 रुपए से अधिक का कर्ज है। सवाल यह भी है कि उपराष्ट्रपति किसानों के पक्ष में सार्वजनिक रूप से क्यों बोले? और एक ही मंच पर कृषि मंत्री से सवाल क्यों किए गए? किसान संबंधी योजनाओं और नीतियों की अकेली जिम्मेदारी कृषि मंत्री पर ही नहीं है। यदि कृषि-भूमि का मुआवजा 2014 के बाद 4 गुना नहीं मिल पा रहा है, यदि एमएसपी की कानूनी गारंटी तय नहीं की गई है, तो ऐसी तमाम समस्याओं के समाधान का दायित्व केंद्रीय कैबिनेट पर है। खासकर प्रधानमंत्री मोदी की जिम्मेदारी है, क्योंकि ऐसे नीतिगत फैसले प्रधानमंत्री के स्तर पर ही सोचे जाते हैं और फिर कैबिनेट में औपचारिक तौर पर पारित किए जाते हैं। यदि एक बार फिर राजधानी दिल्ली या उसके आसपास के क्षेत्रों में किसान लामबंद होकर आंदोलन छेड़ते हैं, तो चौतरफा जन-व्यवस्था अराजक हो जाएगी। जब पिछला किसान आंदोलन समाप्त कराया गया था, तो खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वस्त किया था। एक समिति गठित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल को सौंपी गई थी। उन्हें तीन कथित काले कृषि कानूनों का प्रारूपकार माना जाता रहा है। उस समिति की बीते दो साल से अधिक अवधि के दौरान करीब 100 बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन समिति की रपट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई है। कृषि विशेषज्ञों का एक तबका मानता है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी कोई समाधान नहीं है। सिर्फ खुला बाजार देने से ही किसान के हालात बदल सकते हैं, लेकिन आंदोलित किसानों की सबसे अहम मांग यही है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए। किसान इस बार आर-पार के आंदोलन के मूड में हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक संकेत अभी तक नहीं आया है।

## अदालतों का बोझ घटाना जरूरी

हमारे देश में जब-जब सरकारी तंत्र अप्रभावी होता है तो उसके खिलाफ कोई न कोई अदालत का रुख कर लेता है। इस उम्मीद से कि संविधान की रक्षा और नागरिकों के अधिकारों के हित में यदि कोई फैसला कर सकता है तो वह न्यायपालिका ही है। परंतु क्या कभी किसी ने सोचा है कि जहां देश भर की अदालतों में करोड़ों मुकदमें लंबित पड़े हैं, वहाँ सरकारी तंत्र के काम न करने के कारण अदालतों पर अतिरिक्त मुकदमों का ढेर लगता जा रहा है। ऐसा क्यों है कि सरकारी तंत्र अपनी ज़िम्मेदारी पूरी तरह से नहीं निभा रहा जिस कारण नागरिकों को कोर्ट का रुख करने को मजबूर होना पड़ता है? जब भी किन्हीं दो पक्षों में कोई विवाद होता है तो उनका आखिरी वाक्य होता है कि आई विल सी यू इन कोर्टह्व। यानी जब भी किसी को किसी दूसरे से आहत पहुँचती है तो वह इस उम्मीद में अदालत जाता है कि उसके साथ न्याय होगा। परंतु हमारे देश के न्यायालयों में लंबित पड़े केसों की संख्या इतनी ज्यादा है कि, न्याय मिलते-मिलते या फैसला आते-आते बहुत देर हो जाती है। कई मामलों में तो याचिकाकर्ता दुनिया छोड़ कर भी चला जाता है लेकिन उसका केस अंतिम फैसले तक नहीं पहुँच पाता। ऐसे में कोर्ट में हर दिन बढ़ने वाले मामलों की संख्या पर रोक नहीं लगा सकती। विवाद चाहे किसी की जमीन जायदाद का हो या अन्य किसी मामले का हो। वादी-प्रतिवादी सीधा कोर्ट का रुख करते हैं और कई मामलों में तो वकील भी अपने मुवक्किल को गुमराह करने में पीछे नहीं हटते। ऐसे में किसी न किसी कारण से न्याय मिलने में देरी हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से न्यायपालिका पर काम का बोझ दिन-प्रतिदिन बढ़ने का एक और कारण है कि सरकारी तंत्र में तैनात कई अधिकारी जो अपने राजनैतिक आकाओं को खुश करने की नीयत से देश की जनता के साथ धोखा करते हैं। वे संविधान को एक तरफ रख कर अपने राजनैतिक आकाओं को भी गुमराह कर उनसे कुछ ऐसे फैसले दिलवा देते हैं जो जनता के हित में नहीं होते। केवल निहित स्वार्थों के लिए लिए गये ऐसे फैसले राजनैतिक रूप से अक्सर घातक साबित हो जाते हैं। ऐसे में सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा कर जनता को असल मुद्दों से भटकाने का काम करने लगते हैं। अंततः दोनों में से एक पक्ष अदालत का रुख कर लेता है। ऐसे में मुकदमों के दबाव से भरी हुई अदालतें इन सरकारी तंत्र के खिलाफ दायर याचिकाओं को प्राथमिकता पर सुनने के लिए मजबूर हो जाती हैं। गौरतलब है कि यदि किसी लंबित पड़े मामले में कोई अहम सुनवाई की तारीख लगी हो और उसी बीच कोर्ट के सामने कोई ऐसा राजनैतिक केस आ जाए जिसे, सुनने के लिए उस अदालत को अपनी पहले से तय सूची में फेरबदल करना पड़े तो सोचिए कि न सिर्फ.अदालत के कीमती समय और पैसे की बबार्दी होती है, बल्कि अदालत में न्याय की उम्मीद कर रहे फरयादी की हिम्मत और न्यायपालिका पर भरोसा भी डगमगाने लगता है। सोचने वाली बात यह है कि यदि सरकारी मशीनरी अपना काम ज़िम्मेदारी से करे तो अदालतें भी अपना काम बिना किसी विघ्न के करने लगेंगी। ऐसे में लंबित पड़े करोड़ों मामलों में भी गिरावट आएगी। आजकल ऐसा भी देखा जा रहा है कि यदि किसी राजनैतिक दल को उसकी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लिए गए किसी खास फैसले से एतराज होता है तो वे उसमें कोई न कोई कमी निकाल कर देश भर में एक नया विवाद पैदा करने में कसर नहीं छोड़ते। फिर वो मामला चाहे किसी विशेष कानून को लेकर ही क्यों न हो। गौरतलब है कि जब ऐसे किसी विधेयक को संसद में पास करके कानून बनाया जाता है, तो उस समय सत्तापक्ष और विपक्ष, इस पर चर्चा करते हैं और यदि कुछ संशोधन करना हो तो उसे करके ही कानून का रूप दिया जाता है। ऐसे में यह माना जाए कि उस समय की विपक्षी पार्टी ने भी ऐसे विधेयक को अपनी सहमति प्रदान की है। लेकिन जैसे ही उस समय की विपक्षी पार्टी सत्ता में आती है तो उसी कानून का विरोध करने लगती है और देश में उथल-पुथल का माहौल बन जाता है। लेकिन क्या वह राजनैतिक दल इस बात पर ध्यान देता है कि उसने विपक्ष में बैठे हुए क्या इस कानून का विरोध किया था? यदि नहीं तो आज वह ऐसा क्यों कर रहा है? उस कानून के खिलाफ अराजकता फैला कर उसे क्या मिल रहा है? वहीं ऐसे विवादों में बात-बात पर अदालतों का रुख करने वाले याचिकाकर्ता के राजनैतिक संबंधों की जाँच होना भी जरूरी है।

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं

2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त उन्होंने तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया। भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है।





**ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वाताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती। तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निमार्ता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निमार्ता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है। यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरूआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा। फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरूआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। 2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है ।

# सांस्कृतिक पहचान को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल मस्जिद मामले में 29 नवंबर 2024 को स्थानीय अदालत की कार्यवाही पर अस्थायी रोक लगा दी। इस मामले में विपक्षी दल विशेषतः कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश सरकार को जबरन घसीट रही है, जबकि सर्वोच्च अदालत शांति बनाये रखने के लिये मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सुनवाई करने का निर्देश दिया है। 24 नवंबर को अदालती निर्देश पर हुए सर्वे के दौरान खूनी हिंसा, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी, उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया, उसका मर्म यह है कि मामले में फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या सच है या फिर कौन समुदाय कितना उपद्रव करता है और वह शासन-व्यवस्था के लिए कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है।





**प्रहलाद सबनानी**
**लेखक**

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक विरासत को कुचलने की चेष्टाएं अतीत से लेकर वर्तमान तक होती रही है। बहुत बड़ा सच है कि अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के शत्रु एवं तथाकथित धर्म-निरपेक्षता की राजनीति करने वाले नेता इस बात को अधिक बेहतर समझते हैं, अतः उन्होंने इतिहास को झुठलाने, धुंधलाने और काल्पनिक बातें गढ़ने एवं फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारे नेताओं-नीतिकारों की नासमझी के कारण ही इसमें वे सफल भी रहे हैं। क्या यह स्थिति बदल रही है? देश में कुछ लोग सही इतिहास को उजागर करने एवं ऐतिहासिक विरासत को धुंधलाने एवं कुचलने की कुचेष्टाओं का परिमार्जन करने के लिये तत्पर हुए है, इसी का परिणाम है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। अयोध्या, काशी, मथुरा के बाद संभल और अजमेर दरगाह जैसे मामलों में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे प्रयासों के द्वारा अशांति फैलाने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इतिहास बड़ी भूलों को सुधारना एवं वास्तविक तथ्यों को सामने लाना है। लेकिन, इसमें एक बड़ी बाधा है पूजा स्थल अधिनियम, 1991, जो देश में आजादी से पहले से मौजूद धार्मिक स्थलों जुड़े तथ्यों की खोजबीन की भी अनुमति नहीं देता है? क्या इसके चलते देश में आक्रांतवादी सोच एवं देश की विरासत को धुंधलाने की कोशिश पर पर्दा ही पड़ा रहेगा? ऐतिहासिक अन्याय, अत्याचार एवं राष्ट्र-विरोधी सोच एवं सच्चाई तो सामने आनी ही चाहिए। इस देश में उन विघटनकारी एवं संस्कृति-विरोधी लोगों की मर्जी कब तक चलती रहेगी? कब तक बात-बेबात हंगामा होता रहेगा? कब तक सांस्कृतिक पहचान को बेमानी साबित करने के षडयंत्र होते रहेंगे?

इस सच से इंकार नहीं किया जा सकता कि इतिहास से न केवल छेडछाड़ हुई है बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को निस्तेज भी किया गया है। इसी बात को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उजागर करते हुए कहा कि हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है। अतीत में यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं, यह बात पूर्व में भी बार-बार अनेक नेताओं ने कही है, लेकिन इतिहास को सही रूप में पेश करने का काम नहीं हो पा रहा है और वह भी तब, जब सभी इससे परिचित हैं कि सच्चे इतिहास की जानकारी के अभाव में लोगों के बीच नासमझी की खाई चोड़ी ही होती है, झूठे इतिहास को ही लोग सच मानने से उनकी अपनी परम्परा एवं इतिहास के प्रति आस्था की बजाय घृणा बढ़ती है। अपनी इतिहास एवं संस्कृति की विलक्षण एवं विशेषताओं से दूरी बनाकर झूठे इतिहास के कसीदें पढ़ने से राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव क्षीण होता है। ऐसी स्थितियों में राष्ट्रीय एकता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के गौरवपूर्ण क्षण कैसे सामने आ सकते हैं। झूठे इतिहास के कारण लोग संगठित कैसे हो सकते हैं? उनके स्वर विपरीत ही होते हैं, जिससे एक-दूसरे से जुड़ना तो दूर आपसी द्वेष, नफरत एवं द्वंद्व की स्थितियां ही राष्ट्र पर हावी होती है। सही इतिहास जानने की इस महत्ता से हमारे नीति-निमार्ता अनभिज्ञ रहे हैं। अन्यथा इस विषय पर यहां इतनी दलबंदी न होती। हमें एक असहिष्णु, उन्मादी एवं कट्टरवादी समाज बनने के रास्ते पर ही नहीं, बल्कि भीतर से ज्यादा से ज्यादा विभाजित एवं कमजोर समाज बनने के रास्ते पर धकेला जा रहा है। इस तरह की स्थितियां एवं मुहिमें देश की एकता एवं अखण्डता पर आघात करती है। भारतीयों ने गणित व खगोल विज्ञान पर प्रामाणिक व आधारभूत खोज की। शून्य का आविष्कार, पाई का शुद्धतम मान, सौरमंडल पर सटीक विवरण आदि का आधार भारत में ही तैयार हुआ। वसुधैव कुटुम्बकम का विचार इसी देश ने किया। अहिंसा यहां की जीवनशैली का सौन्दर्य रहा है, विविधता में एकता को हमने जीकर दिखाया है, लेकिन हमारी उदारता को आक्रांताओं एवं विभाजनकारी ताकतों ने हमारी कमजोरी मान लिया है। यही कारण है कि तात्कालिक एवं अतीत की कुछ नकारात्मक घटनाओं व प्रभावों ने जो धुंध हमारी सांस्कृतिक जीवन-शैली पर आरोपित की है, उसे सावधानी पूर्वक हटाना होगा। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और सवारें तथा उसकी मजबूत आधारशिला पर खडे.होकर नए मूल्यों व नई संस्कृति को निर्मित एवं विकसित करें। ऐसा करके ही हम नया भारत-सशक्त भारत निर्मित कर पायेंगे। समृद्ध संस्कृति भारत की एक विरासत है। इसमें धर्म, अध्यात्मवाद, ललित कलाएं, ज्ञान विज्ञान की विविध विधाएं, नीति, दर्शन, विधि, विधान, जीवन प्रणालियां और वे समस्त क्रियाएं और कार्य हैं जो उसे महान बनाती है। समय-समय पर इसका विविध संस्कृतियों के साथ संघर्ष, मिलन, परिवर्तन, परिवर्धन और आदान-प्रदान हुआ है। भारतीयों की अनेक भावनाओं पर शताब्दियों से समय-समय पर आती रहने वाली विविध जातियों ने बहुत पहले से ही अपना न्यूनाधिक प्रभाव डाल रखा था। परंतु इस्लाम के आ जाने पर भारतीय संस्कृति में एक हलचल सी मच गयी, सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करने के सलक्ष्य प्रयत्न हुए, कला, धार्मिकता, शिल्प के मन्दिरों को ध्वस्त करके मस्जिदों का निर्माण कराया गया।

# मत्स्यगंधा झील, सहरसा का विकास

मत्स्यगंधा झील लगभग 3 लाख वर्ग मीटर में फैली एक कृत्रिम झील है। मत्स्यगंधा झील की परिकल्पना 1996 में तत्कालीन सहरसा कलेक्टर तेज नारायण लाल दास ने जलकुंभी से भरी एक बंजर भूमि के विकास के रूप में की थी, जिसका उपयोग शवों के दाह संस्कार के लिए किया जाता था। वर्तमान में, झील का पर्यटन के लिए कम उपयोग किया जाता है। प्रस्तावित मत्स्यगंधा झील विकास परियोजना का उद्देश्य इस जल निकाय को सहरसा के लिए एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण और मनोरंजक स्थल में बदलना है। इस परियोजना में झील के चारों ओर विभिन्न सुविधाएँ और आकर्षण स्थल बनाने की अवधारणा की गई है, जिसमें एक प्रवेश प्लाजा, हाट क्षेत्र, फूड कोर्ट, अनुभव केंद्र, पुल, भूदृश्य क्षेत्र, घाट और एक मेला ग्राउंड शामिल हैं। मत्स्यगंधा मंदिर, परिसर की एक उल्लेखनीय विशेषता है, जो इस स्थल के सांस्कृतिक महत्व में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। इसे रक्त काली मंदिर अथवा 64-योगिनी मंदिर के रूप में भी जाना जाता है, यह पूरे राज्य से तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को आकर्षित करता है। इसकी वास्तुकला और आध्यात्मिक महत्व, इसके प्राकृतिक परिवेश के साथ मिलकर इसे प्रस्तावित पर्यटन विकास का केन्द्र बिन्दु बनाते हैं। परियोजना की अवधारणा और मुख्य उद्देश्यः मत्स्यगंधा झील के विकास में आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक घटकों के साथ इसे एक व्यापक पर्यटक आकर्षण बनाना शामिल है। परियोजना का उद्देश्य झील क्षेत्र को एक जीवंत, बहु-कार्यात्मक स्थल में परिवर्तित करना है जो विभिन्न हितों और गतिविधियों को पूर्ण करता है। इस विकास में पौराणिक




कथाओं, वास्तुकला और प्रकृति के संयोग से आगंतुकों को यहां एक अनूठा अनुभव मिलेगा। परियोजना के घटकः इस परियोजना का उद्देश्य कम उपयोगी जल निकाय और उसके आस-पास के परिवेश को पुनर्जीवित करके पर्यटकों के समृद्ध अनुभव को बढ़ाना है। परियोजना में कई प्रमुख घटक शामिल हैं, जिनमें एक प्रवेश प्लाजा, फूड कोर्ट, अनुभव केंद्र, भूदृश्य क्षेत्र, घाट और एक मेला ग्राउंड शामिल हैं, जो सभी पर्यटकों को आकर्षित करने और एक समग्र आगंतुक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। अपेक्षित परियोजना प्रभाव और मूल्य रोजगारः 484 पीपीपी परियोजनाएँः 4 परियोजनाएं, 335 करोड़ रुपए इस पहल से चार परियोजनाओं के माध्यम से सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिनका कुल निवेश मूल्य 335 करोड़ रुपए है। इनमें एक मनोरंजन पार्क, होटल, कन्वेंशन सेंटर आदि शामिल हैं। बीते दिनों बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरुल तो कह चुके हैं की भारत को ये समझना होगा कि ये शेख हसीना का बांग्लादेश नहीं है.। अब पता नहीं की भारत आसिफ नजरुल की बात समझा है या नहीं? बावजूद इसके भारत सरकार ने शेख हसीना को बांग्लादेश कि मौजूदा सरकार के सुपुर्द नहीं किया है। रार की असली वजह शायद यही है। हमें याद रखना चाहिए कि भारत और बांग्लादेश चार हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा साझा करते हैं और दोनों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा भारत और म्यांमार से लगती है लेकिन उसकी 94 फीसदी सीमा भारत से लगती है. इसलिए बांग्लादेश को इंडिया लॉक्ड देश कहा जाता ह। इतना ही नहीं बीते कुछ सालों में बांग्लादेश, भारत के लिए एक बड़ा बाजार बनकर उभरा है. दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है. वर्ष 2022-23 में बांग्लादेश भारत का पांचवां सबसे बड़ा निर्यात बाजार बन गया. वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 15.9 अरब डॉलर का था। अब भारत के सामने एक ही विकल्प है कि भारत बांग्लादेश को अपना भूभराकर स्वरूप दिखा। हड़काये, पाबंदियां लगाए। अंतर्राष्ट्रीय दबाब बनाये, अन्यथा बांग्लादेश भी पाकिस्तान के बाद भारत का एक स्थाई दुश्मन बन जायेगा। बांग्लादेश की मौजूदा सत्ता का झुकाव इस समय भारत के बजाय चीन की और है, तय है कि बांग्लादेश इसी लिए भारत के दबाब में आ नहीं रहा है। भारत को बांग्लादेश के मौजूदा शासकों को अतीत की याद दिलाना चाहिए। यदि भारत की मौजूदा सरकार बांग्लादेशी हिन्दुओं की हिमायत करने में नाकाम रही तो आप तय मान्य की वो भारत के हिन्दुओं के दिलो दिमाग से भी उतर जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्थापना दिवस समारोह मनाया जायेगा आज

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। पश्चिम चम्पारण बेतिया जिले के 52 वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक-07.12.2024 को अपराह्न 02.00 बजे से समाहरणालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया है। जिला स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, दिनेश कुमार राय द्वारा किया जाना है। समारोह अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम में चम्पारण गौरव गाथा नृत्य, शास्त्रीय ध्रुपद गायन, शास्त्रीय भजन, बिहार गीत, लोकगीत, गजल, संगीत आदि का कार्यक्रम विभिन्न कलाकारों द्वारा किया जायेगा। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, राकेश कुमार ने बताया कि समाहरणालय परिसर में जिला स्थापना दिवस का समारोह मनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति दी जायेगी।

### 5047.74 लाख की लागत से जिले में बनेगा अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण एवं उत्थान के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। इस हेतु लगातार सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजना अंतर्गत पश्चिम चम्पारण जिले के चनपटिया अंचल (बीबी आमना वक्फ इस्टेट संख्या-1523) में 560 आवासन क्षमता वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण शीघ्र होगा। अल्पसंख्यक आवासीय भवन निर्माण हेतु तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन की राशि रू0 5047.74 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति स-रकार द्वारा प्रदान कर दी गयी है। इस संदर्भ में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान ने कहा कि सरक-ार अल्पसंख्यक समुदाय की हितैषी है। सरकार ने पश्चिम चम्पारण जिले के अल्पसंख्यकों को बड़ी सौगात दी है। आवासीय विद्यालय भवन बन जाने से यहां के अल्पसंख्यक बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में बहुत मदद मिलेगी। बच्चों का भविष्य उज्जवल एवं बेहतर बनाने की दिशा में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय मिल का पत्थर साबित होगा।

### पड़ोसी पर जान से मारने का आरोप लगा, थाना में केस दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। जलसंसाधन विभाग के जी टाइप कॉलोनी निवासी सन्ध्या देवी पति पुनदेव गिरी ने पड़ोसी अनिता देवी पति पारस बिन पर जान से मारने का आरोप लगाते हुए वाल्मीकिनगर थाने में केस दर्ज कराई है। थाना में दिए आवेदन में संध्या देवी ने बताया की मैं जिस डेरा में रह रही हूं उसे पड़ोस की अनिता देवी और उसका पति खाली कराकर कब्जा करना चाहता है। ये मेरी नाबालिग बेटी को मनचले लड़-को से तंग करवाती है।हमेशा इन बातों को लेकर आपस मे कहा सुनी होती रहती है और मुझे जान से मारने की धमकी वे लोग देते रहते है।जब बच्चों की बीच कहासुनी के बीच,बीच बचाव करने गई तो मुझ पर बखुआ से हमला किया गया।हमला मेरी आँख पर हुई,मैं खून से लतपत जंगल की तरफ भागी।होहल्ला सुनकर कई लोग आ गए। मुझे सरकारी अस्पताल लेकर गए। झगड़े के दौरान मेरे गले से मंगलसूत्र और 18 हजार रुपए निकाल लिए गए।

### मां ने घर से शादी की नीयत से भगाई गई लड़की पर चोरी का आरोप लगाया

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर के ठाढ़ी गांव निवासी रेखा देवी ने थाने में दिए आवेदन के द्वारा अपनी बेटी पर घर के पेटी में रखे गहने और 25 हजार रुपए चोरी कर लिए जाने की आशंका व्यक्त की है।आवेदन के माध्यम से बताया कि मैं जब खेत मे लकड़ी लाने गई तभी मेरी बेटी बाजार से सामान लेने गई थी जब शाम तक घर नहीं लौटी तो हम लोग लोगों से पूछताछ किए।पूछताछ करने पर पता चला कि शिवपुरी निवासी रहीम मियां के बेटे बिस्मिल्लाह अंसारी के साथ गई है।जब हमलोग रहीम मियां से उनके घर जाकर पूछताछ कुए तो रहीम मियां गालीगलौज करने लगा।जब वापस घर आई तो घर मे रखा पेटी खुला हुआ था।पेटी में देखा तो उसमें रखा 25 हजार रुपए और गहने गायब मिले। आशंका है कि मेरे बेटी ही पैसे लेकर गई है। वहीं बिस्मिल्लाह अंसारी पर बेटी को शादी की नीयत से भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 55 मामलों की हुई सुनवाई, निष्पादन का निर्देश

## हर मामले को बहुत गंभिरता से ले अधिकारी: जिलाधिकारी

### कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 55 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य, से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया।

जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें मुसमात खतुनिया, प्रतिमा देवी, रमिता देवी, पार्वती देवी, कृष्णा तिवारी, बनिता मलिक, सुनिता देवी, शीला कुमारी, मुसमात तेतरी, गीता देवी, पूनम देवी, आशा कुमारी, द्वारिका पासवान, सुगंती देवी, रीना देवी आदि के नाम शामिल हैं।इस अवसर पर अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविन्द्र अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी रोचना माद्री विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रोगी हित धारक मंच के गठन के साथ बताया गया फाइलेरिया से बचाव के उपाय

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। पश्चिम चम्पारण के मधुबनी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के खलवापट्टी आरोग्य मंदिर पर सीएचओ दिपेश्वरी के अध्यक्षता में रोगी हित धारक मंच का गठन किया गया। जिसमे मुखीया राजेश कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य मो युसूफ अंसारी, ग्रामीण डॉक्टर सुमीत कुमार गुप्ता, आंगनवाड़ी सेविका सुनीता कुमारी, आशा फस्लिटेटर रीता देवी, आशा मालती देवी, प्रियंका देवी, सुशीला देवी, शिल्पी देवी, जीविका से जफ्रीना खातून व अन्य कई लोग शामिल हुए। जहां सीएचओ दिपेश्वरी के द्वारा फाईलेरिया बीमारी के बारे मे पूरी जानकारी दी गई, साथ ही इससे बचाव के बारे मे विस्तार से चर्चा किया गया। मुखिया राजेश गुप्ता ने पंचायत में जन जागरुकता कराए जाने की बात कही। प्रधानाचार्य मो युसूफ अंसारी ने कहा की स्कुल में हमलोग फाईलेरिया बीमारी के बारे में छात्रों को जानकारी देंगे। साथ ही फरवरी में सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत सभी को दवा सेवन कराएंगे ताकि फाइलेरिया को नियंत्रित किया जा सकें। सीएचओ दिपेश्वरी ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर रोगी हित धारक मंच (पीएसपी) के सदस्यों को फाइलेरिया के अलावे कालाजार, मलेरिया और टीबी जैसी बीमारी से बचाव व उपचार के बारे में भी जानकारी दी। एसीएमओ डॉ रमेश चन्द्र ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। मरीज हितधारक मंच (पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म) द्वारा सभी हितधारकों को एक मंच पर लाकर फाइलेरिया के बारे में अलख जगाने में इससे मदद मिलेगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ के द्वारा की जा रही बहुत ही अच्छी पहल है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ नवल किशोर ने कहा कि पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म के माध्यम से समुदाय में फाइलेरिया के बारे में जागरूकता का प्रचार- प्रसार करने की जरूरत है। लोगों को जागरूक कर ॒एमडीए अभियान॒ के दौरान ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करना एवं आशा कार्यकर्ता के सहयोग से समुदाय के लोगों को जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है।मौके पर सीएफएआर से जिला प्रतिनिधि बिनोद श्रीवास्तव तथा प्रखंड प्रतिनिधि मार्कण्डेश्वर दुबे थे।

# शाहिद हुसैन बने शतरंज के प्रशिक्षण के क्षेत्र में बने नेशनल इंस्ट्रक्टर

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।चंपारण ।तरंज अकादेमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन को शतरंज प्रशिक्षण के क्षेत्र में नेशनल इंस्ट्रक्टर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के द्वारा टाइटल द्वारा दिया गया है इन्होंने उत्तर-प्रदेश के लखनऊ में आयोजित 25 से 27 अक्टूबर 2024 को फीडे ट्रेनर सेमिनार में भाग लिया और वहां पे ग्रैंड मास्टर अंकित राजपारा जी और इंटरनेशनल मास्टर विशाल सरीन जी से शतरंज के प्रशिक्षण के नियम सीखें और खिलाड़ियों को कैसे शतरंज का ट्रेनिंग दिया जाए इसके बारे में जानकारी दी गयी उसके बाद एग्जाम का आयोजन किया गया हैं जिसमें शतरंज प्रशिक्षक के रूप में नेशनल इंस्ट्रक्टर का परीक्षा में पास करने पर उनके यह टाइटल दिया गया हैं। इनके द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम द्वारा खिलाडियों को शतरंज सिखाया जाता है।साथ ही निर्णायक के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के द्वारा फीडे आर्बिटर उपाधि पहले ही ले चुके हैं। इस उपलब्धी के लिए समस्त बिहार शतरंज परिवार की ओर से और साथ ही चंपारण शतरंज अकादेमी के निर्देशक नवीन जायसवाल आदि गणमान्य लोग थे।

# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को अर्पित की गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

- जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने समाहरणालय परिसर अवस्थित बाबा साहेब के आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। भारतीय संविधान के निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आज उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने समाहरणालय परिसर अवस्थित आदककद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समरसता एवं समानता का जो मार्ग दिखाया है, उस पर सभी को आगे बढ़ना चाहिए। इनके द्वारा किये गये कार्य सभी के लिए सदैव प्रेरणा है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए किया गया जागरूकता अभियान

बेतिया(घनश्याम)। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निदेश के अलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बाल विवाह, लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण, अभायलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों और लिंग भेदभाव, दतक ग्रहण, प्रिक्रियाओं और जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।जागरूकता अभियान के माध्यम से सन्देश दिया गया कि कम उम्र में बच्चों की शादी करना, बच्चों के साथ किसी भी प्रकार के यौन अपराध करना, गैर कानूनी रूप से बच्चा गोद लेना कानूनन अपराध है। इसके लिए सजा और जुमार्ना का प्रावधान है। बच्चा हमेशा कानूनी प्रक्रिया से ही गोद लें। इस अभियान में पढ़ने लिखने कि उम्र है, बाल विवाह जुर्म है, बच्चा फेके नहीं हमें दें आदि नारों का प्रदर्शन किया गया।इस अभियान में ब्रजभूषण कुमार, सहायक निदेशक सहित जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारियों एव सभी कर्मी, बालगृह के सभी कर्मी, पर्यवेक्षण गृह के कर्मी, विशिष्ट दतक ग्रहण के कर्मी तथा विपिन उच्च विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी,गांजा समेत दो तस्करों को किया गया गिरफ्तार

बगहा।बगहा के चौतरवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापामारी के दरमियान भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। चौतरवा पुलिस ने तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 क्विंटल 4 किलो गांजा बरामद किया है।वहीं दो लोगो को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान धनहा थाना के दौनहा गांव निवासी राजू यादव और सिवान जिले का निवासी बादल यादव के रूप में की गई है। बगहा सीडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि रात्रि में जांच के दरमियान गांजा को बरामद किया गया। दरअसल, गांजा एक ट्रक में छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बगहा एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस तस्करी रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क है। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही पूरे गिरोह का पदार्फाश किया जाएगा। एसडीपीओ ने बताया कि सूचना पर चौतरवा पुलिस ने मुख्य सड़क पर चेकिंग अभियान चलाया और ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर 16 बोरों में 204 किलो गांजा मिला। पुलिस अब इस तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। बतादें कि बगहा में पुलिसिया कार्रवाई में अब तक सबसे बड़े पैमाने पर गांजा को बरामद किया गया है। पूछताछ के दरमियान पता चला है कि गांजा को उड़ीसा से लाया जा रहा था जिसे उत्तर प्रदेश ले जाना था लेकिन उत्तर प्रदेश से ठीक 30 किलोमीटर पहले गांजा के खेप के साथ पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया ।

# समारोह पूर्वक मना बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस

छपरा कार्यालय।संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस शुक्रवार को अंबेडकर चौक अवस्थित अंबेडकर स्थल में समारोह पूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर डीपीओ स्थापना धनंजय पासवान, जिला अभियंता डीएन दत्ता, परिगणित जाति कल्याण संघ के अध्यक्ष अजित कुमार मांझी, शैलेन्द्र राम, अधिवक्ता अनिल कुमार मांझी, बिनोद कुमार चौधरी, रमेश चंद्रा, सुपेंद्र चौधरी, अमर राम, शंभू मांझी, सत्यप्रकाश मांझी, विष्णु कुमार, रामलाल राम, रामनरेश पासवान आदि थे।

# हत्या मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड की सजा

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम अनुराग त्रिपाठी ने रिवीलगंज थाना कांड संख्या 295/20 के सत्र वाद संख्या 358/ 21 में रिवीलगंज थाना के बड़का बैजू टोला निवासी गोलू सिंह तथा अमीर सिंह को अंदर दफा 302/ 34 के अंतर्गत आजीवन कारावास तथा पचास हजार रूपए अर्थ दंड, अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त 6 माह की सजा सुनाई है तथा थाना कांड की सूचिका सपना सिंह को 6 लाख रुपए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया है ।बताते चले की थाना कांड की सूचिका रिवीलगंज थाना क्षेत्र की नयका बैजू टोला निवासी सपना सिंह पति स्वर्गीय उमेश सिंह उर्फ सोनू सिंह ने जख्मी हालत में सदर अस्पताल छपरा में अपना फर्द बयान दर्ज कराया था। जिसमें उसने बतलाया था कि दिनांक 24 अगस्त 2020 को रात्रि में मेरे घर में मेरे भसुर राजेश सिंह के लड़की अनामिका सिंह के साथ मेरे पट्टीदार चाचा सुग्रीव सिंह का लड़का गोलू सिंह उर्फ विशाल आकर सोया था। मेरे पति स्वर्गीय उमेश सिंह उर्फ सोनू घर में गए तो देख लिए जिस पर वह दोनों एक एक हाथ उनको मारे तभी गोलू सिंह उर्फ विशाल घर से भाग गया। थोड़ी ही देर बाद गोलू सिंह प्रदीप सिंह दीपक सिंह अमीर सिंह दीदार सिंह अजीत सिंह सुग्रीव सिंह सुनीता देवी अकलू सिंह छोटका सिंह कल्लू सिंह एक राय वह मेल में होकर जान मारने की नीयत से हाथ में तलवार फरसा लाठी कट्टा लेकर आए और मेरे पति स्वर्गीय उमेश सिंह के साथ मारपीट करने लगे इसी क्रम में गोलू सिंह उर्फ विशाल सिंह जो अपने हाथ में तलवार लिए था तथा दीपक सिंह जो अपने हाथ में फरसा लिए था। जान मारने की नीयत से मेरे पति के सर पर अंधाधुंध प्रहार कर तीन चार जगह काट दिए। जिससे मेरे पति गंभीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर छटपटाने लगे एवं काफी खून बहने लगा तत्क्षण ही घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। मुझे भी मार पीट कर जख्मी कर दिए।मेरे रोने की आवाज पर मेरे भसुर राजेश सिंह बचाने आए तो उनको भी वे लोग मारकर जख्मी कर दिए। काफी हल्ला गुल्ला होने पर अगल-बगल के लोग आए लेकिन अभियुक्तों के डर से कोई छुड़ाने नहीं आया। कुछ देर बाद पुलिस आई तो जख्मी हालत में मुझे और मेरे भसुर को सदर अस्पताल में ले आई। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रिय रंजन सिन्हा ने सरकार का पक्ष न्यायालय में रखा और सख्त सजा देने की गुहार लगाई।

# रक्तदान से कम हो जाता है हार्ट अटैक और कैंसर का खतरा:गरिमा

- एचडीएफसी बैंक द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का महापौर ने किया समारोहपूर्वक उद्घाटन

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। नगर निगम महापौर ने निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि बैंक एचडीएफसी के द्वारा शुक्रवार को आयोजित रक्तदान शिविर का समारोह पूर्वक उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है। क्योंकि रक्तदान कर के से किसी की जान बच सकती है। वही रक्तदान करने वाले को भी अनेक प्रकार के स्वास्थ्य लाभ होते हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने वाले स्वस्थ आदमी के फिजिकल फिटनेस में सुधार के साथ उनके शारीरिक वजन को भी संतुलित बनाए रखा जा सकता है। महापौर श्रीमति सिकारिया ने चिकित्सक गण की सलाह आधारित जानकारी साझा करते हुए यह भी बताया कि स्वस्थ आदमी के रक्तदान करने से दिल का दौरा पड़ने या हार्ट अटैक का खतरा भी कम हो जाता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि रक्तदान करके कैंसर जैसे घातक रोग के खतरे को भी कम किया जा सकता है। रक्तदान करने से शरीर की नई रक्त कोशिकाओं बनने की गति तेज होती है।रक्तदान करने से रक्त में लौह-स्तर अर्थात आयरन लेबल को संतुलित या मेंटेन रखा जा सकता है। पिछले 16 वर्षों से लगातार एचडीएफसी बैंक पूरे भारतवर्ष में ब्लड कैंप आयोजित करता है। मौके पर शाखा प्रबंधक अशोक कुमार, उप प्रबंधक राजेश मिश्रा, वरिष्ठ अधिकारी राजू कुमार, पीयूष कुमार, जीएमसीएच बेतिया ब्लड बैंक आदि की महती भागीदारी रही।

# राष्ट्रीय टीबी मुक्त कार्यक्रम अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

- एमओआईसी, एसटीएस, एसटीएलएस का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण
- टीबी मुक्त पंचायत बनाने पर दिया गया जोर

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। राष्ट्रीय टीबी मुक्त कार्यक्रम अन्तर्गत बेतिया के एक निजी होटल में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार की अध्यक्षता में हुआ। सिविल सर्जन ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिलास्तरीय उन्मुखीकरण में जिले भर के एमओआईसी, एसटीएस, एसटीएलएस को अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा एवं डब्लूएचओ के राज्य प्रतिनिधि डॉ गौरव के द्वारा निःशुल्क टीबी की जाँच, उपचार एवं निक्षय पोषण योजना, डिफरेंसीयेटेड टीबी केयर ट्रेनिंग, वित्तीय सहायता, 3 एचपी दवा की उपयोगिता एवं अन्य प्रयासों पर प्रशिक्षण दिया गया। सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने टीबी मुक्त पंचायत बनाने पर जोर देते हुए कहा की पीएचसी के साथ ही ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा टीबी रोगियों की पहचान करना बेहद आवश्यक है तभी टीबी मुक्त अभियान को सार्थक बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान टीबी मरीजों के लक्षणों के आधार पर परीक्षण करने, टीबी की पुष्टि होने के बाद मरीजों का पंजीकरण कर दवाओं के पूरा कोर्स कराने, उनकी

इलाज की सुविधा के साथ सतत निगरानी करने की बात कहीं गईं।

### मरीजों की पहचान हेतु प्रचार - प्रसार जरूरी :

एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा ने कहा की सामुदायिक क्षेत्रों में चौपाल के साथ जनप्रतिनिधियों के सहयोग से टीबी के बारे जन जागरूकता बेहद जरूरी है, लोगों को आशा, स्वास्थ्य कर्मियों व शोशल मिडिया के माध्यम से बताए की दो हफ्ते तक खांसी के दौरान खून आता है। छाती में दर्द और सांस फूलती है। लगातार वजन का कम हो रहा है तो देरी न करें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीबी की जाँच कराए।

वहीं टीबी मरीज को कौन सी दवा कितने दिनों तक खिलानी है, इसकी पूरी जानकारी प्रशिक्षण सत्रों के दौरान दी गई। निक्ष्य पोषण योजना के तहत क्षय रोगियों के पहचान होने के पश्चात के आर्थिक लाभ, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा, डब्लूएचओ के राज्य प्रतिनिधि डॉ गौरव, डॉ चेतन जायसवाल, एमओआईसी, एसटीएस, एसटीएस, जिला यक्षमा केंद्र के सूर्य नारायण साह व अन्य लोग उपस्थित थें।

# सोनपुर मेला में दिखेगा शास्त्रीय नृत्य का अद्भुत नजारा

- मुख्य मंच पर शनिवार शाम 7 बजे शास्त्रीय नृत्य के समृद्ध सांस्कृतिक रूप को प्रस्तुत करेंगी अतिशा
- सारण सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री रुडी की छोटी पुत्री है अतिशा प्रताप सिंह
- साढ़े तीन साल की उम्र में पूर्व राष्ट्रपति कलाम की कविताओं पर दी थी पहली प्रस्तुति
- पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित युगल गुरू राजा राधा रेड्डी की शिष्या है अतिशा

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। । पौराणिक आख्यानों में वर्णित विश्वविख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला शास्त्रीय नृत्य व संगीत की ओजस्वी प्रस्तुतियों से गुंजायमान होगा। पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित युगल गुरु राजा राधा रेड्डी की शिष्या और पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण के सांसद राजीव प्रताप रुडी की छोटी बेटी अतिशा प्रताप सिंह मनमोहक कुचिपुड़ी नृत्य प्रस्तुत करेंगी। यह आयोजन 07 दिसम्बर शनिवार को 07 बजे सोनपुर मेला के मुख्य मंच पर होगा। भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए विश्व विख्यात है। भारत में कई शास्त्रीय नृत्य प्रचलित है जिनमें कुचिपुड़ी का महत्वपूर्ण स्थान है। अपनी जटील और विशेष भाव-भंगिमाओं के लिए यह नृत्य प्रसिद्ध है जिसमें एक विषय विशेष को नृत्य कला के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले के मुख्य मंच पर शनिवार को अतिशा प्रताप सिंह की कुचिपुड़ी नृत्य की विशेष प्रस्तुति होगी।

अतिशा ने बाल्यकाल से ही कला के प्रति अपनी समर्पण प्रदर्शित की जिसके कारण पिता ने 3 साल की उम्र में ही उसे महान कुचिपुड़ी नृत्य के गुरु राजा राधा रेड्डी के सानिध्य में नृत्य कला को निखारने के लिए भेजा। यही कारण है कि नृत्यकला की तमाम बारीकियों को शिद्दत से आत्मसात करते हुए आज देश की गिनी चुनी कुचिपुड़ी नृत्यांगना में अपना शामिल है।

अतिशा ने अभी तक भारत और विदेशों में बड़े मंचों पर प्रस्तुति दी है जिसमें प्रमुख रूप से लंदन फैशन वीक का उद्घाटन और समापन समारोह, साइट डी म्यूजिक फिलहारमोनी पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय शो नमस्ते फ्रांस में, नेपाल मे आये भीषण भूकंप के पीड़ितों के लिए सिंगापुर में चैरिटी कार्यक्रम, दिल्ली में भारतीय युवा महोत्सव, जी टीवी महिला पुरस्कार, एयर इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में और पूर्व लोकसभाध्यक्षा सुमित्रा महाजन द्वारा आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रममें अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों के मन पर अमिट छाप छोड़ी है।सोनपुर मेला के मुख्य मंच से अपनी प्रस्तुति देने वाली अतिशा का बिहार में यह पहली प्रस्तुति होगी। इन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र में पूर्व राष्ट्रपति ए॰ पी॰ जे॰ अब्दुल कलाम की लिखी कविताओं पर अपनी पहली प्रस्तुति दी थी। इसके बाद रंगप्रवेशम में प्रदर्शन के साथ ही इन्होंने देश भर में और विदेशों में प्रतिष्ठित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी है। अतिशा न केवल एक प्रशिक्षित कुचिपुड़ी नृत्यांगना हैं, बल्कि एक कुशल खिलाड़ी भी हैं। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला जूनियर फुटबॉल टीम में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है।

# जिला पदाधिकारी के द्वारा लोक शिकायत के 13 मामलों की सुनवाई करते हुए समाधान किया गया



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा आज कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 13 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 04 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 09 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### रोहतास जिला राजद संगठन परिवार द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । भारतीय संविधान के मुख्य निमार्ता और समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर, रोहतास जिला राजद संगठन परिवार ने सासाराम स्थित समाहरणालय गेट के पास स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर संगठन के सभी प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उपस्थित होकर डॉ. अंबेडकर के विचारों और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक न्याय, समानता, और मानवाधिकारों के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी और एक ऐसे संविधान की रचना की, जो सभी को समानता और स्वतंत्रता प्रदान करता है। उनके आदर्श आज भी हमें प्रेरणा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को अमूल्य बनाते हैं।इस अवसर पर युवा राजद के जिलाध्यक्ष शिवन्त कुशवाहा ने कहा, कि ह्लडॉ. अंबेडकर के दिखाए गए मार्ग पर चलकर हमें सामाजिक भेदभाव को मिटाना होगा और उनके सपनों का भारत बनाना होगा। यह दिन उनके योगदान को याद करने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का दिन है।इस कार्यक्रम में राजद कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उनके योगदान को नमन किया। साथ ही, समाज में समानता और न्याय के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

### बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के 68 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

डेहरी(रोहतास) । डेहरी अनुमंडलीय विधिज्ञ के संघ डेहरी के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय के अध्यक्षता में विश्वरतन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के 68 वा महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया ।उनके पुण्यतिथि पर सारे विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता गण द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया उनको मानने वालों में संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय ,महासचिव रितेश कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद पाल, वरीय अधिवक्ता सतनारायण सिंह ,विजेंद्र पाल, दिनेश्वर पासवान ,चंद्रिका राम, राम नाथ राम ,अरुण पाल, प्रदीप कुमार, शशि भूषण प्रसाद ,सुजीत प्रसाद ,अजय कुमार टाइद ,गोपाल राम, अरविंद राम, रविंद्र कुमार ,कमलेश कुमार राम आशीष सिंह, श्वेता पांडेय ,नूरी प्रवीण, एवं अंकित कुमार के उपस्थिति में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया ।

### नोखा रविदास मुहल्ला में डॉ . भीम राव अम्बेदकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

अखिल भारतीय अम्बेदकर कल्याण संघ के तत्वावधान में भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ . भीम राव अम्बेदकर का 68 वीं महापरीनिर्वाण दिवस नोखा रविदास मुहल्ला में मनाया गया. जिसकी अध्यक्षता कर रहे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार चक्रवर्ती ने कहा कि समाज के आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक विकास के लिए सांस्कृतिक विकास की ज्यादा जरूरत है. संस्कृतिक विकास के आधार पर समाज के विभिन्न विकास का पहल ज्यादा टिकाऊ होता है. संस्कृति डॉ अंबेडकर के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित होना चाहिए. आज के दौर में डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को मानना जरूरत और मजबूरी दोनों हो गया है. बिना उनके आदर्श के सभ्य समाज की कल्पना और प्रगति करना सम्भव नहीं है. संविधान निमार्ता डॉ अंबेडकर आधुनिक भारत के शिल्पकार भी हैं जो देश के हरएक व्यक्ति को सम्मान से जीवन जीने का कानूनन अधिकार संविधान के जरिए दिए. भारत के लगभग पचास प्रतिशत आबादी महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार देने वाले डॉक्टर अंबेडकर पूरे विश्व में महिलाओं के लिए एक मिसाल हैं. कार्यक्रम को वार्ड पार्षद राम एकबाल राम, रंजीत कुमार, राहुल कुमार, संतोष राम ने संबोधित किया.

### राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने रुप सज्जा से सीताराम विवाहोत्सव में लिया भाग

आरा।राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों ने रुप सज्जा के माध्यम से स्थानीय राम जानकी मंदिर, रामगढ़िया मठिया, आरा में सीताराम विवाहोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

भैया बहनों का अनुशासित समूह भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, राजा दशरथ जी एवम परशुराम के वेश में घोष दल की अगुआई में बारात लेकर विवाहोत्सव स्थल पर भजन कीर्तन करते हुए पहुंचे, जहां स्थानीय ग्रामीणों द्वारा राजा जनक की अगुआई में सभी का स्वागत किया गया। विवाह स्थल पर शिव धनुष भंग की और लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन हुआ।

# पटना-आरा-सासाराम फोरलेन हाईवे को सरकार ने दिया मंजूरी

## फोरलेन हाईवे पटना को सीधे जीटी रोड से जोड़ेगा

प्रात किरण संवाददाता

आरा। पटना-आरा-सासाराम फोरलेन हाईवे पटना आरा सासाराम को लेकर बड़ी खुशखबरी सामने आई है, करीब 3900 करोड़ के फोरलेन हाइवे की सौगात मोदी सरकार ने दी है, ये फोरलेन हाईवे पटना को सीधे जीटी रोड से जोड़ेगा यानी कि इसके बाद पटना से आरा और सासाराम का सफर आसान हो जाएगा और साथ ही इसमें लगने वाले समय की भी बचत होगी, इस फोरलेन हाईवे से बिहार से यूपी और दिल्ली की कनेक्टिविटी बहुत आसान हो जाएगी, जल्द ही निर्माण शुरू किया जाएगा, चयनित एजेंसी को ढाई साल में निर्माण पूरा करना होगा वहीं तैयार हो जाने के बाद इस हाइवे पर 100 की स्पीड से गाड़ियां दौड़ सकेंगी।



### प्रोजेक्ट के लिए 3900 करोड़ रुपये का बजट

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठऌअक) ने बिहार सरकार के आग्रह पर इस प्रोजेक्ट के लिए 3900 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है, टेंडर जारी हो गया था पर ऊअ की मंजूरी का इंतजार था मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।

### ढाई साल में निर्माण पूरा

बताया जा रहा है कि चयनित एजेंसी को ढाई साल में निर्माण पूरा करना होगा और 15 साल तक इसकी देखभाल करनी होगी वहीं समय सीमा को देखते हुए सरकार की कोशिश है कि मार्च 2025 तक इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाए।

यह हाईवे एक्सेस कंट्रोल टाइप का होगा, यानी कि गाड़ियों के चढ़ने-उतरने के लिए निश्चित जगहें होंगी इससे हाईवे पर ट्रैफिक आसानी से मूव होगा और और गाड़ियों की स्पीड भी तेज रहेगी। बता दें कि इस हाईवे पर अधिकतम स्पीड 100 किमी प्रति घंटा होगी।

इस प्रोजेक्ट में आरा शहर के लिए एक रिंग रोड का एक हिस्सा भी बनेगा जिससे आरा शहर का ट्रैफिक सुगम होगा वहीं सोन नदी पर बिंदौल और कोशीहान के बीच एक नया पुल बनेगा।

### इस परियोजना को दो पैकेज में बांटा गया

इस परियोजना को दो पैकेज में विभाजित किया गया है, इसके मुताबिक पहले पैकेज में बिहार की राजधानी पटना से आरा तक 46 किलोमीटर, जबकि दूसरे में आरा से सासाराम तक 74 किलोमीटर की सड़क बनाई जाएगी

इसके बन जाने से पटना से सासाराम सहित शाहाबाद के इलाकों में आने-जाने की आसानी होगी, जीटी रोड से इसकी कनेक्टिविटी होने से पटना से बनारस और पूर्वांचल एक्सप्रेस के माध्यम से यूपी और दिल्ली का सफर भी सुहाना होगा साथ ही समय भी बचेगा।

# कचहरी परिसर शाम होते ही बन जाता है नसाखोरों का अड्डा

## ग्रामीणों ने बांस-बल्ली से मुख्य द्वार को घेरकर किया नो एंट्री का ऐलान

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) । काराकाट थाना क्षेत्र के मोथा गांव में ग्राम कचहरी परिसर शाम होते ही शराबखोरी व नसेड़ियो के अड्डे में तब्दील हो जाता है। यहां जमकर अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक रही है। यही वजह है शाम होते ही शराब की बोतलें और डिस्पोजल लेकर नसेड़ी ग्राम कचहरी परिसर में शराब पीने बैठ जाते हैं। इसका मुख्य कारण है ग्राम कचहरी में दरवाजा की न होना । जिसके वजह से परिसर में शराबी आराम से बैठकर शराब पीकर गंदगी मचाते हैं। जहां परिसर में सुबह होते ही केवल शराबियों द्वारा फैलाया गया कचरा ही दिखाई देता है। इतना ही नहीं बल्कि हर दिन गांव के युवाओं को ये कचरा साफ करना पड़ता है। इससे गांव की स्कूल बच्चे, बड़े-बुजुर्ग सहित महिलाएं और युवा बेहद परेशान हैं। मोथा गांव निवासी दिब्यांशु पाठक, विशाल कुमार, आदित्य कुमार, रवि कुमार, अनीश कुमार, पंकज कुमार, गौतम कुमार, दुर्गा कुमार बताते है की उनके गांव के वार्ड नंबर 4 में स्थित ग्राम कचहरी परिसर पूरी तरह नसेड़ियों और शराबियों की गिरफ्त में आ गया है । इसपर न तो जनप्रतिनिधियों की ध्यान है और न ही पुलिस प्रशासन की। यहां प्रतिदिन शाम होते ही शराबियों और मादक पदार्थ सेवन करने वाले लोगों की महफिल जमती हैं। जिससे गांव व आस पास के रहने वाले लोग बेहद परेशान है। सबसे मुश्किल बात यह है की ग्राम कचहरी से सटे ही मुख्य बाजार के साथ साथ रहीसी इलाका है। जहां रहने वाली महिलाएं इनके आतंक से काफी परेशान है और बाहर निकलने से भी परहेज करती है। शराबियों से प्रतिदिन किसी न किसी से झगड़ा होते ही है। गांव के युवा वर्ग के लोग जब इसका विरोध करते है तो शराबी उनसे उलझ जाते है। आरोप है की गांव के युवाओं ने इसकी शिकायत ग्राम पंचायत मुखिया से कई बार की लेकिन उन्होंने भी इसपर ध्यान नहीं दिया।

ग्राम कचहरी में दरवाजा नही होने के कारण शराबी परिसर में आराम से बैठकर शराब व मादक पदार्थ सेवन करते है। जिसका अक्रोशित लोगो ने जमकर बवाल करते हुए ग्राम कचहरी के मुख्य दरवाजा पर बास बल्ली लगाकर पूरी तरह घेर दिया। गांव के नवयुवकों ने मुहिम शुरू कर चंदा इकट्ठा कर दरवाजा लगाने की प्रयास में लगे है। बताया गया की दरवाजा न होना व सही से देख भाल नही होने के कारण कचहरी परिसर में कचड़ो की भरमार लग जाती है। जिसे गांव के युवाओं ने मिलकर साफ सफाई किया।

# पूर्वी गुमटी फुट ओभर ब्रिज निर्माण को लेकर भेजा रेल मंत्री को पत्रः राजकिशोर शर्मा

प्रातः किरण संवाददाता

आराःदो वर्ष पूर्व बिना फुट ओभर ब्रिज निर्माण किये पूर्वी गुमटी को बंद कर दिया गया था ।

जिसे दक्षिण और उत्तर आरा के जनता को यातायात मे भारी परेशानी उठानी पड़ रही है ।

उस झेत्र मे चलने वाले रोजगार बंदी के कगार है तथा उधर के ब्यवसाए भारी आर्थिक मंदी से गुजर रहा है जिनका सुध लेने वाला कोई नहीं है

जनतंत्र आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया पूर्वी गुमटी को बंद करना बहुत गलत है मगर रेलवे विभाग और जिला प्रशासन के उदासीनता अधिकारीयों के कारणे ब्रिज बनाने के पूर्व ही उसे बंद कर उधर का रोजी रोजगार ठप पड़ गया एवं घर के लोगों को आने जाने में काफी कठिनाइयों करना पड़ रहा है अगर आना पड़ता है तो पूरा घूम कर आना पड़ता है जिसको लेकर जनतंत्र आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर शर्मा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पटना मे बड़े बड़े ओभर ब्रिज है फिर भी बहुत सारा रेल रोड चल रहा है आरा सासाराम रेल खंड पर भी कई दर्जन अंडर पास बना है जो चल रहा है वही दिल्ली बम्बे जैसे शहर मे सैकड़ो अंडर पास चल रहा है

मगर आरा मंद बुद्धि रेल प्रशासन और जिला प्रशासन अति महत्वपूर्ण पश्चिम गुमटी पहले बंद के उधर के लोगो का बिकास यातायात अस्पताल स्कुल आदि जाना मुश्किल हो गया है



बचा पूर्वी गुमटी तो बिना ब्रिज बनाये ही बंद कर दिया जिसका निर्णय का मामला लोकसभा तक उठ गया मगर जमीन पर कोई काम नहीं

पूर्वी गुमटी ब्रिज छः माह मे बना कर देना था मगर दो साल हो गया नहीं बना पहले का बना फाउंडेशन फेल हो गया दूसरा मे का एक दिन होता है तो चार दिन बंद रह जाता है

इस संबंध मे जनतंत्र आवाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा ने आरा जिला पदाधिकारी रेल प्रबंधक डीएमआर दानापूर रेल मंत्री को पत्र भेजा काम मे बिलम्ब के साथ अंडर पास बनाने का मांग किया है लेकिन अधिकारिओ के कान पर जु नहीं रेग रहा है इस मामले पर 1-3-2024 को करवाई करने हेतु स्टेशन प्रबंधक आरा और जिला पदाधिकारी आरा को पत्र भेजा मगर कोई करावाई अभी तक नहीं हुआ तब थक हार कर बड़े अधिकारिओ को पत्र समर्पित किया है अगर यही स्थिति रही तो हमारी पार्टी सड़क उतरने की काम करेगी

# बीएस डीएवी की योगा टीम ने नेशनल स्पोर्टस में जीता कास्य प्रधानाचार्य नीशू जायसवाल ने दी बधाई

प्रातः किरण संवाददाता

आरा।विगत 2 से 4 दिसंबर,24 तक दिल्ली में हुए डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में शामिल होने गई बी एस डीएवी की पूरी टीम आज वापस आ गई। इस खेल प्रतियोगिता में विविध स्पधाओं में लगभग अठारह राज्यों के डीएवीयन शामिल हुए ।

इस बार बीएस डीएवी की ओर से शामिल योगा टीम ने अपना जलवा विखेरा। एक कड़े मुकाबले में प्रदर्शन करते हुए योगा टीम ने तीसरे पायदान पर रहते हुए कास्य पदक हासिल करने में सफलता पाई। डीएवी, बिहार के साथ -साथ यह भोजपुर के लिए भी गर्व का क्षण है। इस टीम में अमन, सत्यम और आर्यन ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं लड़कियों की बॉस्केट बाल टीम ने अपने पहले मुकाबले में आंध्रप्रदेश की टीम को हराया।



लड़कियो की टीम को दूसरे राउंड में पंजाब की टीम के साथ खेलते हुए 6 - 9 के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस टीम में साक्षी कुमारी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं जूडो के अलग - अलग भार वर्ग में अंकित, राजशेखर और शुभम को पंजाब तथा हरियाणा के खिलाडियों के साथ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। प्रधानाचार्या नीशू जायसवाल ने लौटकर आये सभी खिलाडियों का स्वागत किया। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सभी खिलाडियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हम अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। आजका दिन विद्यालय के लिए सुखद रहा।

# सुरक्षा व क्राइम कंट्रोल को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



प्रातः किरण संवाददाता

कच्छवाँ (रोहतास) डेहरी - पिरो मार्ग - मुख्य पथ पर स्थित कच्छवाँ थाना मोड़ पर पीएसआई शालू कुमारी और एएसआई प्रवेश कुमार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा व क्राइम कंट्रोल को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मुख्य पथ से आवागमन करने वाले बिना हेलमेट,बिना सीट बेल्ट व बिना कागजात के चलने वाले चालको को रोका गया। घंटो अभियान चलाकर बाईक व कार सवारों को बाईक चलाते समय हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों से 13000 रुपये का ऑनलाइन ई चलान के तहत जुमार्ना वसूला गया। वाहन जांच के दौरान अधिकारियों ने हेलमेट,सीट बेल्ट,जूता,ड्राइविंग लाइसेंस,प्रदुषण आदि की गहनता से जांच की। वहीं बाईक चालकों को जूता और हेलमेट के अलावे सभी कागजात लेकर चलने के लिए हिदायत भी दी। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान के क्रम में वाहन चालकों से 13000 रुपया ऑनलाइन ई चलान के तहत जुमार्ना वसूला गया। क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है,जिससे असामाजिक तत्वों में डर पैदा बना रहे। वही अभिभावकों से भी अपील किया कि नाबालिग बच्चों को बाइक या कोई और वाहन चलाने के लिए न दें। अन्यथा उन बच्चो के साथ उनके अभिभावकों पर कारवाई किया जायेगा।

# सदर अस्पताल आरा के बाह्य कक्ष परिसर के रूम नंबर 24 में किया गया फिजियोथैरेपी केंद्र का उद्घाटन




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। सदर अस्पताल आरा के बाह्य कक्ष परिसर के रूम नंबर 24 में फिजियोथैरेपी केंद्र का उद्घाटन हुआ। डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा एनसीडीओ के प्रयास एवं प्रेरणा तथा राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर यह फिजियोथैरेपी का केंद्र खोला गया, जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन भोजपुर डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। इसके बाद सदर अस्पताल के सभागार में स्क्रीन पर स्लाइड प्रेजेंटेशन के द्वारा फिजियोथैरेपी के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। जिला अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के एन सिन्हा ने कहा कि आज के युग में फिजियोथैरेपी के द्वारा चिकित्सा का महत्व काफी ज्यादा है । यह पद्धति मेडिसिन और हड्डी रोग में ही नहीं बल्कि अन्य रोगों में भी काफी कारगर सिद्ध हो रहा है ।दवा के साइड इफेक्ट को कम करने के लिए और जल्दी आराम के लिए फिजियोथेरेपी ,जोड़ और नसों के दर्द में तथा अन्य कई रोगों में कारगर सिद्ध हो रहा है । आज फिजियोथेरेपी के द्वारा फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन के साथ-साथ अन्य विद्या के लोग भी इसका प्रयोग कर रोग में फायदा पहुंचा रहे हैं ।अपने संबोधन में सिविल सर्जन भोजपुर डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि अभी सदर अस्पताल में फिजियोथैरेपी विधि से फायदा लेने वाले रोगियों की संख्या काफी बढ़ रही है और अब हर तरह के रोगी को फिजियोथेरेपी के द्वारा ठीक किया जा रहा है जोड़ के दर्द ,लकवा के साथ-साथ कैंसर में भी इस विधि से फायदा है एनसीडीओ डॉक्टर प्रवीण कुमार सिन्हा ने कहा कि अब हमारे सदर अस्पताल में फिजियोथेरेपी के हर तरह के उपकरण आ गए हैं और बहुत ही अच्छे तरीके से मरीजों को फायदा पहुंचाना जारी है ।इस विभाग के फिजियोथेरेपिस्ट लोगों ने भी अधिक से अधिक रोगियों को फायदा पहुंचाने का वादा किया ।धन्यवाद ज्ञापन डीपीएम डॉ रवि ने किया। इस सेमिनार में जिला टीकाकरण पदाधिकारी डॉ संजय कुमार श्रीवास्तव ,सीडीओ डॉ अहमद, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतीक ,डॉ राजीव कुमार भी उपस्थित थे । डीएएम अश्विनी कुमार के साथ अनेकों कर्मी भी उपस्थित थे।

# भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा धूमधाम से मनाई गई

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) ।बिक्रमगंज प्रखंड अंतर्गत घुसिया खुर्द शक्ति केंद्र पर डॉ भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह ने की।

आए हुए सभी जनता जनार्दन को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन चंद्र शाह ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए तीन नारों पर अमल करने का आग्रह किया संगठित रहो ,शिक्षित बनो, और संघर्ष करो। भारत रत्न से सम्मानित डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 ई को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। साथ ही साथ समसामयिक विषयों को भी रखा।

मुख्य अतिथि दिव्यांग संघ के सचिव राजेश गुप्ता ने संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उच्च कोटि का राजनेता बताया। पंच तीर्थ का चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूरी भूरी प्रशंसा भी की।

इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर ग्रामीण जनता के रूप में राजू पांडेय ,कुश पांडेय ,इंद्रदेव चौधरी ,दसई शर्मा, श्री भगवान पासवान ,वार्ड प्रतिनिधि चंदन पासवान, छठू राम के सुपुत्र शिव शंकर राम, संतोष गुप्ता, मुन्ना गुप्ता सहित बुथ कमेटी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे, बुद्धम शरणम गच्छामि ,धम्म शरणं गच्छामि ,संघ शरणं गच्छामि उद्घोष के साथ संपन्न हुआ।

# नवाया थानान्तर्गत बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- 01 देशी पिस्टल, 03 मैग्जीन, 08 जिन्दा कारतूस, 07 छिनतई का माबाईल एवं 02 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। एएसपी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि आरा नवादा थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि आरा नवादा थानान्तर्गत 3-4 अज्ञात अपराधकर्मी कोई गंभीर घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हुए हैं। इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के नेतृत्व में डी०आई०यू० टीम एवं थानाध्यक्ष, नवादा तथा नवादा थाना द्वारा आसूचना का सत्यापन एवं रेड छापामारी के दौरान 02 अभियुक्त को 01 देशी पिस्टल, 03 मैग्जीन, 08 जिन्दा कारतूस, 07 छिनतई का माबाईल एवं 02 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आरा नवादा थाना कांड सं0-855/24, दिनांक-08.12.2024, धारा-304 (2) बी०एन०एस० एवं 30 (ए) बिहार उत्पाद एवं मद्यनिषेध संशोधित अधिनियम 2018 तथा 25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-सूरज कुमार, पिता-स्व० बलिराम भगत, सा०-बरतीयर (कोरी), थाना-संदेश, जिला-भोजपुर। सत्यम कुमार राय, पेठ-गौतम राय, सा०- कोयल, थाना

# बीजेपी के ओबीसी मोर्चा ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि मनाई

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज । प्रखंड के अंतर्गत घुसिया खुर्द शक्ति केंद्र पर डॉ भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री नवीन चंद्र शाह ने की। आए हुए सभी जनता जनार्दन को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नवीन चंद्र शाह ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए तीन नारों पर अमल करने का आग्रह किया संगठित रहो शिक्षित बनो और संघर्ष करो। भारत रत्न से सम्मानित डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 ई को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। साथ ही साथ समसामयिक विषयों को भी रखा। मुख्य अतिथि दिव्यांग संघ के सचिव श्री राजेश गुप्ता ने संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उच्च कोटि का राजनेता बताया। पंच तीर्थ का चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूरी भूरी प्रशंसा भी की। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर ग्रामीण जनता के रूप में राजू पांडे कुश पांडे इंद्रदेव चौधरी दसई शर्मा श्री भगवान पासवान वार्ड प्रतिनिधि चंदन पासवान छठू राम जी के सुपुत्र श्री शिव शंकर राम संतोष गुप्ता मुन्ना गुप्ता बुथ कमेटी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे बुद्धम शरणम गच्छामि धम्म शरणं गच्छामि संघ शरणं गच्छामि उद्घोष के साथ संपन्न हुआ।



# समाजसेवी अमरदीप कुमार जय ने लवारिस, असहाय और लाचार इंसानो को निस्वार्थ भाव से करते हैं अंतिम संस्कार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। समाजसेवी अमरदीप कुमार जय ने लवारिस असहाय लाचार इंसानो को निस्वार्थ भाव से पारदर्शी तरिके से जीते जी अंतिम समय तक जान बचाने के उद्देश्य मात्र को लेकर मानव सेवा करने के साथ-साथ भोजपुर जिले में प्राप्त सड़े-गले क्षत-विक्षत कटे-फटे लवारिस शवो को उनके धर्मो के अनुसार सपूर्दे खाक एवं माटी-मंजिल कराने वाली आरा शहर में एकमात्र इकलौती संस्था संत रविदास जनसेवा संगठन भोजपुर एवं टीम मदर टेरेसा सेवाकर्मी भोजपुर आरा के सयुक्त तत्वाधान में 118वां अंजान अज्ञात लवारिस अधेड़ पुरूष का शव को दाह संस्कार किया गया

मृत पुरूष का शव बिहिया थाना भोजपुर के एसएचओ के पहल पर स्थानीय चौकीदार काशिनाथ यादव उर्फ प्रधान एवं लवकुश कुमार के द्वारा प्राप्त हुआ समाजिक संगठन संस्था को ।

अज्ञात हिन्दू लवारिस शव का पोस्मार्टम करवाकर पहचान हेतु नियमानुसार 72घंटे के लिए आरा सदर अस्पताल के पोस्मार्टम हाउस के शीतगृह केन्द्र में सुरक्षित रखा गया था '

अज्ञात लवारिस मानव शव का विधिवत अपना परिजन वारिस बनकर निस्वार्थ भाव से आरा गांगी श्मशान मानव मोक्ष घाट पर अंतिम क्रियाक्रम के रुप में हिन्दू रितीरिवाज के अनुसार संस्था संस्थापक महासचिव सह समाजसेवी अमरदीप कुमार जय ने 118वीं अज्ञात लवारिस शव के रूप में मुखाग्नी देकर दाह संस्कार करने का बखूबी कार्य किया। संस्था के नियमित मंथली सक्रिय संरक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव रिटायर बैंककर्मी पकड़ी आरा निवासी द्वारा किये हुये आर्थिक सहयोग के बल पर मानव मोक्ष दिलाया गया ।



दाह संस्कार कराने से पूर्व सदर अस्पताल शीतगृह केन्द्र आरा में शव को बाहर निकालकर प्लास्टिक में लपेटकर इसके बाद कफन देकर इत्र लगाकार सिविल सर्जन कार्यलय के बाहर ही संस्थापक महासचिव के कर कमलो द्वारा मृत आत्मा के शांति हेतु एक मिनट का मौन धारण कर राम नाम सत्य हैं माई सत्य हैं, गंगिया महरानी की जय आदि नारों के साथ एवं संस्था के सभी सक्रिय सेवाकर्मी एवं सेवादार सदस्यों के तरफ से पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजली अर्पित कर गांगी श्मशान घाट आरा के लिए शव को रवाना किया गया ।

दाह संस्कार के इस पुनित नेक कार्य में हौसला बढ़ाने से लेकर प्रेरणास्त्रोत के रुप में मनोबल बढ़ाकर कार्य किये रहे संस्था के मुख्य संरक्षक मिश्रीलाल वी जैन , अशोक कुमार श्रीवास्तव , समाजसेवी सह संस्थापक महासचिव अमरदीप कुमार जय , सेवादार भोला पंडित , सुरज भोत , जुगली राम , लकड़ी विक्रेता बारू पासवान आदि के साथ गांगी शमशान घाट पर सभी उपस्थित घटवार सबों का भी अज्ञात लवारिस शव को विधिवत अंतिम क्रियाक्रम कर दाह संस्कार करके मानव मोक्ष दिलाने में सक्रिय योगदान रहा।

## तीन शराब कारोबारी को 15 लीटर शराब के साथ किया गिरफ्तार

कुर्था ( अरवल) अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर अवैध शराब कारोबारी एवं शराबियों के खिलाफ चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाकर 15 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ तीन शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया बातों की जानकारी देते हुए कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अरवल एसपी राजेन्द्र कुमार भील के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं छापेमारी अभियान के तहत थाना क्षेत्र के कुर्था मुसहरी से महेश मांझी को 5 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार किया गया जबकि धमौल मुसहरी से अमरजीत कुमार को चार लीटर व धमौल मुसहरी से गणेश मांझी को 6 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई। वहीं थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से पांच शराबी को भी गिरफ्तार किया गया छापेमारी अभियान में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के अलावा कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## अरवल जिलाधिकारी से मिले कुर्था नपं के उपमुख्य पार्षद व बार्ड पार्षद

# कहा: कार्यपालक कर रहे हैं मनमानी, कार्रवाई नहीं हुई तो कार्यालय के समक्ष करेंगे आत्मदाह



प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) कार्यपालक पदाधिकारी के मनमानी करने को लेकर उपमुख्य पार्षद ब बार्ड पार्षदों ने अरवल जिलाधिकारी को मांगों का ज्ञापन सौपा जिसमें उन्होंने उल्लेख किया बिगत दिनों सामान्य कोई कि बैठक मुख्य पार्षद के अध्यक्षता में हुई जिसमें ए आई एम ऑफ पीपुल सफाई एजेंसी को 11 माह के लिए पुन स्थापना बोर्ड की सहमति से पारित किया गया एवं हमलोगों का योजना भी नाला सड़क आदि का नवनिर्माण एवं रिपेयरिंग सहमति से पारित किया गया लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी एवं मुख्य पार्षद का कहना है कि आपलोगों को मेरे निर्देश के अनुसार चलना होगा हम सामान्य बोर्ड एवं सशक्त बोर्ड व स्थाई समिति को नहीं मानते हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी एवं मुख्य पार्षद का कहना है कि आपलोगों को जहां जाना है जाइए वहीं वार्ड पार्षदों ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी महीना में 5 दिन से ज्यादा कार्यालय नहीं आती है कल दिनांक 5 दिसंबर को समय लगभग 3:00 बजे शाम को हमलोगों को पता चला कि कार्यपालक पदाधिकारी कार्यालय में आए हुए हैं पता चलने पर हमलोग कार्यपालक पदाधिकारी से मिलने के लिए गए जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी को उपमुख्य पार्षद ने कहा कि नगर विकास हेतु 10 मिनट आपसे बात करनी है।

तब उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और भाग निकली हालांकि उन्होंने कहा कि हमलोगों का फोन तक रिसीव भी नहीं करते हैं दूसरी बात उक्त कार्यालय के लेखपाल अपने घर छुट्टी में जाते हैं तो कार्यालय के उपस्थित पणजी को भी गोदरेज में बंद करके जाते हैं कार्यालय कर्मी से पूछताछ किया जाता है कि उपस्थिति रजिस्टर कहां है तो उन्होंने जवाब दिया कि यहां 5 दिन पर उपस्थित दशार्या जाता है ।

वहीं वार्ड पार्षद ने कहा कि सामान्य बोर्ड एवं सशक्त बोर्ड को देखते हुए नगरपालिका अधिनियम के तहत 2 दिसंबर को हुई बैठक में प्रोसिडिंग रजिस्टर मंगवाकर स्वयं जांच करें एवं इस प्रोसिडिंग रजिस्टर के अनुसार अगर कार्यपालक पदाधिकारी दोषी पाए गए तो उन्हें निलंबित किया जाए साथ ही इस पर कानूनी कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग सामूहिक रूप से कार्यालय के सामने आत्मदाह करने को विवश हो जाएंगे।

## जिला के प्रभारी मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना हेतु समिति का गठन

प्रातः किरण संवाददाता

गया।मंत्री पर्यटन विभाग एवं उद्योग विभाग बिहार सरकार सह गया जिला का प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गया जिले के सभी नगर निकाय क्षेत्र के समुचित विकास के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना हेतु मंत्री प्रेम कुमार, मंत्री संतोष कुमार सुमन एवं गया जिला के तमाम विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि के साथ मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के संबंध में योजनाओं के बारे में विचार विमर्श की गई है। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के सफल एवं त्वरित क्रियान्वयन हेतु योजना की प्राथमिकता का निर्धारण जिला स्तरीय संचालन समिति द्वारा किया जाना है।जिसमें अध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री होंगे।सदस्य- स्थानीय विधायक, सदस्य- जिला के सभी विधान पार्षद, सदस्य सचिव- जिला पदाधिकारी, सदस्य- पुलिस अधीक्षक, सदस्य- जिले के अवस्थित सभी नगर पालिका के नगर आयुक्त,नगर कार्यपालक पदाधिकारी सदस्य होंगे। बुडको के कार्यपालक अभियंता भी सदस्य होंगे।

जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने आगत से भी अतिथियों का बैठक में स्वागत करते हुए कहा कि शहरों के सर्वांगीण एवं त्वरित विकास हेतु एक नई योजना की परिकल्पना मुख्यमंत्री बिहार द्वारा की गई है जिसके अंतर्गत हर नगर निकाय में उन क्षेत्र की बड़ी योजनाओं को प्राथमिकता पर चयन करना जरूरी है इसके लिए योजना का क्रियान्वयन एजेंसी बुडको द्वारा किया जाना है। जिसमे विशेष कर बड़े नल का निर्माण, बड़े पथ,सड़क का निर्माण जो सीधे नेशनल हाईवे या स्टेट हाईवे से जुड़ेगी या उस क्षेत्र में बड़े पार्क का निर्माण इत्यादि शामिल है।इस योजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की शक्ति का प्रत्यय योजन एवं योजनाओं की प्राथमिकता के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय संचालन समिति का पुनरनिर्धारित किया गया है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि सड़कों के चयन करते समय पर्यटन स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों इत्यादि का विशेष ध्यान रखा जाना है। प्रस्तावक सड़क के यात्री वाहनों एवं बस टैक्सी इत्यादि के ठहराव के लिए प्रावधान रहेगा।

सड़क जाम समस्या का निराकरण करते हुए विभिन्न सड़कों पर से यातायात के बढ़ते दबाव को कम करना तथा यातायात संचालक को सुगम बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।

अपने क्षेत्र के जल जमाव की समस्या को निराकरण एवं प्रदूषण नियंत्रण पर कार्य करना होगा। नागरिक सुविधा अंतर्गत तालाब, घाट, पार्क इत्यादि का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण किया जाएगा। प्रभारी मंत्री गया जिला नीतीश मिश्रा ने सभी विधायक एवं विधान पार्षद को कहां की आप अपने नगर निकाय अंतर्गत शहरी क्षेत्र के और बेहतर सर्वांगीण विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर योजना का चयन करें जिससे उस क्षेत्र का विकास की गति और तेजी से बढ़ सके।

## संगठन को जिला से बूथ स्तर तक मजबूत करने को लेकर लोजपा की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई



प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पार्टी प्रधान कार्यालय पुलिस लाईन सिंगरा स्थान गया में पार्टी के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज पार्टी की समीक्षा बैठक बिहार के चुनाव एवं संगठन प्रभारी सांसद अरूण भारती के निर्देश पर बिहार के सह संगठन प्रभारी कुमार सौरभ सिंह , समन्वयक अभिषेक सिंह, सह समन्वयक कार्यक्रम सह युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र मुन्ना एवं पार्टी के गया जिला प्रभारी चंदन पासवान पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह के उपस्थिति में जिला संगठनात्मक समीक्षा बैठक संपन्न हुआ है।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी का संगठन जिला से लेकर बूथ स्तर पर मजबूत करना ताकि 2025 मे होने वाले विधानसभा चुनाव पार्टी का संगठन और भी सशक्त रूप से काम करे। इस बैठक में पार्टी के गया जिला के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी के साथ-साथ गया जिला के सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पार्टी के मेंन विंग के सभी प्रखंड अध्यक्ष के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ता गण एवं पार्टी के महिला प्रदेश अध्यक्ष में शोभा पासवान, कृष्णा यादव, रेणुका देवी,संसदीय बोर्ड जिला अध्यक्ष ठाकुर सुमन सिंह जिला संगठन मंत्री सुबोध सिंह पार्टी प्रधान कार्यालय प्रभारी राधा स्वामी ,जिला प्रधान महासचिव अंग्रेज पासवान, आइटी सेल जिलाअध्यक्ष अमन त्रिपाठी ,निर्भय कुमार आदि शामिल रहे हैं।

# बंगलादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा करने के लिए केन्द्र सरकार से की गई मांग

प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान के धरना स्थल पर बंगलादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आरएसएस और बीजेपी, इस्कान गया के लोग एवं कार्यकताओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई थी।इस धरना के माध्यम से संघ और भाजपा के नेताओं के द्वारा बंगलादेश में हिंदुओं, जैन और बौद्ध धर्मावलंबियों की हत्या, मंदिर में तोड़फोड़,महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया है। गया महानगर के विधायक सह बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार सहित संघ और भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल होकर विरोध जताया गया है।इस मौके पर नगर विधायक सह सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि बहुत दुखद घटना घट रही है। बांग्लादेश हो, कनाडा हो या पाकिस्तान हो लगातार मंदिर तोड़े जा रहे है, हिन्दू समाज पर हमला हो रहा है।इस्कॉन धर्म के लोगों के साथ गलत व्यवहार के साथ-साथ लोगों को जेल में बंद कर दिया जा रहा है। महिलाओं पर हमले किए जा रहे है। हत्या हो रही है, उनके संपति को लुटे जा रहा है। हिन्दू समाज के साथ जो व्यवहार किया जा रहा है। उसके विरोध में आज भारत के कोने-कोने में हिन्दू समाज को संगठित होकर धरना के माध्यम से मांग कर रहे हैं।बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि भारत सरकार अपने स्तर से बात कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगलादेश से लगातार बात कर रहे है। समाज की भी जिम्मेवारी है। समाज के लोग आज सड़कों पर आए है और इस बात को गति देने का काम कर रहे है। वैसे प्रधानमंत्री अपने स्तर पर कार्रवाई कर रहे है।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, प्रसिद्ध समाजसेवी हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पू जी, क्षितिज मोहन सिंह,मनजय सिंह, कमलेश सिंह,कोशल शर्मा, ललिता सिह,सारिका वर्मा, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन,कमलेश सिंह,हरे राम सिंह, जैनेन्द्र कुमार आदि थे।

## ईकार्ट की आपूर्ति श्रृंखला मुद्रीकरण प्रयासों ने 3 वर्षों में 8 गुना वृद्धि हासिल की

दुगार्पुर। 4पीएल आपूर्ति श्रृंखला कंपनियों में से एक ईकार्ट ने अपनी उन्नत तकनीक और परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में बदलाव जारी रखा है। ईकार्ट ने परिचालन का विस्तार करते हुए अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मुद्रीकृत करने के प्रयासों के परिणामस्वरूप पिछले तीन वर्षों में 8 गुना वृद्धि की है, जिससे ब्रांड और खुदरा विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखला आवश्यकताओं के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का उपयोग करके उपभोक्ता मांग को पूरा करने में सक्षम बनाया गया है। 6 मिलियन से अधिक शिपमेंट की दैनिक क्षमता के साथ ईकार्ट का लास्ट-माइल नेटवर्क 98% भारतीय डाक कोड तक फैला हुआ है। इन क्षमताओं ने भारत में ई-कॉमर्स ब्रांडों के लिए दूसरे दिन डिलीवरी में 30% की वृद्धि और क्षेत्रीय कवरेज में 40% विस्तार को सक्षम किया है। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी के मुद्रीकरण प्रयासों के कारण इसके ग्राहक आधार में 10 गुना (खुदरा और डी2सी ब्रांड) का विस्तार हुआ है, जबकि उद्योग में सालाना आधार पर लगभग 5-10% की वृद्धि हुई है। कंपनी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी मणि भूषण ने कहा कि ईकार्ट की क्षमताएं भारत के लॉजिस्टिक्स उद्योग की अपार संभावनाओं को दशार्ती है।

## आत्मविश्वास के साथ भावपूर्ण प्रस्तुति ही भाषण की आत्मा है: डॉ. उमा शंकर सिंह



गया।अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के हिंदी विभाग में देवी अहिल्याबाई होलकर का व्यक्तित्व- सामाजिक उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणास्रोत के रूप में विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। भाषण प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ. उमाशंकर सिंह प्राध्यापक, हिंदी विभाग ने बताया कि देवी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती के उपलक्ष में 07 दिसंबर 2024 को मगध विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई विभाग में आयोजित भाषण प्रतियोगिता हेतु महाविद्यालय स्तरीय छात्र-छात्राओं के चयन के लिए आज इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में विषय की समझ, आत्मविश्वास पूर्वक विचारों की सम्यक प्रस्तुति तथा भाषा प्रवाह व शैली आदि के आधार पर भाषण का मूल्यांकन किया जाएगा। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम कुमारी की देखरेख में इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें 30 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। प्रतिभागियों में स्नातक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी संकाय के आयुष कुमार, ज्योति चंचल, सावनी कुमारी, सुजीत, शुभम राज, नीलम, रंजन, स्वीटी, बिंदिया,सोनम कुमारी, निशा, श्रेया रंजन, अदिती आर्या, मनीषा, सपना, खुशी, मधु आदि प्रमुख थे। इस निबंध प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सिंह ने सभी सहयोगियों तथा प्रतिभागियों को कोटिशः धन्यवाद दिया है ।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीराम फाइनेंस ने राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर प्रेरक अभियान किया शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

आसनसोल। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने #साथ मिलकर हम उड़ान भरते हैं नामक एक प्रेरक नया ब्रांड अभियान शुरू किया है। यह अभियान महत्वाकांक्षी भारत के साथ साझेदारी करने के लिए श्रीराम फाइनेंस की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो कनेक्शन और एकता की शक्ति को उजागर करता है। आज कई भारतीय तो, क्या? दर्शन को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दशार्ता है। इस अभियान का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन से एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में चित्रित करना है। श्रीराम फाइनेंस में मार्केटिंग की कार्यकारी निदेशक एलिजाबेथ वेंकटरमन ने अभियान के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि सात भाषाओं में तैयार हमारा रचनात्मक दृष्टिकोण हमें देश भर में विविध दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने की अनुमति देता है।

### व्यावसायिक वर्ग की भागीदारी आज सम्मेलन में अधिक होगी: प्रकाश पटवा

प्रातः किरण संवाददाता

गया जिला जदयू व्यवसाय उद्योग प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा एवं नीरज वर्मा प्रदेश सचिव ने बताया कि 7 दिसंबर को मानपुर भूसुंडा मैदान में गया जिला के सभी प्रखंडों से व्यावसायिक वर्ग की भागीदारी अधिक होगी । व्यावसायिक वर्ग नीतीश सरकार के कल्याणकारी एवं लाभकारी योजनाओं से प्रभावित है। भारी संख्या में सम्मेलन में अपनी भूमिका निभाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष लालजी प्रसाद एवं जिला प्रवक्ता विमल रंजन ने बताया प्रखंड पंचायत एवं वार्ड से अधिक से अधिक व्यावसायिक वर्ग की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में तनुज कुमार कानू, जितेंद्र कुशवाहा, कौशिक नंदन विवेक पांडे, महेंद्र बरनवाल, दिग्विजय कुमार ,मयंक चरण पहाड़ी ,जितेंद्र कुमार ,संजय कुमार , विनोद कुमार अजीत जैन ,केदार शाह ,राम कुमार गुप्ता, राजू रजक, विनय कुमार सिंह, राकेश रोशन ,संजय गुप्ता, मृजेंद्र कुमार माधुरी, मनोज कुमार सेठ ,गौतम कुमार भारतीय प्रियदर्शी इत्यादि।

# टेक्नो फैंटम वी2 सीरीज: प्रोडक्टिविटी, क्रिएटिविटी और स्टाइल में सबसे आगे

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । टेक्नो ने फोल्डेबल स्मार्टफोन सेगमेंट में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए फैंटम वी2 सीरीज लॉन्च की है, जिसमें फैंटम वी फोल्ड 2 और फैंटम वी फ्लिप 2 शामिल हैं। यह क्राँतिकारी सीरीज उन यूजर्स के लिए बनाई गई है, जो सबसे अलग दिखना पसंद करते हैं और जो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, बेहतरीन मजबूती और स्लीक डिजाइन वाले स्मार्टफोन्स चाहते हैं। यह सीरीज कभी-भी और कहीं-भी प्रोडक्टिव तथा क्रिएटिव होने को पुनः परिभाषित करती है।फैंटम वी सीरीज के पहले संस्करण पर यूजर्स से मिली प्रतिक्रिया और सीरीज का टिकाऊपन, डिस्प्ले, बैटरी और समग्र अनुभव से संबंधित चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, फैंटम वी2 सीरीज को सबसे बेहतर बनाकर पेश किया गया है, ताकि तमाम यूजर्स की चिंताओं को खत्म किया जा सके।

फैंटम वी2 सीरीज 13 दिसंबर, 2024 से खरीदी के लिए ऑनलाइन उपलब्ध है। विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में इस फोल्डेबल फोन को सिर्फ 79999 रुपए और 34999 रुपए की बेमिसाल कीमत पर पेश किया गया है, ताकि यह ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए सुलभ हो सके।

टेक्नो की उन्नत डिजाइन और शानदार फीचर्स के साथ, फैंटम वी2 सीरीज यूजर्स के लिए प्रोडक्टिविटी बढ़ाने हेतु बनाई गई है। इसमें इंडस्ट्री-लीडिंग एयरसेल बैटरी टेक्नोलॉजी, स्लीक और हल्की डिजाइन और उन्नत एआई-पॉवर्ड टूल्स हैं, जो रोजमर्रा के अनुभवों को बेहतर बनाने का काम करते हैं। चाहे काम का बहुत प्रेशर हो, क्रिएटिविटी बढ़ाना हो, या फिर इमर्सिव मनोरंजन का आनंद लेना हो, ये दोनों ही फोन्स तेजी से काम करने वाली डिवाइसेस की माँगों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, अरिजीत तलापात्रा ने कहा, ‟अपने नए फोल्डेबल स्मार्टफोन के साथ, टेक्नो ने एक कदम आगे बढ़ते हुए मजबूती और नवाचार को परिभाषित किया है। ये डिवाइसेस सिर्फ टिकाऊ ही नहीं हैं, बल्कि ‟बोर्न टू डोमिनेट‟ भी हैं, जो यूजर्स को बेजोड़ विश्वसनीयता, अत्याधुनिक तकनीक और एक ऐसी डिजाइन प्रदान करते हैं और फोल्डेबल युग में इन्हें सबसे अलग स्थान देते हैं। फैंटम वी2 सीरीज अद्वितीय मल्टीटास्किंग, जीवंत डिस्प्ले और बैटरी लाइफ तथा स्मार्ट, स्लीक और पोर्टेबल डिजाइन के साथ आती है। हमें गर्व है कि हम एक ऐसा फोल्डेबल स्मार्टफोन पेश कर रहे हैं, जो मजबूती को फिर से परिभाषित करता है और परफॉर्मेंस व स्टाइल के मामले में नए मानक स्थापित करता है, ताकि हमारे ग्राहक प्रीमियम मोबिलिटी के युग में सबसे आगे रह सकें।‟

मजबूती के लिए किया गया डिजाइन

फैंटम वी फोल्ड 2 को लंबे समय तक चलने के लिए बनाया गया है। इसमें कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 और एयरोस्पेस-ग्रेड हिंग्स शामिल हैं, जिनका 400,000 से अधिक बार परीक्षण किया गया है। यह आपके व्यस्त जीवन के साथ बखूबी तालमेल बनाए रखता है, हर दिन मजबूत और आकर्षक बना रहता है, साथ ही हर एक टास्क के लिए तैयार रहता है।

इसी तरह, फैंटम वी फ्लिप 2 को आपके दिनभर के टास्क्स को बखूबी संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 8 के साथ, यह मजबूत और देखने में आकर्षक लगता है और प्रीमियम एहसास कराता है।

7.85 इंच की मेन स्क्रीन और 6.42 इंच के कवर डिस्प्ले के साथ, यह फोन 1 लाख रुपए से कम के फोल्डेबल फोन में सबसे बड़ा डिस्प्ले प्रदान करता है।

## सीयूएसबी परिवार ने महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब के विचारों को अपनाने का लिया संकल्प

प्रातः किरण संवाददाता



गया।भारत के संविधान के निमार्ता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की स्मृति में महापरिनिर्वाण दिवस पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिवार द्वारा श्रद्धांजलि दी गई है। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर यह आयोजन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक साल लंबे उत्सव के बैनर तले कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में मनाया गया है।जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ साथ पुष्प अर्पित के साथ की गई जिसमें वहां उपस्थित अभी शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों उन्हें नमन किया, एवं उनके द्वारा संविधान निर्माण में दी गई सहयोग के बारे में अवगत कराया गया है। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. एस. पी. श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पवन कुमार मिश्र एवं अन्य संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार, प्रो. प्रदीप कुमार दास, प्रो. किरण कुमारी, डॉ. अनंत प्रकाश नारायण, श्री मणि प्रताप, डॉ. कुमारी नीतू, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. नेहा शुक्ला, डॉ. चंदना सुबा, डॉ. प्रिय रंजन भी मौजूद थे।महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि बाबासाहेब समस्त देशवासियों के लिए ध्रुव तारे की तरह हैं जिससे हम सबको प्रेरणा मिलती है हम विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को बाबासाहेब के विचार, दर्शन एवं पद चिन्हों पर प्राप्त कर सकतें है।इस अवसर पर प्रो. संजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बाबासाहेब आंबेडकर के दिए गए मूल्यों को आत्मसात करने की जरूरत पर जोड़ दिया है वहीं प्रो. पवन कुमार मिश्रा ने बाबासाहेब को याद करते हुए कहा कि उनके दिए गए संविधान आज देश के विकास का वाहक है। प्रो. किरण कुमारी ने कहा कि बाबासाहेब हम सब के लिए एक प्रेरणा स्रोत है प्रो. अशोक कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा बाबासाहेब के न्याय की संकल्पना तभी पूर्ण मानी जाएगी जब भाईचारा, बंधुत्व एवं समतामूलक समाज का हम निर्माण कर सके। महापरिनिर्वाण दिवस का समापन प्रस्तावना वाचन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ है।

## सामाजिक समरसता दिवस व डॉ.भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनी



अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई वलीदाद के द्वारा सामाजिक समरसता दिवस एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई। जिसमें जिला संयोजक अमर कृति ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रति वर्ष बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों से शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं को जागरूक कर उन्हें आत्मसात कर सामाजिक परिवर्तन की दिशा में युवाशक्ति को जोड़ने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करती है। सामाजिक समरसता दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की देशभर में विस्तारित इकाइयों द्वारा मनाए जाने वाले वर्ष के प्रमुख कार्यक्रमों में एक है। कॉलेज अध्यक्ष अमरकांत यादव और नगर मंत्री सिंटू कुमार ने बताया कि सामाजिक समरसता से ही एक सशक्त और प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव है। जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव को समाप्त कर हम एक मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकते हैं।इस कार्यकर्म में राहुल कुमार, मोहित कुमार,पूजा कुमारी, मीनू कुमारी उपस्थिति थे

# बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर गरीबों के मसीहा थे :विकास कुमार

प्रातः किरण संवाददाता



भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अरवल प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास कुमार राम के नेतृत्व में किया गया। अरवल प्रखंड कार्यालय स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर सभी प्रमुख कार्यकर्ताओ के द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस कार्यकर्म के मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य प्रो रामकिशोर सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर भारत राष्ट्र के प्रति समर्पण और अपने समाज और सर्व समाज को भारत के स्वतंत्रता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया वहीं जब भारत की आजादी मिली तो उसमें वह कानून मंत्री के रूप में राष्ट्रीय सरकार में भी उन्होंने काम किया, और संविधान निर्मात्री सभा में प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में विश्व का अनोखा और अद्वितीय संविधान का निर्माण भारत में किया, जिसमें सभी वर्गों ,सभी धर्म, सभी लोगों को न्याय की व्यवस्था उन्होंने की और आज वह पूरे भारत में देवतुल्य पूजनीय है, वही बाबा भीमराव अंबेडकर की आज हजारों हजार अनुयायियों के द्वारा भारत के एकता अखंडता में योगदान किया जा रहा है।

जब से परम पूजनीय अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में भारत की सरकार बनी और आज पिछले 11 वर्षों से नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में भारत में सरकार भारतीय जनता पार्टी की चल रही है वह दलित समाज ,अनुसूचित जाति सहित सभी समाज के सभी कमजोर वर्गों की उत्थान के लिए संकल्पित हैं, कोई ऐसा भारत का घर नहीं बचा है जिसमें सरकार द्वारा सुविधा नहीं दी जा रही है हाल ही में आयुष्मान योजना 70 वर्ष के सभी लोगों के लिए लागू की गई हैं।

इसका लाभ भी सभी लोगों को मिल रहा है इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राम विनय शर्मा , भाजपा जिला उपाध्यक्ष भास्कर कुमार जी जिला महामंत्री चंदन कुशवाहा अति पिछड़ा के जिला संयोजक सत्येंद्र विश्वकर्मा ,अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री प्यारे मांझी ,पिंटू पासवान,सुमन रजक ,उमेश चौधरी, केशव नारायण सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## दानिका के संस्थापिका अंछी देवी के पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में दानिका परिवार के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार के माता अंछी देवी के 29वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम दानिका परिवार के कार्यालय में डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि अंछी देवी धर्म परायण एवं कर्तव्यनिष्ठ महिला थी। सामाजिक कार्यों में हमेशा संलग्न रहा करती थी ।शिक्षा के प्रति उनका विशेष लगाव था। मौके पर उपस्थित दानिका के केंद्राधीक्षक शशि देवी,अंजली सिंह,शिवांगी सिंह,नंदनी कुमारी,कुंदन कुमार,सुरेश आदि थे।

# गया कॉलेज के तीन विद्यार्थियों को बीएसएल की कंपनी ने पेड इंटर्नशिप के लिए चयनित किया

प्रातः किरण संवाददाता

गया गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को आयोजित इंटर्नशिप अभियान के अंतर्गत बोकारो स्टील सिटी की कंपनी स्काई हाइ एजुकेशनल सर्विसेज के द्वारा प्रबंधन विभाग के चार विद्यार्थियों को तीन महीने की पेड इंटर्नशिप के लिए चयनित किया गया है।चयनित विद्यार्थियों में बीबीएम की मुस्कान, शांभवी सिंह, आकाश और अक्षय कुमार शामिल हैं। इन छात्रों को इवेंट कोऑर्डिनेटर- इंटर्न की भूमिका



निभाने का अवसर प्रदान किया गया है। यह इंटर्नशिप न केवल उनकी व्यावसायिक कौशल को प्रबल बनाएगी, बल्कि उन्हें प्रबंधन के व्यावहारिक अनुभव से भी परिचित कराएगी।

इस अवसर पर प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष नारायण ने चयनित छात्रों को बधाई दी और कहा, यह विभाग के लिए गर्व का क्षण है। हमारे छात्रों की मेहनत और समर्पण के साथ-साथ उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने के हमारे प्रयास का यह परिणाम है।

स्काई हाइ एजुकेशनल सर्विसेज के डायरेक्टर प्रकाश चंद्र ने चयन प्रक्रिया के दौरान बताया कि वे गया कॉलेज के प्रबंधन के विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनकी क्षमता से बेहद प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस प्रकार के इंटर्नशिप अभियानों को भविष्य में भी जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है।विभागीय शिक्षक अमृता सिन्हा और अजीत राज सहित प्रभा शंकर दयाल ने भी चयनित छात्रों को उनके सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### शनिवार को सीआईए का मार्क्स अपलोड करने की अंतिम तिथि

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। स्नातक प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर, 2023 एवं स्नातक द्वितीय सेमेस्टर जून, 2024 के लिए सीआईए की विशेष परीक्षा का मार्क्स अद्यतन यूएमआईएस पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से रिजल्ट सुधार में विलंब हो रहा है। विश्वविद्यालय परीक्षा के समिति की बैठक में लिए गये निर्णय अनुसार सूचित किया गया था कि जो छात्र सीआईए में अनुपस्थित रहे है वो अगले सत्र में फार्म भरेंगे एवं जो छात्र सीआईए में अनुतीर्ण रहे है उनका सीआईए का विशेष परीक्षा दो दिनों में आयोजित कर एवं यूएमआईएस के पोर्टल पर आज यानी शनिवार तक मार्क्स अपलोड करें। जिससे की उनके परीक्षाफल में सुधार किया जा सके।महाविद्यालय द्वारा अब तक सीआईए का मार्क्स पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है।

### एमएड सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से होगी शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ एजुकेशन (एमएड) सेकंड सेमेस्टर जून 2024 के छात्रों की परीक्षा 12 दिसंबर से शुरू होगी। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंकर कुमार मिश्रा ने बताया कि परीक्षा 12 से शुरू होकर 17 दिसंबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को सोशियोलॉजिकल एंड फिलोसॉफिकल परसेप्टिव्स ऑफ एजुकेशन विषय की परीक्षा होगी। जबकि 13 दिसंबर को टीचर एजुकेशन इश्यूज एंड चैलेंज विषय की परीक्षा होगी। 14 दिसंबर को करिकुलम स्टडीज, 16 दिसंबर को इन्नोवेटिव टीचिंग लर्निंग विषय की परीक्षा होगी। जबकि 17 दिसंबर को डिसटेंशन की परीक्षा होगी। परीक्षा का सेंटर टीपी कॉलेज मधेपुरा बनाया गया है।

# दवा व्यवसायी हत्याकांड के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददात



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। अनुमंडल के पुरैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरसंडी से मराठी जाने वाली नहर पर मंगलवार की देर संध्या दवा व्यवसाई मु. सबुल उर्फ नसबुल (45) की हुई हत्या मामले का खुलासा हो गया है। उसकी हत्या रुपए के लेन-देन में की गई थी। पुलिस ने हत्याकांड के आरोपितों में तीन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो मोबाइल जब्त किया गया है।उदाकिशुनगंज के एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि घटना को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया था। जहां 30 घंटे के भीतर मामले का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। इस मामले में पुरैनी थाना क्षेत्र के फुलपुर वार्ड संख्या सात के श्रीकांत साह पिता सरयुग साह, अमोद कुमार साह पिता मणिकलाल साह, आलमनगर थाना क्षेत्र के फोरसाही गांव के घनश्याम साह को गिरफ्तार किया गया है। मालूम हो कि मंगलवार की देर संध्या बेखौफ बदमाशों ने ने मु. सबुल उर्फ नसबुल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद बदमाशों ने पुरैनी से कड़ामा जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क में बासुदेवपुर - कड़ामा के बीच बांसबाड़ी के समीप सड़क किनारे शव को फेंक कर फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को सुबह में मिल पाया था। जानकारी के अनुसार आलमनगर थाना क्षेत्र के बसनबाड़ा पंचायत के वार्ड संख्या नौ चकरामी बासा निवासी मु.मुस्लिम के पुत्र सबुल उर्फ मु.नसबूल पुरैनी मुख्यालय के डुमरैल चौक के समीप दवा की दुकान चलाता था। वह मंगलवार की संध्या में प्रत्येक दिन की तरह दुकान बंद कर वापस अपने घर जा रहा था। लेकिन जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो उसके स्वजनों को काफी चिंता होने लगी। रात्रि में मोबाइल के माध्यम से उसकी खोजबीन शुरू की गई। लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चल पाया। बुधवार की सुबह लगभग छह बजे पुलिस के माध्यम से सूचना दी गई की मु.सबूल का शव कड़ामा के मराठी नहर के समीप से बरामद की गई है। इसके बाद जहां उसके घर अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं घटना स्थल के आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई। बुधवार की सुबह में घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उदाकिशुनगंज अविनाश कुमार, थानाध्यक्ष राघव शरण सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटित घटना के विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि दिनांक चार दिसंबर की सुबह में मु. सबुल उर्फ नसबूल ग्राम चकरामी वासा थाना आलमनगर को अपराधकर्मियों के द्वारा रुपए की लेन-देन को लेकर पुरैनी थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कड़ामा में गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। जिसके आलोक में मृतक के पुत्र मु. राहुल आलम के शिकायत आवेदन पर पुरैनी थाना में तीन नामजद व अन्य आज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मधेपुरा द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उदाकिशुनगंज के नेतृत्व में पुनि. राघव शरण थानाध्यक्ष पुरैनी एवं अन्य का एक टीम गठित किया गया।

# डोरीगंज दवा दुकान पर किशोर की मौत के मामले में हुई प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

डोरीगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के डोरीगंज बाजार स्थित बोलबम मेडिकल स्टोर पर गुरुवार को एक किशोर की इलाज के क्रम मे मौत हो जाने के मामले मे प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है ।इस संबंध मे मृतक 10 वर्षीय सुजय कुमार के बड़े भाई मढ़ौरा थाना क्षेत्र के बहुआरा पट्टी ननफर निवासी विक्की कुमार ने स्थानीय थाने मे एक प्राथमिकी दर्ज करायी है जिसमे कहा गया है कि मै अपने भाई सुजय कुमार के साथ अपनी बहन के घर डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही आए हुए थे जहाँ मेरे भाई सुजय कुमार को अचानक बुखार एवं कान दर्द करने लगा जिसके बाद मै अपने जीजा सिद्धु कुमार के साथ सुजय को लेकर डोरीगंज बोलबम मेडिकल स्टोर पर पहुँचे तो दवा दुकान छोटेलाल चौरसिया बोले की दवा से नही होगा सुई देना पड़ेगा और उसको सुई दे दिए जिसके कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गयी ।जब हमलोग पुँछने लगे की आपने कैसा सुई दिया की मेरे भाई की मौत हो गयी जिसके बाद दुकानदार छोटेलाल चौरसिया एवं उनकी पत्नी किरण देवी बकझक करने लगे और दुकान का शटर बन्द कर दिए ।जिसके बाद हमलोगो ने थाने को सुचना दिए ।सुचना पर पहुँची पुलिस के साथ शव को लेकर थाना पर आए ।

प्राथमिकी मे छोटेलाल चौरसिया एवं उनकी पत्नी किरण देवी को अभियुक्त बनाने की माँग की गयी है।

गलत दवा देने से हुई मौत का मामला याहां कई बार हो चुकी है,लेकिन अधिकांश मामले पैसे के बल पर हो जाते थे मैनेज ।स्थानीय लोगों की माने तो बोलबम मेडिकल हाल मे ऐसे अनगिनत मामले आए होंगे जिसको दवा दुकानदार द्वारा अपने रसुख के बल पर मैनेज कर लेता था अभी एक साल पहले का ही मामला था, जिसमे चिरांद के एक युवक की मौत गलत द्वार से हो गई थी।

# एसएच 58 जाम कर एचएम के विरुद्ध छात्रों ने जताया आक्रोश

प्रातः किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा) । प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरैनी एक बार फिर विवादों के घेरे में घिर गया है। छात्र छात्राओं के द्वारा शुक्रवार को सड़क जाम कर प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार मौर्य के खिलाफ जम कर नारेबाजी कर आक्रोश जताया। वही एसएच-58 को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। छात्रों ने टायर जलाकर प्रधानाध्यापक के खिलाफ नारेबाजी की। लगभग चार घंटों तक वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से ठप रही।

विरोध कर रहे छात्रों का कहना है कि मैट्रिक व इंटर के छात्र-छात्राओं से जुड़ा है। मैट्रिक व इंटर के छात्र-छात्राओं का गुरूवार को अंतिम तिथि तक डमी एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर उन लोगों ने आक्रोशित होकर जमकर हंगामा शुरू कर दिया और एसएच 58 को जाम कर दिया। इस दौरान जहां विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को घंटों बंधक बनाए रखा।

वहीं बीआरसी में उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का घंटों तक घेराव कर जमकर नारेबाजी की। बताते चलें कि उक्त विद्यालय में 10 वीं में 359 में 353 और 12 वीं में 68 में से 62 छात्र-छात्राओं के द्वारा फार्म भराई शुल्क जमा करने व फार्म भरने के बावजूद भी अंतिम तिथि तक डमी एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर छात्र छात्राएं विद्यालय के प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार मौर्य के विरूद्ध काफी उग्र हो गए। लेकिन प्रधानाध्यापक की अनुपस्थिति में छात्र-छात्राओं का आक्रोश विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों पर भी फूटा। साथ ही इस कोप भाजन का शिकार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय कुमार को भी होना पड़ा। वही छात्रों के हंगामा को देखते हुए प्रधानाध्यापक स्कूल नहीं पहुंचे और मोबाइल ऑफ कर दिए। छात्रों ने इसकी शिकायत बीईओ विजय कुमार से की। उन्होंने विद्यालय में जाकर उक्त मामले की जांच की। लेकिन प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित रहने की वजह से उन्हें कोई खास जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई। वही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा श्री मति अंकिता दास ने आश्वासन दिया है कि फिर से ऑनलाइन साइड खोला जाएगा। वही आक्रोशित छात्र-छात्राओं से कहा कि उक्त मामले की सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी गई। दोषी पाए जाने पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वही मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, थाना अध्यक्ष राघव शरण, बीपीआरओ गौतम कुमार, अंचलाधिकारी हरिनाथ राम, डीपीओ गीता कुमारी, लिपिक दीपक कुमार, प्रखंड प्रमुख रेखा पंडित सहित हंगामा कर रहे छात्र छात्राओं को समझा बुझाकर कर शांत कराया और आश्वासन दिया।

### वेबसाइट देरी से खुलने के कारण स्नातक प्रथम सेमेस्टर का फॉर्म भरने की तिथि 10 तक बढ़ी

मधेपुरा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के वेबसाइट की गड़बड़ी के कारण स्नातक प्रथम सेमेस्टर में फॉर्म भरने से बड़ी संख्या में छात्र वंचित रह गए थे। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय ने 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक परीक्षा बिना विलंब के परीक्षा शुल्क परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि प्रकाशित की थी। लेकिन चार दिनों तक विश्वविद्यालय का वेबसाइट काम नहीं कर रहा था। जिस कारण बड़ी संख्या में छात्र फॉर्म भरने से वंचित रह गए। छात्रों की समस्याओं को देखते हुए विभिन्न छात्र संगठनों ने बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग की थी। छात्रों की मांग पर विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर दिसंबर 2024 सत्र 2024-2028 में बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। इस संबंध में बी एन एम यू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंकर कुमार मिश्रा ने बताया कि अब छात्र 6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। जबकि 11 दिसंबर को एक दिन के लिए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित कॉलेज द्वारा भरे गए फॉर्म की सूची 13 दिसंबर को विवि में जमा करेंगे।

### डीएम ने किया ईवीएम और बीवपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

मधेपुरा। प्रातः किरण। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शुक्रवार को जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह द्वारा ई वी एम/ बी वी पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक (आंतरिक) निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जानकारी ली। साथ ही सभी वेयर हाउस गेट पर लगाई गई सील की जांच की। मौके पर उन्होंने कहा कि आवश्यक है कि सुरक्षा सम्बन्धित व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगशर, सीसीटीवी आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान सील आदि की स्थिति का भौतिक निरीक्षण भी किया।

### डीएम ने आम जनता की समस्याओं को सुना, समाधान के लिए पदाधिकारी को दिया निर्देश

मधेपुरा । प्रातः किरण । जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न जगहों से आए आम जनता की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना एवं समस्या के समाधान हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीएम के अलावे विभिन्न जगहों से अपने समस्या के समाधान को लेकर आए लोग मौजूद थे।

### बेलागंज को मिलेगी मेट्रो की सौगात, गया मेट्रो परियोजना से बेलागंज को जोड़ने की विधायक ने की मांग

गया और बोधगया को जोड़ने वाली मेट्रो परियोजना, जो बोधगया-गया-चाकन्द (रसलपुर) मार्ग पर प्रस्तावित है, क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इस परियोजना की घोषणा 21 जून 2024 को की गई थी, जिससे इस क्षेत्र को बुनियादी ढांचे और परिवहन के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी। इसी कड़ी मेंबेलागंज क्षेत्र की विधायक मनोरमा देवी जी ने बिहार सरकार और यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विशेष आग्रह किया है कि बेलागंज को भी इस महत्वाकांक्षी मेट्रो परियोजना में शामिल किया जाए।

बेलागंज चाकन्द से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यह क्षेत्र धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां बाबा कोटेश्वरनाथ और माँ काली के प्राचीन मंदिर हैं, जो श्रद्धालुओं के बीच गहरी आस्था का केंद्र हैं। इसके अलावा, बराबर की पहाड़ियों में स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर भी एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। मेट्रो सेवा उपलब्ध होने से न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुविधाएं मिलेंगी।

# मीडिया समाज का आईना है, और सटीक जानकारी का माध्यम भी है : एसडीओ



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । जिला प्रशासन के सौजन्य से विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला सोनपुर के अंग्रेजी बाजार स्थित प्रशासनिक शिविर के प्रांगण में हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का अतीत -वर्तमान - भविष्य मीडिया की नजर विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया ' परिचर्चा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर आशीष कुमार एवं सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी मैडम वीडियो सोनपुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । मुख्य अतिथि एसडीओ आशीष कुमार ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, मीडिया के माध्यम से बहुत सी जानकारियां हमें मिलती है ' उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि मीडिया और सरकार के बीच कोऑर्डिनेशन होता है, और कभी नोक- झोक भी होती रहती है, मीडिया ही समाज का आईना है, समाज में हो रही गतिविधियों को भी मीडिया आईना दिखाने का काम करती है ' उन्होंने कहा कि सोनपुर मेला पर आयोजित परिचर्चा में मीडिया का स्वागत है, और आपके सुझाव को भी स्वागत होगा, जिससे मिला के बेहतरी में काम आ सके । जिला प्रशासन द्वारा आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए मीडिया कर्मियों ने कहा कि ऐतिहासिक मेला सोनपुर की पहचान भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में है, इसको को और अधिक विकसित करने के उद्देश्य से सोनपुर मेला में अतीत, वर्तमान और भविष्यः मीडिया की नजर में विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सोनपुर के वरीय पत्रकार विश्वनाथ सिंह ने अपने अनुभव का साझा करते हुए कहा कि ऐतिहासिक मेला हजारों साल से लग रहा है, 1993 में पहली बार किताब लिखा था, जो हरिहर क्षेत्र स्मृति मंजूषा के नाम से प्रकाशित हुआ है।

# राजद की कथनी और करनी में बड़ा फर्क दिख रहा है:मलिक

प्रातः किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। शुक्रवार को राज्य कार्य वाहक सीमित जन सुराज बिहार पार्टी के सदस्य मो. शाहब मलिक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि 4 दिसंबर को राजद सह विरोधी दल के नेता श्री तेजस्वी का कार्यकर्ता सह पाद यात्रा का कार्यक्रम रखा गया था तेजस्वी का यह कार्यक्रम पूरी तरह से बेनकाब करता है कि यह कभी कहते हैं कि राजद ए टू जेड की पार्टी हैं कभी कहते कि मय की पार्टी हैं इसके कथनी और करनी में बड़ा फर्क दिख रहा था इस पार्टी में नेता दलित पिछड़ा अति पिछड़ा अल्पसंख्यक बहुजन इन सब से तेजस्वी जी का मोह भंग हो गया है ।मलिक का पहला आरोप यह है कि जब मुंगेर के बिहार विधानसभा के प्रत्याशी रहे मुकेश कुमार विद्यार्थी के साथ मुंगेर जिला के बहुत कार्यकता के साथ फूल माला लेकर स्वागत के लिए गए हुए थे जब नेता का काफिला रुका लेकिन तेजस्वी यादव जी किसी भी कार्यकर्ता के हाथों से फूल नहीं लिया हद तो तब हो गई के नेता की गाड़ी का शीशा भी नीचे नहीं खुला न ही मुकेश यादव अपने घमंड में चूर हैं ।कार्यक्रम में जिस तरह से अल्पसंख्यक दलित महा दलित पिछड़ा बहुजन तमाम जिले के कार्यकर्ता का घोर अपमान किया, खासे मुसलमान नेता का पोस्टर में बैनर में फोटो नहीं होना यह राजद की मानसिकता का परिचय है ।

चुकी राजद के बड़े-बड़े नेता को पता है कि आगमी 2025 के विधानसभा चुनाव तमाम बिहार के गरीब गुरबा,दलित महा दलित पिछड़ा अति पिछड़ा बहुजन मिलकर राजद की छोड़ प्रशांत किशोर की बनाई हुई गरीब गुरबा की पार्टी जन सुराज को मजबूत करेंगे और 243 बिहार विधानसभा सीट पर लड़ रहे प्रत्याशी को जिताएंगे अखण्ड में डूबे तेजस्वी यादव को उपेक्षित जनता औकात बता देगी रही बता तो अल्पसंख्यक का तो लोक सभा के चुनाव में जिस उत्साह के साथ श्रीमती अनिता देवी को वोट किया लेकिन पार्टी के तरफ से अल्पसंख्यक को अनदेखा राजद कर रही है ।

इसका खामियाजा भुगतान ही पड़ेगा बैठक में उपस्थित अशोक पासवान ,लाल चन्द्र चौधरी ,मनोज कुमार चंद्रवंशी,राजेश कुमार राम , ललिता देवी , मौलाह मतुल्लाह ,नोमान अख्तर मोहम्मद सैफ आदि मौजूद थे।

### पूर्व मध्य रेल में महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन

- महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने मुख्यालय, हाजीपुर में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर को किया नमन



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में आज भारतीय संविधान के शिल्पकार, समाज सुधारक ‘भारत रत्न’ बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया । इस अवसर पर मुख्यालय, हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की । साथ ही, पूर्व मध्य रेल अनुसूचित जाति/जनजाति यूनियन/एशोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण ने भी डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### हत्या के सात आरोपी दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे पांच उमेश प्रसाद ने मुफस्सिल थाना कांड संख्या -11/12, एस टी आर -360/12, जी आर -120/12 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए सभी सातों अभियुक्तों को हत्या के जुर्म में दोषी करार दिया है। एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अभियुक्त अमरेन्द्र सिंह,रामध्यान सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संजय सिंह,गुडु सिंह, सकेत सिंह और निखिल सिंह सभी बालाकर्मा को आज भादंवि धारा -302/201 में दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 12/12/24 निर्धारित किया गया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक रविरंजन कुमार सिंह सिमडेगा स्थाई पता बाला कर्मा ने 18/01/12 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि जमीनी विवाद के कारण अभियुक्तों ने मेरी मां जेयमति कुंवर उर्फ देवती देवी को 18/01/12 के शाम 08 बजे चतरा ग्राम पुल के पास परती खेत में गोली मारकर हत्या कर दिया। मेरी मां रामा बांध में किराया के घर में रहती थी जरूरी काम से बाहर निकली थी तो इस वारदात का अंजाम दिया गया,इस वाद में डाक्टर, आई ओ सहित अन्य गवाही हुआ था।

# इंडियन ऑयल की टीम ने सारण के चैंचौरा गांव में आपातकालीन मॉक ड्रिल का किया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड का पाइप लाइन्स डिवीजन पूरे भारत में लगभग 19000 किलोमीटर से ज्यादा पाइपलाइन का प्रचालन एवं अनुरक्षण करता है . इन पाइप लाइन से कच्चा तेल, पेट्रोल ,डीजल एवं अन्य पेट्रोलियम पदार्थो का परिचालन देश के एक कोने से दूसरे कोने तक किया जाता है जिससे हमारे देश की ऊर्जा आवश्यकता पूरी की जाती है. इंडियन आयल पाइप लाइन्स का पटना पंप स्टेशन देश की पहली अंतर राष्ट्रीय पाइप लाइन (पटना - मोतिहारी- बैतालपुर पाइप लाइन एवम मोतिहारी अमलेखगंज पाइप लाइन ) के परिचालन में एक मुख्या किरदार निभाता है. पटना पंप स्टेशन यह सुनिश्चित करता है की हमारे परोसी देश नेपाल के पेट्रोल डीजल का आवश्यकता निरंतर पूरी होते रहे. इसी क्रम मे एवं अपने आपातकालीन स्तिथि से निपटने के प्रयास की जांच को जारी रखते हुए पटना स्टेशन के द्वारा एक आपातकालीन मौक ड्रिल का आयोजन सारण जिला के चैनचौरा में किया गया .मौक ड्रिल में उपस्थित सारण जिला प्रशाशन, पुलिस ,फायर ब्रिगेड, ग्राम के सरपंच एवं मुखिया, जिला चिकित्सा विभाग ,राष्ट्रीय आपदा मोचन बल , राज्य आपदा मोचन बल , भारत पेट्रोलियम एवं चैनचौरा एवं आस पास के ग्राम के लोगो ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिआ. मौक ड्रिल में पटना स्टेशन ने पाइप लाइन में रिसाव की आपातकाल स्तिथि से निपटने के लिए जो भी जरुरी कार्यवाही करनी होती है उसको दशार्या. इस मौके पर पटना स्टेशन के प्रभारी डीजीएम नवनीत कुमार ने ग्रामीणों को पाइप लाइन की सुरक्षा एवं इसकी महत्ता को बताया.साथ ही पाइप लाइन मे किसी आपातकाल के समय किन बातों को ध्यान मे रखना है, ये जाहीर किया। पटना ऑफिस के द्वारा ये बताया गया की कैसे समय समय पर इस तरह के आपातकालीन ड्रिल करके इंडियन ऑइल पटना ऑफिस अपनी सक्षमता की जांच करते रहते है। समय समय पर इस तरह के मौक ड्रिल एवं जागरूकता अभियान का आयोजन से पाइप लाइन की निरंतर सुरक्षा मे वृद्धि होते रहती है ।

# डॉ. बाबा साहब का योगदान सामाजिक, आर्थिक राजनीतिक क्षेत्रों में भी समानता के सिद्धांतों को स्थापित करने का प्रयास: डॉ.मनीष

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।भारतीय संविधान के निमार्ता, समाज सुधारक और अंबेडकर की 68वी महापरिनिर्वाण दिवस पुण्यतिथि पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी, डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा जिला परिषद कार्यालय के प्रांगण में आदम कद प्रतिमा पर माला पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को नमन किया इस अवसर पर डॉ. मनीष ने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन को सामाजिक समानता, दलित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष और त्याग भारत के इतिहास में एक प्रेरणास्त्रोत है ।बाबा साहब ने अपने विचारों और कर्मों से न केवल भारतीय समाज को नई दिशा दी, बल्कि यह भी दिखाया कि शिक्षा और दृढ़ संकल्प से कोई भी व्यक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि असमानता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में साहस और निरंतर प्रयास कितने महत्वपूर्ण होते हैं ।डॉ. मनीष ने कहा कि बाबा साहब का योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में भी समानता के सिद्धांतों को स्थापित करने का प्रयास किया है। उनका मानना था कि जब तक समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार नहीं मिलेंगे, तब तक स्वतंत्रता का सही अर्थ पूरा नहीं होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा बाबा साहब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। उनके आदर्श और सिद्धांत हमें जाति, धर्म और लिंग के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देते हैं। बाबा साहब ने सच्चे अर्थों में समता,स्वतंत्रता और बंधुता के विचारको जीवंत किया इस अवसर पर युवाओं से अपील की कि वे बाबा साहब के विचारों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की शिक्षाएं हमें आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं देश के ओजस्वी पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति गहरी श्रद्धा दिखाई है।

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम' 1999 और सीईआरसी (शुल्क की शर्तें व नियम) विनियम' 2019 के विनियम 86 के तहत अनुमोदन i) वर्ष 2019-24 के टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ (पारेषण शुल्क) का ट्रूइंग अप और ii) **याचिका सं.-1:** विंध्याचल-IV और रिहंद-III (1000 मेगावाट) जेनरेशन प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन सिस्टम, **याचिका सं.-2:** पश्चिमी क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर- इंटर स्टेट ट्रांसमिशन स्कीम (आईएसटीएस) भाग-बी'' के लिए वर्ष 2024-29 के टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का निर्धारण

1. उपर्युक्त ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं: (1) एमपीपीएमसीएल, जबलपुर (2) एमएसईडीसीएल, मुंबई (3) जीयूवीएनएल, वडोदरा (4) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी, (5) डीएनएचडीडीपीसीएल, सिलवासा (6) सीएसपीडीसीएल, रायपुर, (7) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. (8) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. (9) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (10) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लि. (11) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (12) जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लि. (13) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. (14) बीएसईएस यमुना पावर लि. (15) बीएसईएस राजधानी पावर लि. (16) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. (17) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (18) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लि. (19) उत्तर मध्य रेलवे (20) नई दिल्ली म्यूनिसिपल काउंसिल (21) हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड

2. टैरिफ का विवरण:

क) 2019-24 ब्लॉक — रु. लाख में

| याचिका सं. | परिसंपत्ति का विवरण | डीओसीओ/ईसीओडी | 31.03.2024 को पूरा होने की लागत | ट्रूइंग अप पर संशोधित एएफसी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| याचिका-1 | संयुक्त परिसंपत्ति | 18.12.2014 | 427189.05 | 67,556.25 | 65,514.20 | 63,851.49 | 62,597.07 | 61,514.63 |
| याचिका-2 | संयुक्त परिसंपत्ति | 06.10.2018 | 314367.27 | 42,112.49 | 42,952.11 | 43,250.73 | 43,077.50 | 42,921.85 |

ख) 2024-29 ब्लॉक — रु. लाख में

| याचिका सं. | परिसंपत्ति का विवरण | 31.03.2029 को पूरा होने की लागत | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| याचिका-1 | संयुक्त परिसंपत्ति | 427554.05 | 58,862.15 | 57,165.38 | 55,282.78 | 37,216.75 | 37,082.56 |
| याचिका-2 | संयुक्त परिसंपत्ति | 315663.58 | 42,025.53 | 41,731.21 | 41,367.40 | 41,071.20 | 40,658.29 |

3. टैरिफ के निर्धारण के लिए इस सूचना एवं प्रस्तुत आवेदन की प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergrid.in** पर प्रदान की गई है।

4. आवेदन में संलग्न टैरिफ के निर्धारण हेतु प्रस्तावों पर कोई भी सुझाव एवं आपत्तियाँ लाभार्थी समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर इसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर आवेदक को एक प्रति के साथ सचिव, केन्द्रीय विद्युत विनायमक आयोग, छठा, सातवाँ एवं आठवाँ तल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नैरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 (या अन्य पता जहाँ आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष दर्ज की जाएंगी।

स्थान: गुड़गाँव
तिथि: 6/12/2024

हस्ता/-
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
कार्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110 016
www.powergrid.in, CIN: L40101DL 1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-158/Advt-205/2024-25 Arun Sign

अंडर-19 एशिया कप

# फाइनल में पहुंचा भारत

## श्रीलंका को सेमीफाइनल में 7 विकेट पीटा



**शारजाह (एजेंसी)।** चेतन शर्मा की घातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी से अंडर-19 एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। सेमीफाइनल मैच में भारत के खिलाफ श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। हालांकि, उसका यह फैसला पूरी तरह से गलत साबित हुआ। श्रीलंका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों के आगे सिर्फ 173 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 22 गेंद शेष रहते ही मैच को अपने नाम कर लिया।

अंडर-19 एशिया कप का फाइनल मुकाबला 8 दिसंबर को दुबई में खेला जाएगा। फाइनल में टीम इंडिया की टक्कर पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच पहले सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा। ऐसे में अगर पाकिस्तान की टीम फाइनल में पहुंचती है तो टीम इंडिया टूर्नामेंट में उससे दूसरी बार टकराएगी। पहली टक्कर में टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

### सेमीफाइनल में गरजा वैभव सूर्यवंशी का बल्ला

शुरू के दो मैचों में फ्लॉप रहने के बाद सेमीफाइनल मैच में ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का बल्ला खूब गरजा। वैभव ने टीम इंडिया के लिए पारी का आगाज करते हुए वैभव ने 36 गेंद में 67 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में वैभव ने 6 चौके और 5 दमदार छक्के भी लगाए। वैभव ने आयुष महात्रे के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 91 रनों की पार्टनरशिप की। आयुष महात्रे ने 28 गेंद में 34 रनों की पारी खेली। वैभव और आयुष के आलावा टीम इंडिया के लिए बल्लेबाजी में आंद्रे सिद्धार्थ ने भी 22 रनों का योगदान दिया जबकि कप्तान मोहम्मद अमान ने भी 26 गेंद में नाबाद 25 रन बनाए। कप्तान अमान ने सिक्स लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। इस तरह भारत ने आसानी से सेमीफाइनल की बाधा को पार कर लिया।

### बॉलिंग में चेतन शर्मा ने किया कमाल

बल्लेबाजी से पहले टीम इंडिया के लिए गेंदबाजी में चेतन शर्मा ने कमाल का खेल दिखाया। चेतन शर्मा टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट तीन विकेट अपने नाम किए। अपनी इस गेंदबाजी में चेतन ने 8 ओवर डाले में जिसमें उन्होंने सिर्फ 34 रन खर्च किए। चेतन के अलावा आयुष महात्रे और किरण कोरमले ने भी दो-दो विकेट लिए। वहीं युद्ध जीत गुहा और हार्दिक राज के खाते में भी एक-एक विकेट आया।



### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

श्रीलंका अंडर-19 - पुलिंदु परेरा, डुलनिथ सिगेरा, शारुजन शनमुगनाथन (विकेटकीपर), विमथ दिनसारा, लैकविन अबेसिंघे, कविजा गामागे, वीरन चामुदिथा, विहास थेवमिका (कप्तान), प्रवीण मनीषा, न्यूटन रंजीत कुमार, मथुलन कुगाथास

भारत अंडर-19 - आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, आंद्रे सिद्दार्थ सी, मोहम्मद अमान (कप्तान), केपी कार्तिकेय, निखिल कुमार, हरवंश सिंह (विकेटकीपर), किरण चोरमाले, हार्दिक राज, चेतन शर्मा, युधाजीत गुहा

भारत-आस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट

# भारतीय टीम 180 रन पर ढेर

## मिशेल स्टार्क ने झटके 6 विकेट

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड ओवल में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में जो डे-नाइट फॉर्मेट में खेला जा रहा है, में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि के दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन भारत को पहली पारी में 180 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने 48 रन देकर 6 विकेट चटकाए जबकि स्कॉट बोलैंड और कप्तान पैट कमिंस ने 2-2 विकेट हासिल किए। भारत की तरफ से नितीश कुमार रेड्डी ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। लोकेश राहुल ने 37 जबकि शुभमन गिल ने 31 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलिया ने 1 विकेट पर 78 रन बना लिए थे। बुमराह ने उस्मान ख्वाजा का विकेट लिया।

लंच के बाद बोलैंड ने रोहित शर्मा को एलबीडब्ल्यू किया और भारतीय कप्तान की पारी को मात्र 3 रन पर समेट दिया जो मध्यमक्रम पर अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। ऋषभ पंत से उम्मीदें थी लेकिन वह भी 35 गेंदों पर मात्र 21 रन ही बना सके जिसमें 2 चौके शामिल थे। वह पेट कमिंस की गेंद पर मार्नस लाबुशाने की गेंद पर कैच आउट हुए। इसके बाद भारतीय टीम को अश्विन (22) और हर्षित राणा (0) के रूप में दो झटके लगे और दोनों विकेट स्टार्क ने झटके। नितिश राणा ने बुमराह के दूसरे छोर पर खड़े रहने पर पारी को संभाला लेकिन बुमराह (0) के कमिंस की गेंद पर कैच आउट होने के बाद राणा भी 180 पर विकेट गंवा बैठे। अंत में मोहम्मद सिराज 4 रन बनाकर नाबाद रहे।



### भारत की पहली पारी

भारत की शुरूआत खराब रही और टीम ने पहली ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा लिया। वह मिशेल स्टार्क की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। इसके बाद केएल राहुल आउट हुए जो स्टार्क की गेंद पर मैकस्वीनी के शानदार कैच के कारण पवेलियन लौट गए। उन्होंने 64 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 37 रन बनाए। स्टार्क ने तीसरा विकेट विराट कोहली का झटका जो स्टीव स्मिथ को आसान कैच देकर 7 रन पर मैदान छोड़ गए। स्कॉट बोलैंड ने भारत को चौथा बड़ा झटका लेते हुए क्रीज पर जम चुके शुभमन गिल को एलबीडब्ल्यू किया। गिल 51 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 31 रन बनाकर लौटे।

### टॉस के बाद क्या बोले कप्तान

भारतीय टीम में तीन बदलाव देखने को मिले हैं, रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल और रविचंद्रन अश्विन की वापसी हुई है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम में एक बदलाव देखने को मिला है। हेजलवुड की जगह पर बोलैंड को शामिल किया गया है।

टॉस के बाद रोहित ने कहा कि यह पिच काफी अच्छी है। पिच पर घास है लेकिन जैसे-जैसे समय बीतेगा यहां बल्लेबाजी करना आसान हो जायेगा। मैंने एक अभ्यास मैच खेला और अब मैं खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। हमारी टीम में तीन बदलाव हुए हैं। मैं, गिल और अश्विन टीम में वापस आए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि एक फ्रेश स्टार्ट करना हमेशा अच्छा होता है। हम भी पहले बल्लेबाजी ही करते। हमने पिछले कुछ दिनों में अच्छी तैयारी की है। उम्मीद है कि यहां पर हमें स्विंग मिलेगी। आज हमारी टीम में एक बदलाव है। हेजलवुड टीम में नहीं हैं। उनकी जगह पर बोलैंड को शामिल किया गया है।

## बुमराह ने महान खिलाड़ियों की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया, कपिल-जहीर के क्लब में शामिल हुए

**एडिलेड (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह ने भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ियों के साथ अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह एक कैलेंडर वर्ष में 50 या उससे अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले चौथे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को यहां पिंक-बॉल टेस्ट मैच के पहले दिन उस्मान ख्वाजा को 13 रन पर आउट करके यह उपलब्धि हासिल की।



कपिल देव एक कैलेंडर वर्ष में 50+ विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे हैं, उन्होंने यह उपलब्धि दो बार हासिल की जो 1979 में 74 विकेट और 1983 में 75 विकेट में। उनके बाद जहीर खान हैं जिन्होंने 2002 में 51 विकेट लिए थे और बुमराह 2024 में 50 विकेट तक पहुंचे। बुमराह की उपलब्धि एक अतिरिक्त विशिष्टता के साथ आती है, क्योंकि उनका वर्तमान में 15.14 का असाधारण औसत है, जो उन 16 उदाहरणों में सर्वश्रेष्ठ है, जहां भारतीय गेंदबाजों ने एक कैलेंडर वर्ष में 50+ विकेट लिए हैं। 30 वर्षीय गेंदबाज सभी प्रारूपों में भारत के गेंदबाजी आक्रमण की आधारशिला रहे हैं, जिसमें गति, सटीकता और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता शामिल है। 2024 में उनके अविश्वसनीय आंकड़े वैश्विक मंच पर भारत के प्रभुत्व में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हैं।

## मांजरेकर ने बताया कोहली के टेस्ट औसत गिराने का कारण, दूसरे टेस्ट में आउट होने के बाद खोला राज

**एडीलेड (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की ऑफ स्टंप के बाहर अपनी कमजोरी को दूर करने का तरीका नहीं तलाशने की 'जिद' के कारण उनका बल्लेबाजी औसत 50 से घटकर 48.13 पर आ गया है।



कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में पर्थ में खेले गये शुरुआती टेस्ट में शतक लगाकर खेल के पारंपरिक प्रारूप में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया था। वह हालांकि शुक्रवार को यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट में अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और सात रन पर आउट हो गए। कोहली वामहस्त तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की ऑफ स्टंप के बाहर उछाल लेती गेंद पर बल्ला अड़ा कर स्लिप में स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। कोहली के आउट होने के बाद मांजरेकर ने ट्विटर पर लिखा, 'विराट का औसत अब 48 के आसपास पहुंचने का एक महत्वपूर्ण कारण ऑफ स्टंप के बाहर की कमजोरी है। इससे भी बड़ी बात यह है कि वह इससे निपटने के लिए कोई अन्य तरीका न अपनाने की जिद पर अड़े हैं।

## रायन रिकलटन का शतक, दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका पर स्थिति मजबूत की

**कबेखा (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** रायन रिकलटन (101), कप्तान तेम्बा बवूमा (78) और काइल वेरेन (48) की जूझारू पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 269 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।



आज यहां इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 44 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए थे। टोनी डीजॉर्जी (शून्य) को दूसरे ओवर में ए फर्नांडो ने पगबाधा आउट किया। उसके बाद एडन मारक्रम (20) को लाहिरू कुमारा ने बोल्ड आउट किया।

16वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (चार) लाहिरु कुमारा का शिकार बने। इसके बाद रायन रिकलटन और कप्तान तेम्बा बवूमा ने पारी को संभाला।

## फिलिप ह्यूज और इयान रेडपैथ की याद में

### दूसरे टेस्ट में काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**एडीलेड (एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुक्रवार को पूर्व क्रिकेटरों फिलिप ह्यूज और इयान रेडपैथ की याद में भारत के खिलाफ दिन-रात्रि के दूसरे टेस्ट के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधकर खेले। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ह्यूज की 2014 में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान सिर पर गेंद लगने से मौत हो गई थी। रेडपैथ भी सलामी बल्लेबाज थे। उनका इस महीने की शुरुआत में निधन हो गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि मैच के दौरान ह्यूज की 10वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने का फैसला किया था। खेल शुरू होने से पहले एडीलेड ओवल में ह्यूज के जीवन पर एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया।



## मैच देखने 10 किलोमीटर पैदल चलते थे

### अब हॉकी इंडिया लीग में छाप छोड़ने को तैयार हैं कप्तान आमिर अली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के 20 वर्षीय कप्तान आमिर अली आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। नीलामी में टीम गोनासिका द्वारा 34 लाख रुपए में खरीदे गए आमिर का भारतीय हॉकी के शीर्ष पर पहुंचना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। लखनऊ में जन्मे और पले-बढ़े आमिर एक बाइक मैकेनिक के बेटे हैं। उन्होंने स्कूल के बाद अपने पिता की मदद करने और हॉकी के प्रति अपने जुनून को पूरा करने के लिए काम के साथ-साथ कोचिंग के बीच संतुलन बनाए रखा। पार्ट-टाइम मैकेनिक के रूप में काम करने से लेकर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करने तक का उनका सफर उनके करियर को परिभाषित करने वाली दृढ़ता और समर्पण को दर्शाता है।



अपनी यात्रा और हॉकी खिलाड़ी बनने के लिए उन्हें किस बात ने प्रेरित किया, आमिर ने बताया, अपनी किशोरावस्था के दौरान मैं अपने पिता की बाइक मैकेनिक की नौकरी से शर्मिंदगी महसूस करता था, क्योंकि मैं यह समझने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं था कि कोई भी काम छोटा नहीं है। लेकिन यह हमारे परिवार के संघर्ष ही थे, जिन्होंने मुझे हॉकी में अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। मैं अपनी वित्तीय स्थिति को बदलना चाहता था और अपने परिवार और देश को गौरवान्वित करना चाहता था। यही इच्छा हॉकी खिलाड़ी के रूप में सफल होने के लिए मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा बन गई।

उन्होंने कहा, अब, मैं हॉकी खेलकर जो भी कमाता हूं, मैं उसे अपने पिता को भेजता हूं, क्योंकि मैं नहीं चाहता कि उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना करना पड़े। मेरा लक्ष्य उन्हें हर संभव तरीके से सहायता प्रदान करना है और यह जानना कि इससे उन्हें खुशी मिलती है, यही मुझे वास्तव में संतुष्टि देता है।

उल्लेखनीय है कि आमिर एक डिफेंडर हैं और ने हाल ही में भारतीय टीम को जूनियर एशिया कप खिताब दिलाया और अब वह अपनी जीत की लय को जारी रखने के उद्देश्य से आगामी हॉकी इंडिया लीग में खेलने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, जूनियर एशिया कप जीतना मेरे लिए बहुत बड़ा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला था और मैं इस जीत की लय को लीग में भी जारी रखने के लिए तैयार हूं। एचआईएल में सीनियर खिलाड़ी अपना अनुभव लेकर आएंगे और मैं उनके साथ सीखने और प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। दिलचस्प बात यह है कि आमिर का हॉकी इंडिया लीग से जुड़ाव उनके बचपन से है। उन्होंने बताया कि कैसे एक युवा लड़के के रूप में वह अपने आदर्श मनप्रीत सिंह को लखनऊ में एचआईएल मैच खेलते देखने के लिए 10 किलोमीटर पैदल चलकर जाते थे। अब आमिर के लिए जीवन का चक्र पूरा हो गया है क्योंकि उन्होंने न केवल उसी प्रतिष्ठित लीग में अपनी जगह बनाई है बल्कि टीम गोनासिका में अपने आदर्श मनप्रीत सिंह के साथ खेलेंगे।

उन्होंने कहा, यह सोचना कि मैं कभी ॥ढ्रुमैच देखने गया था और अब मैं उनमें खेलूंगा, एक बहुत ही खास एहसास है। मेरे माता-पिता गर्व महसूस करते हैं और इससे मुझे बहुत खुशी मिलती है।

रवींद्र जडेजा जन्मदिन विशेष

# 36 साल के हुए भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 6 दिसंबर को अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं। भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माने जाते जडेजा मौजूदा पीढ़ी के सबसे बहुमुखी क्रिकेटरों में से एक हैं और यकीनन अब तक के सबसे महान क्षेत्ररक्षकों में से एक हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से जडेजा ने अब तक दो आईसीसी व्हाइट-बॉल खिताब जीते हैं। अनुभवी क्रिकेटर टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप में भारत क्रिकेट टीम के महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक हैं। साउथपॉ ने इस साल की शुरुआत में टी20ई क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। आइए इस शानदार ऑलराउंडर के कुछ रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं



**रविंद्र जडेजा के करियर की यादगार इनिंग्स-** टेस्ट में 300+ विकेट और 3000+ रन ~ रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 300+ विकेट और 3000 से अधिक रन बनाने वाले पहले बाएं हाथ के स्पिनर बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज किया है। जडेजा ने 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट के दौरान यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

### आईपीएल में संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर

आईपीएल 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मैच के दौरान सीएसके के जडेजा ने हर्षल पटेल के खिलाफ अंतिम ओवर में 37 गेंदों पर 36 रन बनाए। जडेजा ने एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी की, जब आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल ने 2011 के संस्करण में कोच्चि टस्कर्स केरल के गेंदबाज परमेश्वरन के खिलाफ 37 रन बनाए थे।

### एक पारी में 100 से अधिक रन और 5 विकेट

2022 में श्रीलंका के खिलाफ मोहाली टेस्ट के दौरान जडेजा एक पारी में शतक और पांच विकेट लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों की सूची में शामिल हो गए। जडेजा ने पहली पारी में 175 रन बनाए और भारत ने 574/8 का स्कोर किया। बाएं हाथ के स्पिनर ने 5 विकेट चटकाए और श्रीलंका की टीम 174 रन पर ढेर हो गई। जडेजा ने अगली पारी में एक बार फिर चार विकेट चटकाए और मेहमान टीम 178 रन पर ऑल आउट हो गई। श्रीलंका यह मैच एक पारी और 222 रन से हार गया।

# नामीबिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने एकता, प्रगति, जवाबदेही का भरोसा

प्रात : किरण/ एजेंसी

विंडहोक। नामीबिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने ऐतिहासिक चुनाव जीतने के बाद साउथ वेस्ट अफ्रीका पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन (एसडब्ल्यूएपीओ) पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नामीबिया की सत्तारूढ़ पार्टी एसडब्ल्यूएपीओ ने हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रपति और राष्ट्रीय चुनावों में जीत हासिल की। देश की राजधानी विंडहोक में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए, नंदी-नदैतवा ने चुनावों के महत्व को रेखांकित किया, उन्होंने उच्च मतदाता वोटिंग और नामीबियाई लोगों की शांतिपूर्ण, अनुशासित भागीदारी को देश की लोकतांत्रिक परिपक्वता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी एक ऐतिहासिक चुनाव संपन्न किया है, जिसकी विशेषता राजनीतिक सहिष्णुता, लचीलापन और लोकतंत्र के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता है।नंदी-नदैतवा ने नामीबियाई लोगों,



विशेष रूप से युवाओं के योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने एसडब्ल्यूएपीओ को शासन करने का जनादेश दिया और उन पर किए गए भरोसे का सम्मान करने की पार्टी की जिम्मेदारी को दोहराया। निर्वाचित राष्ट्रपति ने शासन के लिए अपना दृष्टिकोण शेयर किया, जिसमें समावेशिता, अखंडता और जवाबदेही पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा, जैसा कि हम अगले पांच वर्षों के लिए नामीबिया पर शासन करने के कार्य की तैयारी कर रहे हैं, मुझे एसडब्ल्यूएपीओ के नेतृत्व में सभी वर्गों, शाखाओं, जिलों और क्षेत्रों से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सभी को याद दिलाना है कि वे हमारे लोगों में एसडब्ल्यूएपीओ के प्रति प्रेम को फिर से जगाने के लिए कड़ी मेहनत करें। उनके अनुसार, एसडब्ल्यूएपीओ की ताकत नामीबिया के लोगों में निहित है और उनके विश्वास को खत्म नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, पात्र मतदाताओं में से अधिकांश युवा थे। नामीबिया के युवाओं ने अगले पांच वर्षों में देश पर शासन करने के लिए एसडब्ल्यूएपीओ पार्टी को जनादेश देने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और हम उनके आभारी हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल बेरोजगारी, असमानता और आर्थिक परिवर्तन की आवश्यकता जैसी प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने लोगों के प्रति एसडब्ल्यूएपीओ की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास की अपील करते हुए कहा, यह हमेशा की तरह व्यवसाय नहीं होने वाला है। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, मैं नामीबिया के लोगों को आश्वस्त कर रही हूं कि एसडब्ल्यूएपीओ पार्टी और मुझ पर उनका भरोसा व्यर्थ नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लंदन में पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ईसा के वाहन पर हमले की जांच बंद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा के वाहन पर हमले की जांच पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में लंदन पुलिस ने बंद कर दी है। लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग ने जस्टिस ईसा के वाहन पर हमले की शिकायत दर्ज कराई थी।एआरवाई न्यूज चैनल ने आज सूत्रों के हवाले से हमले की जांच बंद होने की खबर देते हुए बताया है कि लंदन पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए अपर्याप्त सबूत का हवाला दिया है। क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस ने कथित तौर पर मामले को अदालत में ले जाने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उपलब्ध सबूत सजा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे।पाकिस्तान उच्चायोग और लंदन शहर पुलिस दोनों के सूत्रों ने पुष्टि की कि अभियोजन की मजबूती को पूरा करने के लिए पर्याप्त सबूतों की कमी के कारण मामला बंद कर दिया गया है। आरोप है कि पीटीआई कार्यकर्ताओं ने लंदन में पूर्व मुख्य न्यायाधीश के वाहन को रोककर उसकी खिड़कियां तोड़ने की कोशिश की थी। उन्होंने काजी ईसा की कार को देखकर नारे लगाए और उसके साथ-साथ दौड़े थे। संघीय सरकार के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने लंदन में पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की कार पर हुए हमले की कड़ी निंदा की थी।

### पाकिस्तान से संबंध बेहतर करने में जुटा रूस, दोनों देश नई रेल लाइन से जुड़ने को तैयार

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान और रूस के बीच रिश्ते बीते कुछ समय से बेहतर हो रहे हैं। अब दोनों देश सीधी रेलवे लाइन से जुड़ने की योजना बना रहे हैं। पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री अवैस अहमद खान लेघारी ने बताया है कि रूस और पाकिस्तान को नई मालगाड़ी लाइन से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवा शुरू करने पर बात हो रही है, जिस पर जल्द ही फैसला होगा है। दोनों देशों का बेहतर होता रिश्ता इसलिए ध्यान खींच रहा है, क्योंकि रूस ऐतिहासिक रूप से भारत का दोस्त रहा है लेकिन बीते कुछ समय में पाकिस्तान से अपने संबंधों को सुधार रहा है। पाकिस्तान के रूस में राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली नेइस साल खांटी-मानसीस्क में हुए अंतरराष्ट्रीय आईटी फोरम में आईएनएसटीसी (इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर) में शामिल होने की इच्छा जाहिर की थी।

# विद्रोही बलों से गंवाए क्षेत्र वापिस लेने को सेना रहे तैयार: सीरियाई रक्षा मंत्री

**समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अली महमूद अब्बास ने गुरुवार रात को विद्रोही समूहों के खिलाफ चल रही लड़ाई पर एक बयान दिया। अब्बास ने कहा, हमने सबसे चरमपंथी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ भयंकर और निरंतर लड़ाई लड़ी है, जो गुरिल्ला रणनीति अपनाते हैं। इसके लिए हमारे सशस्त्र बलों को उचित रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें आगे बढ़ना, पीछे हटना और फिर से तैनात होना शामिल है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी



दमिश्क। सीरिया के रक्षा मंत्री ने विद्रोही बलों से खोए हुए क्षेत्रों को वापस लेने के लिए सेना को तैयार रहने को कहा है।उन्होंने केंद्रीय शहर हामा से सेना की वापसी को एक रणनीति बताया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अली महमूद अब्बास ने गुरुवार रात को विद्रोही समूहों के खिलाफ चल रही लड़ाई पर एक बयान दिया।

अब्बास ने कहा, हमने सबसे चरमपंथी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ भयंकर और निरंतर लड़ाई लड़ी है, जो गुरिल्ला रणनीति अपनाते हैं। इसके लिए हमारे सशस्त्र बलों को उचित रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें आगे बढ़ना, पीछे हटना और फिर से तैनात होना शामिल है। मंत्री ने वर्तमान स्थिति को ह्यअच्छाह्न बताया। इसमें कहा गया कि हामा के बाहर हाल ही में बलों की फिर से तैनाती नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक रणनीतिक उपाय था। उन्होंने आश्वासन दिया, ह्ययह एक अस्थायी उपाय है। हमारे बल हामा के बाहरी इलाकों में बने हुए हैं, अपने राष्ट्रीय और संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दोहराया कि सेना की कार्रवाई लंबे समय तक स्थिरता सुनिश्चित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा थी। अब्बास ने विद्रोही समूहों पर सेना की वापसी के दौरान अराजकता पैदा करने के उद्देश्य से गलत सूचना फैलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने निवासियों से आधिकारिक चैनलों के माध्यम से प्रसारित जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की। मंत्री ने मौजूदा चुनौतियों से पार पाने की सीरिया की क्षमता पर भी भरोसा जताया।उन्होंने कहा, हमारी सेना, नागरिकों, नेतृत्व समेत हमारे सहयोगियों और मित्रों के समर्थन से, सीरिया किसी भी कठिनाई को पार करने में सक्षम है, चाहे वह कितनी भी गंभीर क्यों न हो।

मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सीरियाई सरकारी बलों को उत्तरी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में कई मोर्चों पर हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले विद्रोही समूहों द्वारा हमलों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार तक, जब सेना ने हमा से वापसी की घोषणा की और शहर के बाहर अपने बलों को फिर से तैनात किया था, तब तक विद्रोही बलों ने अलेप्पो और हमा जैसे प्रमुख शहरों पर कब्जा कर लिया था।

# भूकंप के तेज झटकों से दहला कैलिफोर्निया, तीव्रता 7.0

प्रात : किरण/ एजेंसी

लॉस एंजेलस। उत्तरी कैलिफोर्निया के कुछ हिस्सों में 7.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद अस्थायी रूप से सुनामी की चेतावनी जारी करनी पड़ी। उत्तरी कैलिफोर्निया और सैन फ्रांसिस्को खाड़ी के कुछ तटीय क्षेत्रों को खाली भी कराना पड़ा।

युनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के मुताबिक नॉर्दर्न कैलिफोर्निया के तटीय क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.0 दर्ज की गई। भूकंप के यह झटके स्थानीय समय के अनुसार गुरुवार की सुबह 10.44 बजे महसूस किए गए हैं। शुरूआत में इसकी तीव्रता 6.6 बताई गई लेकिन बाद में इसे अपग्रेड कर 7.0 बताया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, भूकंप का केंद्र 0.6 किलोमीटर की गहराई पर था।

ये उत्तरी कैलिफोर्निया के हम्बोल्ट काउंटी के 1,000 से अधिक की आबादी वाले शहर फर्नडेल से लगभग 100 किमी उत्तर-पश्चिम में के एक तटीय क्षेत्र में आया। भूकंप आने के कुछ ही मिनटों बाद यूएस नेशनल





वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) द्वारा कैलिफोर्निया के 5.3 मिलियन लोगों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया जो मामूली नुकसान को लेकर सतर्क करता है। हालांकि बाद में इसे वापस भी ले लिया गया।भूकंप के झटकों का असर सैन फ्रांसिस्को तक भी पहुंचा। जिसकी वजह से (सैन फ्रांसिस्को बे एरिया) सैन फ्रांसिस्को और ऑकलैंड को जोड़ने वाली पानी के नीचे की सुरंग के माध्यम से गुजरने वाली सभी पारागमन सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया गया।

इसके अतिरिक्त, नॉर्दन कैलिफोर्निया के निवासियों ने बताया कि उन्होंने भूकंप के तेज झटके महसूस किए। बारह से ज्यादा बार झटके महसूस किए गए। फिलहाल किसी के हताहत होने या किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं आई है।

# दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों से निपटने में जनता की भागीदारी के लिए की अपील

प्रात : किरण/ एजेंसी

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति पॉल माशातिले ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने देश के लोगों से संदिग्ध खाद्य पदार्थ-हैंडलिंग की शिकायत सक्षम अधिकारियों से करने की भी बात कही है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने देश की विधायी राजधानी केपटाउन में संसद की नेशनल असेंबली में मौखिक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान यह अपील की। ऐसा देश भर में हाल ही में हुई छात्रों की मौतों के पीछे दूषित भोजन को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच किया गया।माशातिले ने इन मामलों के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए नेशनल असेंबली में कहा, सरकार के रूप में हम उन गैर-जिम्मेदाराना कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिनके कारण हाल ही में प्रदूषित खाद्य पदार्थों के कारण लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इसे रोकने के लिए जरूरी कानूनी कदमों को लेकर





भी बताया। इसमें कानूनी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी दुकानों और खाद्य-हैंडलिंग सुविधाओं को 21 दिनों के भीतर नगर पालिकाओं के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य करना शामिल है। माशातिले ने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल कानूनी अनुपालन को लागू करेगी और इन व्यवसायों को व्यापक आर्थिक ढांचे में एकीकृत करके टाउनशिप की अर्थव्यवस्थाओं को ऊपर उठाएगी। उन्होंने कहा, हमें न केवल कानूनी ढांचा प्रदान करना चाहिए, बल्कि सार्थक समर्थन भी प्रदान करना चाहिए। इस प्रयास को बढ़ावा देने के लिए, माशातिले ने बताया कि लघु व्यवसाय विकास विभाग ने छोटे व्यवसायों को स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों का पालन करने में सहायता करने के लिए उपाय शुरू किए हैं। इसके अतिरिक्त, अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद टाउनशिप और ग्रामीण क्षेत्रों में दक्षिण अफ्रीकी स्वामित्व वाले व्यवसायों को सहायता देने के लिए 500 मिलियन रैंड (लगभग 27.7 मिलियन डॉलर) का संयुक्त कोष स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, हम राष्ट्रीय संयुक्त संचालन और खुफिया संरचना के माध्यम से खाद्य जनित घटनाओं और अपंजीकृत स्पाजा दुकानों से निपट रहे हैं, जो एक बहु-क्षेत्रीय हस्तक्षेप योजना है। इस बीच, उप राष्ट्रपति ने जन भागीदारी के महत्व पर बल दिया और नागरिकों को संदिग्ध खाद्य पदार्थ-हैंडलिंग गतिविधियों, विशेष रूप से अपंजीकृत दुकानों या नकली सामानों की बिक्री की सूचना स्थानीय प्राधिकारियों को देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बांग्लादेश के सुनामगंज में हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों पर हमला

प्रात : किरण/ एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश में सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के बाद चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। दुनियाभर में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जुल्म-ओ-सितम की तीखी आलोचना हो रही है। इस सबके बीच सुनामगंज में चिंताजनक घटना सामने आई है। यहां फेसबुक पोस्ट के बाद हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले के बाद तनाव बढ़ गया है।ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, 21 वर्षीय हिंदू युवक आकाश दास की फेसबुक पोस्ट पर जारी एक तस्वीर से दूसरे समुदाय के लोग भड़क गए। नफरत की आंधी ने मंगलवार रात सुनामगंज के दोवाराबाजार उपजिला के सुदूरवर्ती गांव मंगलारगांव में कोहराम मचाया। हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों पर जमकर तोड़फोड़ की गई। दोवाराबाजार पुलिस स्टेशन के प्रभारी जाहिदुल हक ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भीड़ के गुस्से को देखते हुए आकाश को हिरासत में ले लिया गया। स्थानीय नेताओं और धार्मिक प्रतिनिधियों के समर्थन से सेना के जवानों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया गया।उपद्रवियों ने मंगलारगांव के लोकनाथ मंदिर को भी नहीं छोड़ा।

बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

वर्ष 1949 से प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को पूरे भारत में देश की सुरक्षा में लगे वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता, श्रद्धा और सम्मान प्रकट करते हुए उनके कल्याण की कामना करने हेतु 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' मनाया जाता है।

भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए बिहार सरकार द्वारा गठित सैनिक कल्याण निदेशालय कार्यरत है। भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए जो कदम उठाये जाते हैं, उससे उनका मनोबल बनाये रखने के साथ–साथ युवा वर्ग को सशस्त्र सेना की सेवाओं में भर्ती होने के लिए प्रेरणा भी मिलती है। सेवानिवृत्ति के पश्चात् या युद्ध में दिव्यांग एवं शहीद होने वाले जवानों के परिजनों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से **''बिहार स्टेट एक्स–सर्विसमेन बेनेवोलेण्ट फंड''** की स्थापना की गई है।

आप सभी से मेरा अनुरोध है कि 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर **''बिहार स्टेट एक्स–सर्विसमेन बेनेवोलेण्ट फंड''** में उदारतापूर्वक अपना अंशदान दें। आपका अंशदान भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का मनोबल ऊँचा रखने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

जय भारत। जय जवान।

**(नीतीश कुमार)**

PR No.-014015 (Home)D. 2024-25



सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

'सशस्त्र सेना झंडा दिवस'
(07 दिसम्बर, 2024)

संदेश

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

07 दिसम्बर, 2024 को **''सशस्त्र सेना झंडा दिवस''** के शुभ अवसर पर सशस्त्र सेना के सभी पदाधिकारियों एवं जवानों को मेरी हार्दिक बधाई।

**''सशस्त्र सेना झंडा दिवस''** का उद्देश्य अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए कार्य करनेवाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान प्रदर्शित करना तथा वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिजनों एवं सैनिकों के कल्याणार्थ राशि एकत्र करना है। सेवानिवृत्ति के बाद या युद्ध में दिव्यांग हो गए जवानों को तथा शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों के परिजनों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से **''बिहार स्टेट एक्स–सर्विसमेन बेनेवोलेन्ट फंड''** की स्थापना की गई है।

देश की रक्षा करने वाले सैनिकों और उनके परिजनों की मदद करना हमारा नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर दी गयी सहायता राष्ट्र के प्रति हमारी निष्ठा और देशभक्ति का परिचायक होगी।

मेरा आवाहन है कि **'सशस्त्र सेना झंडा दिवस'** के अवसर पर **'बिहार स्टेट एक्स–सर्विसमेन बेनेवोलेन्ट फंड' (BIHAR STATE EX-SERVICEMEN BENEVOLENT FUND)** में हमसब उदारतापूर्वक अपना अंशदान दें।

जय हिन्द।

**(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)**

PR No.-013928 (Home)D. 2024-25

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555